खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 25°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 29 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 197 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




यूपी में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने योगी

पेज 2



19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

खेल टाइम्स



संवादहीन संसद में सहमा लोकतंत्र और सत्ता का एकालाप

सम्पादकीय



मोहम्मद यूनुस ने भारतीय डाक्टरों को दिया धन्यवाद

पेज़ 12

## IIT खड़गपुर में चार छात्रों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने स्वत: संज्ञान लेते हुए किया सवाल
- क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में खड़गपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में गत जनवरी से चार विद्यार्थियों की कथित आत्महत्या के मामले में सोमवार को गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? इस साल जनवरी से आईआईटी खड़गपुर परिसर में यह चौथा ऐसा मामला था।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की आत्महत्या से संबंधित स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए ये उन संस्थानों से पूछा कि क्या उन्होंने इस गंभीर मुद्दे पर विचार किया है? आईआईटी खड़गपुर की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में 10 सदस्यीय समिति और एक परामर्श केंद्र का गठन किया गया है। इस तरह से वह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे छात्रों की पहचान कर रहे हैं। एक फ़ोन नंबर दिया गया है जिस पर कभी भी कॉल कर मदद ली जा सकती है। पीठ के समक्ष आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय के वकीलों ने बताया कि दोनों घटनाओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इन तथ्यों से अवगत होने के बाद अदालत ने कहा कि वह आगे कोई टिप्पणी नहीं करेगी और स्पष्ट किया कि मामले में जांच जारी रह सकती है। पीठ ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि जहां तक शारदा विश्वविद्यालय में हुई घटना का सवाल है, मृतक के पिता की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और जांच जारी है। इसे कानून के अनुसार आगे बढ़ने दें।




### बिहार की मतदाता सूची प्रारूप के प्रकाशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद आगामी एक अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप को प्रकाशित करने से रोकने से इन्कार कर दिया और साथ ही यह भी कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में यदि कोई वैधता संबंधी कोई खामी पाई जाती है, तो वह उसे रद्द कर सकती है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि वैधता संबंधी कोई उल्लंघन पाया गया, तो अदालत पूरी प्रक्रिया को रद्द कर सकती है।

## हापुड़ में गैंगस्टर डबलू यादव ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हापुड़।** उप्र पुलिस की एसटीएफ ने हापुड़ जिले के सिंभावली इलाके में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मोस्ट वांटेड गैंगस्टर डबलू यादव को मार गिराया।

एसटीएफ की नोएडा इकाई ने बिहार पुलिस और हापुड़ पुलिस के सहयोग से सोमवार तड़के इस मुठभेड़ को अंजाम तक पहुंचाया। बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल निवासी डबलू यादव को मुठभेड़ के दौरान सीने में गोली लगी। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यादव एक कुख्यात अपराधी था और बिहार में एक चर्चित हत्याकांड सहित कई गंभीर मामलों का मुख्य आरोपी था। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था।

### राज्यसभा में गतिरोध जारी, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर राज्यसभा में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध सोमवार को भी दूर नहीं हो सका और विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले बारह बजे, फिर दो बजे और अंतत: दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। मानसून सत्र का पहला सप्ताह विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे सप्ताह के पहले दिन भी कोई विधाई कामकाज नहीं हो सका। पहले सप्ताह में केवल एक विधेयक विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित हो सका था। बारह बजे के स्थगन के बाद दो बजे जब सदन की कार्यवाही पुन: शुरू हुई तो पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल को समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक 2025 पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा।

### ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में कांग्रेस के वक्ताओं में थरूर का नाम शामिल नहीं

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस सांसद शशि थरूर अपनी पार्टी से अलग-थलग नज़र आ रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक श्री थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर कांग्रेस को साफ-साफ कह दिया है कि वह इस मसले पर वही बात कहेंगे, जो कहते आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने थरूर से बहस में शामिल होने के लिए कहा था जिस पर उन्होंने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार की आलोचना करने वाली पार्टी लाइन का पालन नहीं कर सकते। उनसे जब संसद परिसर में पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल किया, तो उन्होंने इस पर कोई जवाब देने की बजाय सिर्फ कहा 'मौन व्रत'।

### राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, आठ जिलों में स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर राजस्थान में एक्टिव है। इसके चलते मौसम विभाग ने राजस्थान के 14 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ 8 जिलों झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, धौलपुर और अजमेर में स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। बिहार के पटना में रविवार पूरी रात हुई बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। पटना जंक्शन पर रेल ट्रैक डूब गया है।


### उपग्रह निसार का प्रक्षेपण कल

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। 2,400 किग्रा वज़न के इस उपग्रह को इसरो के जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ 16 (जीएसएलवी-एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

# राजनाथ का दावा: किसी दबाव में नहीं रुका 'ऑपरेशन सिंदूर'

## कहा: परीक्षा में पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं, बल्कि परीक्षाफल पर फोकस जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय से कर लिए गए थे हासिल

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोकने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि इस ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिए गए थे और इसे किसी के दबाव में नहीं रोका गया।

श्री सिंह ने सोमवार को सदन में 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दुनिया ने देखा और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि हमने किसी के दबाव में आकर इसे नहीं रोका, बल्कि हमने दुश्मन के हर मंसूबे पर पानी फेरा है। हमारा मकसद युद्ध छेड़ना नहीं, बल्कि हमें आतंकवादियों के ढांचों को नेस्तनाबूद -**शेष पृष्ठ दो पर**

### लोकसभा में जयशंकर की दो टूक

#### 22 अप्रैल से 17 जून तक पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच कोई बातचीत नहीं हुई



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम के बाद भारत का रुख आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस), आत्मरक्षा का अधिकार का है। विदेश मंत्री ने लोकसभा में बोलते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की कूटनीतिक रणनीति का जिक्र किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तथ्य रखे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की।

### पहलगाम हमले व ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्य सामने लाएं: विपक्ष



**नई दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर शुरू हुई चर्चा के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्यों को सदन में रखे जाने की मांग की। कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार को पहलगाम हमले को लेकर पूरी सच्चाई देश के सामने लानी चाहिए और कांग्रेस सच्चाई के साथ है, लोकतंत्र के साथ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित तभी तथ्य संसद में रखे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान के साथ युद्ध में रफाल लड़ाकू विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसकी जानकारी देश को देनी चाहिए। ये अरबों रुपये की कीमत के विमान हैं और भारत के पास सिर्फ 35 रफाल विमान हैं, ऐसे में इनकी जानकारी दिया जाना बहुत जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय सिर्फ सैन्य बलों को मिलेगा, इसकी सफलता का श्रेय कोई और नहीं ले सकता।

## जस्टिस वर्मा से सुप्रीम कोर्ट में सवाल-जवाब शुरू



- पूछा: आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी
- अगली सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नकदी बरामद होने के आरोपों का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से सोमवार को पूछा कि संबंधित न्यायिक आंतरिक जांच समिति द्वारा अपनी जांच पूरी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का इंतज़ार क्यों किया?

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके अधिवक्ता से पूछा कि उन्होंने आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी और अगर यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत था, तो उन्होंने इसके अधिकार क्षेत्र को क्यों स्वीकार किया। पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से सवाल किया कि जब समिति गठित की गई थी तब आपने चुनौती क्यों नहीं दी? आपने इंतज़ार क्यों किया? न्यायाधीश पहले भी इन कार्यवाहियों में शामिल होने से बचते रहे हैं। पीठ ने उनसे पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि आंतरिक जांच रिपोर्ट केवल एक तथ्य-खोज दस्तावेज़ है, न कि साक्ष्य और वह इससे कैसे असंतुष्ट हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत जांच में मुद्दे की पड़ताल करने और शपथ के तहत साक्ष्य लेने की व्यापक शक्तियां हैं। अदालत ने यह भी बताया कि शीर्ष न्यायालय के निर्णयों ने आंतरिक प्रक्रिया की पवित्रता को बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई बुधवार को करेगी।

## मप्र के मंत्री विजय शाह की नीयत पर कोर्ट को संदेह

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 13 अगस्त तक जांच रिपोर्ट दे एसआईटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई है।


कारण है कि उन्होंने भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अब तक उसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी। कोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का व्यवहार संदेह पैदा करता है कि क्या उन्होंने जानबूझकर यह टिप्पणी की थी और अब माफी न मांगकर अपनी गलती नहीं मान रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे मंत्री की नीयत और ईमानदारी पर सवाल उठते हैं। जांच कर रही एसआईटी को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वह 13 अगस्त तक जांच पूरी करे।

### CBI ने महुआ के खिलाफ लोकपाल को जांच रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की कैश फॉर क्वेरी मामले में एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई ने उनके खिलाफ लोकपाल को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर लोकपाल तय करेगा कि टीएमसी सांसद पर आगे क्या कार्रवाई करनी है। महुआ पर उनके पूर्व प्रेमी और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने 14 अक्टूबर, 2023 को संसद में सवाल पूछने के बदले घूस लेने के आरोप में सीबीआई में केस दर्ज कराया था।

## कुत्तों के काटने से मौत पर शीर्ष अदालत ने लिया स्वत: संज्ञान

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की आ रही खबरें
- मीडिया रिपोर्ट को बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक बताया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कुत्तों के काटने से छह साल की एक बच्ची की असामयिक मृत्यु से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का सोमवार को 'स्वत: संज्ञान' लिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री से कहा कि वह इस मामले को जनहित में स्वत: संज्ञान याचिका के रूप में दर्ज करें।

पीठ ने कहा कि इस आदेश को उचित आदेश के लिए समाचार रिपोर्ट के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए। पीठ ने इस मीडिया रिपोर्ट को 'बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक' बताते हुए कहा कि शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की खबरें आ रही हैं। कुत्तों के काटने से रेबीज हो रहा है। आमतौर पर बच्चे और बुजुर्ग इसके शिकार हो रहे हैं। कुत्तों के काटने से संबंधित यह खबर राष्ट्रीय राजधानी की है। कथित तौर पर एक पागल आवारा कुत्ते के काटने से छह साल की बच्ची की मौत हो गई थी। पीठ ने कहा कि इस समाचार में कुछ चिंताजनक और विचलित करने वाले आंकड़े और तथ्य हैं। शीर्ष न्यायालय ने गत 15 जुलाई को नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक अलग याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से पूछा था कि आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं खिलाते?

### सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की नई ओबीसी सूची पर रोक लगाने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य में ओबीसी की नई सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने प.बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि इस मामले में यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है। पीठ ने यह कहते हुए कि आरक्षण कार्यपालिका की कार्यप्रणाली का एक हिस्सा है।

## पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड समेत तीन आतंकी मारे गए

श्रीनगर, वार्ता

- ऑपरेशन महादेव के दौरान मिली सेना को सफलता

**जम्मू-कश्मीर में** श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचीगाम में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकियों में एक आतंकी पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन का कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के दाचीगाम इलाके की ओर बढ़ने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। सेना ने इसे 'ऑपरेशन महादेव' नाम दिया था। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच चली गोलीबारी में तीन आतंकवादी ढेर हो गए। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी आतंकवादी सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा है, जो गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का कथित मास्टरमाइंड था। पहलगाम हमले में एक स्थानीय निवासी और 25 पर्यटक मारे गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर राजनीति से ऊपर उठ कर हो चर्चा: माया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सोमवार से शुरू होने वाली चर्चा में सत्ता और विपक्ष दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सार्थक चर्चा करें तो ही यह देश हित में होगा। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में आज से शुरू होने वाली चर्चा को, सत्ता व विपक्ष को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लेना चाहिए, ताकि आगे महिलाओं का सिंदूर ना उजड़े तथा मां को भी अपने बेटे गंवाने ना पड़े इस पर सरकार एवं विपक्ष को मिलकर ठोस रणनीति के तहत कार्य करना चाहिए। यही समय की मांग भी है। गौरतलब है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनडीए को घेरने की तैयारी में है।

### धार्मिक आजादी के हनन पर चुप नहीं रहेंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में दो ननों के साथ हुआ व्यवहार अत्यंत निंदनीय है और कांग्रेस धार्मिक आजादी के हनन की ऐसी घटनाओं को सहन नहीं करेगी। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि छत्तीसगढ़ में दो कैथोलिक ननों को उनकी आस्था के कारण निशाना बनाकर जेल भेज दिया गया। यह न्याय नहीं बल्कि भाजपा- आरएसएस का गुंडाराज है। यह एक खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है और इस शासन में अल्पसंख्यकों का व्यवस्थित उत्पीड़न है। उन्होंने कहा कि यूडीएफ सांसदों ने आज संसद में विरोध प्रदर्शन किया। हम चुप नहीं बैठेंगे। धार्मिक स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है।

# विद्युत कर्मचारी के वेश में अराजक तत्व भी शामिल: एके शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने सोमवार को कहा कि निजीकरण के विरोध करने की आड़ में उनको झुकाने की चाहत लिए विद्युत कर्मचारी नेताओं के वेश में कुछ अराजक तत्व भी शामिल हैं, जिनकी मंशा पूरी होने वाली नहीं हैं।

शर्मा ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा- कुछ विद्युत कर्मचारी नेता काफ़ी दिनों से परेशान घूम रहे हैं, क्योंकि उनके सामने ऊर्जा मंत्री झुकते नहीं हैं। ए वही लोग हैं जिनकी वजह से बिजली विभाग बदनाम हो रहा है। ज्यादातर विद्युत अधिकारियों और कर्मियों के दिन-रात की मेहनत-पुरुषार्थ पर ए लोग पानी फेर रहे हैं। फेसबुक पोस्ट पर यह भी लिखा है- एके शर्मा के तीन वर्ष के कार्यकाल में ए लोग चार बार हड़ताल कर चुके हैं। पहली हड़ताल तो उनके मंत्री बनने के तीन दिन बाद ही होने वाली थी।

अंततः बाहर से प्रेरित हड़ताल पर हड़ताल की इनकी श्रृंखला पर हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। अन्य विभागों में हड़ताल क्यों नहीं हो रही। वहां यूनियन नहीं हैं क्या। वहां समस्या या मुद्दे नहीं हैं क्या। सोशल मीडिया पर शेयर की गई पोस्ट में यह भी कहा गया है कि इन लोगों द्वारा ली गई सुपारी के तहत ही कुछ दिन पहले ये अराजक तत्व ऊर्जा मंत्री के सरकारी निवास पर आकर निजीकरण के विरोध के नाम पर छह घंटे तक अनेक प्रकार की अभद्रता किए और उनके और परिवार के विरुद्ध असभ्य भाषा का प्रयोग किए और एके शर्मा ऐसे हैं कि इन्हें मिठाई खिलाए और पानी पिलाए तथा मिलने के लिए ढाई घंटा प्रतीक्षा किए। शर्मा के कार्यालय की तरफ़ से कहा गया, जहां तक निजीकरण का प्रश्न है इनसे कोई पूछे कि जब 2010 में टोरेंट कंपनी को निजीकरण करके आगरा दिया गया तब भी तुम लोग यूनियन लीडर थे। कैसे हो गया यह निजीकरण। सुना है वो शांति से इसलिए हो गया कि ये बड़े कर्मचारी नेता लोग हवाई जहाज़ से विदेश पर्यटन पर चले गए थे।

# यूपी में अगले तीन दिन भारी वर्षा के आसार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उमस भरी गर्मी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में सोमवार को कई इलाकों में छिटपुट बारिश ने राहत प्रदान की। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का यह सिलसिला कम से कम अगले 48 घंटे तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कम से कम अगले 72 घंटे तक जारी रहने का अनुमान है। इस अवधि में कुछ इलाकों में मध्यम से भारी वर्षा के आसार हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान कई इलाकों में छिटपुट बारिश हुई। इस दौरान अमेठी, जौनपुर और प्रतापगढ़ में क्रमशः 65, 69.2, 85 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से अधिक है। मौसम वैज्ञानिक डा. एके सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने मानसून अवदाब कमजोर पढ़कर उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान पर कम दबाव के क्षेत्र के रूप में अवस्थित है। जिससे सम्बद्ध चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल तक बना हुआ है। मध्य समुद्र तल पर मानसून श्रीगंगानगर, झुंझुनूं के अलावा निम्नदाब क्षेत्र के केंद्र पन्ना, डाल्टनगंज, पुरुलिया होकर उत्तरी पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।



**■ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर में होगी झमाझम**

वही मध्य समुद्र तल से 3-1 किमी की ऊंचाई पर उत्तरी पूर्वी अरब सागर से गुजरात, पूर्वी राजस्थान एवं उत्तरी पूर्वी मध्य प्रदेश होते हुए दक्षिणी पूर्वी उत्तर प्रदेश तक है। उन्होंने बताया कि अनुकूल भूभौतिकीय परिस्थितियों के प्रभाव से प्रदेश में आगामी 2 से 3 दिनों तक मानसून की सक्रियता बढ़ने से बादल गरजने, बिजली के चमकने के साथ ही कहीं कहीं पर भारी से बहुत भारी बरसात की संभावना है। जिसमे पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कुछ जिले शामिल हैं। मौसम विभाग की तरफ से आज जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रतापगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा , बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है, जबकि मंगलवार को आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ प्रथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं में बारिश की संभावना है। वही 30 जुलाई से प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीता. पुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है।

### यूपी में पहले सीएम पंडित पंत का आठ वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ा

# सबसे लंबे कार्यकाल वाले सीएम बने योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है।

उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोलवद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। इससे पहले मुलायम सिंह यादव छह वर्ष 274 दिन, संपूर्णानंद पांच वर्ष 345 दिन, अखिलेश यादव पांच वर्ष चार दिन और नारायण दत्त तिवारी तीन वर्ष 314 दिन मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे हैं। भाजपा का कहना है कि योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्एक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने 'नए उत्तर प्रदेश' में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है। विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे,बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा दिनों तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कीर्तिमान रचने वाले योगी आदित्यनाथ को साधू संतों ने बधाई दी है और उनकी दीर्घायु की कामना की है। योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठ वर्ष चार महीने 10 दिन तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाया है। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने इस ऐतिहासिक पल के लिए योगी आदित्यनाथ को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने रामराज की स्थापना की है।



**■ कीर्तिमान रचने पर साधु संतों ने योगी को दी बधाई, उनकी दीर्घायु की कामना की**

### जनता दर्शन के साथ योगी ने की सावन के तीसरे सोमवार की शुरुआत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 60 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों की बात सुनी।

# अवसानेश्वर मंदिर में करंट उतरने से भगदड़, दो की मौत

**बाराबंकी, वार्ता**

**■ बाराबंकी में 30 से ज्यादा श्रद्धालु घायल**

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को करंट उतरने से मची भगदड़ में दो श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि 30 से अधिक घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सावन का तीसरा सोमवार होने के चलते श्रद्धालु प्रातः तीन बजे से मंदिर में जल अभिषेक करने के लिए कतारबद्ध थे कि इस बीच मंदिर के बाहर लगे टीन शेड पर बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे करंट उतर आया और भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां इलाज के दौरान एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। पांच लोगों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया है, जहां पर उनकी हालत चिंता जनक बताई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मौके में पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरु किया गया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बंदर के बिजली के तार पर कूदने से तार टूट गया।



**सेंसेक्स** 80891.02
**निफ्टी** 24680.90



**सोना रु.** 98375
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113207
प्रति किलो




# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन बिकवाली सेंसेक्स 81 हजार अंक से नीचे उतरा

**मुंबई, वार्ता**

विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपए में जारी गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। प्रमुख सूचकांकों में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 572.07 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी. 50 भी 156.10 अंक (0.63 फीसदी) टूटकर 24,680.90 अंक पर आ गया। गिरावट में खुलने के बावजूद शुरुआती कारोबार में कुछ समय के लिए शेयर बाजार हरे निशान में रहे थे, लेकिन दोपहर बाद सूचकांक तेजी से गिरे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 23 के शेयर गिरावट में और शेष सात के बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। बाजार की अपेक्षा से कमजोर तिमाही परिणाम के कारण उसका शेयर 7.5 प्रतिशत टूट गया। बजाज फाइनेंस का शेयर तीन प्रतिशत से अधिक गिरा। हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर सबसे ज्यादा 1.23 प्रतिशत चढ़ा। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव ज्यादा रहा। एनएसई में निफ्टी मिडकैप-50 का सूचकांक 0.49 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप- 100 का 1.26 प्रतिशत लुढ़क गया।



### पहली तिमाही में सुस्त रही भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** ऊर्जा, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी और इस्पात क्षेत्रों के सुस्त प्रदर्शन के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों के प्रदर्शन में गिरावट आई है और उनकी राजस्व वृद्धि दर घटकर चार से छह प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। बाजार अध्ययन एवं निवेश सलाह कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में 600 से ज्यादा कंपनियों के जारी वित्तीय परिणामों के अध्ययन के आधार पर यह बात कही गई है। इन 600 कंपनियों के कुल राजस्व में एक-तिहाई का योगदान इन्हीं चारों क्षेत्रों का है।

### सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी के भाव गिरे

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम में मामूली गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 13 रुपए घटकर 98,375 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी 1,135 रुपए कम होकर 1,13,207 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,00,080 और 22 कैरेट सोने का भाव 91,750 रहा, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 थी, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,980 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,213 रुपए बढ़कर 98,375 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,190 रुपए बढ़कर 1,13,207 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर छह अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# ग्रीन हाइड्रोजन और हरित ऊर्जा में मिलकर काम करेंगे यूपी और जापान

**लखनऊ।**

स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में एक अहम पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार जापान के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक सहयोग, तकनीकी हस्तांतरण और निवेश के अवसरों को साकार करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।

प्रदेश सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान में मौजूद है, जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी कर रहे हैं। उनके साथ इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद और यूपीनेडा (उत्तर प्रदेश नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी) के निदेशक इंदरजीत सिंह भी शामिल हैं। प्रतिनिधि मंडल का लक्ष्य राज्य को स्वच्छ ऊर्जा नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। प्रतिनिधि मंडल की यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण टोयोटा मिराई नामक अगली पीढ़ी की हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार के साथ गहन परिचर्चा रहा। यह वाहन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से ऊर्जा उत्पन्न करता है और अपशिष्ट में केवल जल उत्सर्जित करता है। यह प्रतिनिधिमंडल हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और सतत ऊर्जा एवं गतिशीलता में नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए संभावित साझेदारियों पर चर्चा कर रहा है। ये प्रयास उत्तर प्रदेश में हरित हाइड्रोजन और अन्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के लिए एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने यामानाशी विश्वविद्यालय के हाइड्रोजन और ईंधन सेल नैनोमटेरियल्स केंद्र का भी भ्रमण किया, जो उन्नत ईंधन सेल अनुसंधान के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है। यूपीनेडा के निदेशक इंदरजीत सिंह ने राज्य में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग को विस्तार देने में गहरी रूचि जताई है। उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान विशेष रूप से सौर ऊर्जा, लघु जलविद्युत परियोजनाओं और बायोमास आधारित विद्युत उत्पादन जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राजनाथ का...**

करना था, जिसे 22 मिनट में हासिल कर लिया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्रवाई रोक दी जाए। यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार की गई कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और अगर भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ, तो अभियान फिर प्रारंभ होगा। रक्षा मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग पूछते हैं कि हमारे कितने विमान गिरे, यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों, तो अपेक्षाकृत छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। इससे देश की सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान और उत्साह से ध्यान हट सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष को यह सवाल पूछना चाहिए था कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के कितने विमानों को गिराया और कितने ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पेन और पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि परीक्षाफल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि आज अगर विपक्ष प्रश्न पूछने में असफल है, तो विपक्ष को मैं मदद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जनता ने जब हमें विपक्ष की भूमिका दी थी, तो हमने उसे निभाया था। उन्होंने कहा कि 1962 में जब चीन के साथ युद्ध हुआ था, जब दुखद परिणाम आया, तो हमने यह प्रश्न पूछा था कि हमारी देश की धरती पर दूसरे का कब्जा कैसे हुआ। हमने यह प्रश्न पूछा कि हमारे सैनिक कैसे बड़ी संख्या में मारे गए।

मशीनों और तोपों की चिंता न करके हमने देश की सीमा और सैनिकों की चिंता की। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के तालमेल का बेमिसाल उदाहरण है और इसमें पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले हर पहलू पर बहुत गहराई से अध्ययन किया गया था और यह विकल्प चुना गया था कि केवल आतंकवादियों और उनके ठिकानों को ही ध्वस्त करना है और पाकिस्तान के आम नागरिकों को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का निर्णायक प्रकटीकरण था। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में 2014 के बाद उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। भारत आतंकवाद के हर रूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार और सेना सब मिलकर देश की एकता अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने बताया कि हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की और निर्णायक कार्रवाई की पूरी छूट दी। इसके बाद हमारी सेना ने आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर मार गिराया। सेना ने हमारे देश की माताओं और बहनों के सिंदूर का बदला लिया है। यह सिंदूर अब सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि शौर्य की गाथा बन चुका है। मैं बेहद सावधानी से कह रहा हूं, इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी और उनके हैंडलर मारे गए हैं। वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है, लेकिन हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी संख्या गलत न बताई जाए। श्री सिंह ने कहा कि हमने केवल जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान ने हालांकि हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया, लेकिन भारत ने इन सभी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई पूरी तरह संतुलित और आत्मरक्षा के तहत की गई। पाकिस्तान की ओर से सात मई से लेकर 10 मई की रात तक मिसाइल और लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया। उनके निशाने पर हमारे सैन्य अड्डे थे, लेकिन हमारी रक्षा प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने हर हमले को नाकाम कर दिया।

पाकिस्तान एक भी लक्ष्य को हिट करने में सफल नहीं हो पाया। पाकिस्तान की आक्रामकता के जवाब में भारत की कार्रवाई न सिर्फ साहसिक बल्कि निर्णायक भी थी। हमारे सैनिकों ने इस मिशन को पूरी सफलता के साथ अंजाम दिया और राष्ट्र की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि शेर अगर मेंढकों को मारे, तो उसका बहुत अच्छा संदेश नहीं जाता। भारत के सैनिक शेर हैं। पाकिस्तान जैसा, जो अपने अस्तित्व के लिए दूसरों पर आश्रित हो, उससे मुकाबले का मतलब है अपना स्तर कम करना। हमारी नीति है, आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना। हमारा पाकिस्तान विरोध उनकी आतंकवाद की नीति के कारण है। उन्होंने भगवान राम और कृष्ण का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी प्रवृत्ति भगवान राम और भगवान कृष्ण से प्रेरित है, जो हमें शौर्य भी सिखाती है और धैर्य भी सिखाती है। हमने भगवान कृष्ण से सीखा शिशुपाल की 100 गलतियां माफ की जा सकती हैं, लेकिन अब हमने सुदर्शन चक्र उठा लिया है। इस सीख का हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी विदेश और रक्षा नीति में प्रयोग कर रहे हैं। भारत पहले दोस्ती का हाथ बढ़ाता है, लेकिन अगर कोई देश उसे धोखा दे, तो वह उसकी कलाई भी मरोड़ना जानता है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे सामर्थ्य का प्रतीक था, जिसमें हमने दिखाया कि अगर कोई हमारे नागरिकों को मारेगा, तो भारत चुप नहीं बैठेगा। हमारा राजनैतिक तंत्र और नेतृत्व बिना किसी दबाव के काम करेगा। हमारी मिसाइलें भौतिक सीमाओं को पार करेंगी, वीर सैनिक दुश्मन की कमर तोड़ देंगे। हम आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और साहस की सराहना करते हुए कहा कि छह-सात मई की रात हमारी सेना ने एक ऐतिहासिक ऑपरेशन को अंजाम दिया। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को अमानवीयता की चरम सीमा बताते हुए कहा कि हमलावरों ने लोगों की पहचान उनके धर्म के आधार पर की और उन्हें निशाना बनाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

## धार्मिक रसीद काटने निकला था अहसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तेज रफ्तार बाइक के फिसलने से बाइक पर सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।

लगभग 32 साल का अहसान उस्मानी पुत्र इसराइल अहमद निवासी मौहल्ला मास्टर कालोनी बुढाना आज सोमवार की सुबह रोजाना की भांति बाइक पर किसी धार्मिक स्थल की रसीद लेकर काटने के लिए जनपद मेरठ के किसी गांव में जा रहा था। जब वह बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा कुटी के समीप आया तो सडक पर मेली पडी होने के कारण तेज रफ्तार बाइक दूर तक फिसलती हुई चली गयी। जिसमें अहसान को गंभीर चोटें आई। आते जाते लोगों ने इसकी सूचना बुढाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात कुछ पुलिसकर्मियों को दी तो आरोप के मुताबिक बुढाना पुलिस ने सडक पर गंभीर रुप से घायल पडे अहसान उस्मानी को तुरंत हस्पताल पहुंचाना मुनासिब नहीं समझा और किसी वाहन के जरिए काफी देर बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना पर पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने घायल अहसान को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना जब मृतक अहसान के परिजनों को मिली तो वे सीएचसी पहुंचे और अहसान के शव को देखकर चीख पुकार मच गयी। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया। शव को सोमवार की रात बुढाना में सुपुर्द खाक कर दिया। मृतक के 2 मासूम बच्चे हैं जबकि पत्नि 7 माह की प्रेगनेंट है। घटना को लेकर मौहल्ले में शोक है।

## रेलवे क्रॉसिंग पर युवक की मौत से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बा खतौली में उस वक्त हड़कंप मच गया जब तहसील परिसर के सामने स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अज्ञात युवक का शव पडा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पडताल के बाद मृतक की पहचान साहिल जैदी (25 वर्ष), पुत्र आशिक अली, निवासी ग्राम गढ़ी, थाना जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में की।

बताया जा रहा है कि मृतक के दाएं पैर के कूल्हे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। मौके पर मौजूद सूत्रों के अनुसार युवक की मौत ट्रेन से टकराने के कारण हुई बताई जा रही है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। युवक की मौत कैसे हुई, इसको लेकर कई सवाल खडे हो रहे हैं, जिसे लेकर परिजन व स्थानीय लोग भी असमंजस में हैं। रेलवे क्रॉसिंग पर शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, वहीं राहगीरों की भीड मौके पर जुट गई।

पुलिस ने मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए भीड को हटाया और आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# विवाहिता की मौत, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गृह कलेह के चलते ग्राम कूकडा में एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर दिया। गंभीर अवस्था में अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए नई मंडी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया।

भोपा क्षेत्र निवासी मीना 26 वर्षीय शादी नौ वर्ष पूर्व नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव कूकडा में रहने वाले प्रवीण उर्फ सोनू के साथ हुई थी। उनके परिवार में दो बच्चे है। बडी बेटी सात वर्ष की है। सोनू मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। महिला ने रविवार देर रात घर पर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड गई। पुलिस ने बताया कि इस बारे में सोनू ने अपने साले सागर को सूचना दी तो वह भी आ गया। दोनों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसे उपचार दिया गया। कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। इसके बाद मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। उन्होंने दहेज की मांग पूरी न करने पर हत्या का आरोप लगा कर हंगामा करने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें समझाया। पुलिस ने शव मोर्चरी भेज दिया। सीओ नई मंडी रुपाली रॉय का कहना है कि परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। फिलहाल मामले में तहरीर नही आई है। पता चला है कि महिला ने घरेलू कलह में जहरीला पदार्थ खाया था। परिजन जो भी तहरीर देंगे, उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सिखेड़ा में युवक का शव फांसी पर लटका हुआ मिला

**मुजफ्फरनगर।** गांव सिखेडा में मानसिक रूप से पीडित व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव मोर्चरी भेजा गया है। घटना के समय परिवार के लोग एक रिश्तेदारी में गए हुए थे। सिखेडा निवासी नवीन कुमार ने स्थानीय थाने की पुलिस को सूचना देकर बताया कि वह और उसकी पत्नी रविवार को खेत पर काम करने गए थे। उसका छोटा भाई गौरव (20) मानसिक रूप से बीमार था। वह घर पर अकेला था। जब वह दोनों खेत से वापस आए, तो वह घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पडोसियों की मदद से उसे रस्सी काटकर नीचे उतारा गया। उसके बाद उसे उपचार के लिए सीएचसी जानसठ ले गए। वहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलवा कर जांच पडताल कराई। थाना सिखेडा पुलिस ने बताया कि शव मोर्चरी भिजवाया दिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने चखाया मजा

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र में एक छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाले को पुलिस ने ऐसा मजा चखाया कि देखने वाले के भी रोंगटे खडे हो गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र में छात्रा को सरवट गांव निवासी युवक शाहनवाज ने पिछले कई दिन से परेशान किया हुआ था। आरोप है कि आरोपी युवक कॉलेज जाते व वहां से वापस आते समय छात्रा का पीछा करता था। जिस कारण छात्रा परेशान थी। छात्रा को ट्यूशन जाने में भी परेशानी हो रही थी। दो दिन पहले आरोपी युवक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की और उसे इस बारे में घर बताने पर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने घटना के बारे में परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया गया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसका चालान कर दिया है।



मुजफ्फरनगर: सावन के तीसरे सोमवार पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

## ककरौली क्षेत्र मे अपहरण की अफवाह से मचा हड़कंप

**पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बरसाती अफवाहें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ककरौली क्षेत्र मे रात्रि मे ड्रोन देखे जाने के बाद सुबह को बच्चे के अपहरण कि अफवाह फैल गयी। पुलिस ने कुछ देर बाद ही जांच कर घटना को फर्जी पाया। जिसके बाद पुलिस ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने कि चेतावनी दी है।

ककरौली गांव तथा गांव कमहेड़ा मे अज्ञात बाईक सवार द्वारा किसी बच्चे के अपहरण करने की सूचना से हड़कंप मच गया। कमहेड़ा गांव मे दो बाइक सवारो द्वारा किसी बच्चे के अपहरण कर ले जाने की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गयी जिसके बाद हड़कंप मच गया गांव पहुंची पुलिस घटना की जांच मे जुट गयी।

जानकारी करने पर मामला फर्जी पाया गया।वहीं पुलिस ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। वहीं रविवार की रात क्षेत्र के गांव ढासरी मे भी ड्रोन दिखाई देने से सनसनी फैल गयी थी।



मुजफ्फरनगर: राम कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

## युवक की कीटनाशक दवाई छिड़कने से गई जान

**मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर में युवक को गंभीर हालत में मेडिकल बेगराजपुर में भर्ती कराया था इलज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। किसान के बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि कीटनाशक दवाई छिडकते समय उसकी हालत बिगडी थी।

ग्राम रोनीहरजीपुर निवासी 29 वर्षीय मोनू पुत्र स्व. गोवर्धन को गंभीर हालत में बेगराजपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान मोनू की मौत हो गई।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। चरथावल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। मोनू की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भी शोक छा गया है। परिजनों को कहना है कि मोनू खेत में कीटनाशक दवाई छिडक रहा था जहां अचानक ही उसकी हालत खराब हो गई थी। मृतक के एक पुत्री है और वह दो भाई थे।

# बुढ़ाना मोड पर विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास

## पांच करोड़ की लागत से बनेगा बिजलीघर: कपिल देव अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना मोड़ रोड (पीन्ना) पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा की स्वीकृति से लगभग 5 करोड की लागत से बनने वाले 20 मेगावोल्ट क्षमता वाले अत्याधुनिक विद्युत उपकेंद्र का विधिवत शिलान्यास किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह उपकेंद्र केवल एक तकनीकी ढांचा नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और भाजपा सरकार की जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध सोच का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह नया उपकेंद्र क्षेत्रवासियों को 24 घंटे निर्बाध और स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा, जिससे न सिर्फ घरेलू जीवन सरल होगा, बल्कि क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय उद्योगों को भी ऊर्जा सुलभ होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बुढ़ाना मोड़ पर स्थापित हो रहा यह नया उपकेंद्र अब शामली रोड स्थित पुराने उपकेंद्र का स्थान लेगा। इस बदलाव से खांजापुर, गौशाला, रामलीला टिल्ला, लद्दावला, प्रेमपुरी, कृष्णापुरी, खालापार, नुमाइश कैम्प, लक्ष्मण विहार सहित आसपास के सभी मोहल्लों को लाभ मिलेगा। इन क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही ट्रिपिंग, वोल्टेज की समस्या और बिजली कटौती जैसी समस्याओं से अब स्थायी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह के उत्साह और चेहरे की मुस्कान इस बात का प्रमाण थी कि यह परियोजना जनता की लंबे समय से प्रतीक्षित आवश्यकता थी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के प्रत्येक आयाम को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और यह उपकेंद्र उसी संकल्प की एक कडी है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष दीपक मित्तल, मण्डल महामंत्री राधे वर्मा, उपाध्यक्ष शलभ गर्ग, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, मोहित मलिक, प्रशांत चौधरी, भाजपा नेता मनु प्रिय मजदूर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष हरेंद्र पाल, जिलाध्यक्ष अनुसूचित अजय सागर, महामंत्री अमित सुध, सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा के समर्पित नेता व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने मंत्री कपिल देव अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए इस ऐतिहासिक पहल को मुजफ्फरनगर की बिजली व्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताया। बिजलीघर बनने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति में अच्छा सुधार आने की आशा से उपभोक्ता भी खुश है।

## पति ने लगाई फांसी, पुलिस ने पत्नी को भेज दिया जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रोडवेज बस अड्डे के सामने चाय की दुकान करने वाले युवक ने पत्नी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। ऐसा आरोप लगाकर मृतक के भाई ने अपनी भाभी सुमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मोहित अपने परिवार सहित सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सरकुलर रोड पर काशीराम कॉलोनी में रहता था। उसका शव बृहस्पतिवार दोपहर में अपने घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। इस मामले में मृतक के भाई आनंदपुरी निवासी राहुल ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका भाई रोडवेज बस अड्डे के सामने चाय की दुकान करता था। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। उसकी भाभी सुमन शादी के बाद से ही उसके भाई के साथ विवाद करती रहती थी। दोनों में अक्सर झगडा होता रहता था। उसका एक साल का बच्चा है। पुलिस ने बताया कि वादी का यह भी आरोप है कि उसकी भाभी उसके भाई को आत्महत्या के लिए उकसाती रहती थी। उसके भाई ने बृहस्पतिवार को पत्नी के उकसाने व उससे परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मृतक की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने बताया कि मृतक के बच्चे को मृतक के परिजन अपने साथ ले गए। आरा. ेपी महिला को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।



मुजफ्फरनगर: बीस एमवीए क्षमता वाले बिजलीघर का शिलांयास करते मंत्री कपिल देव।

# सांसद डिंपल यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी से उबले सपाई

**शमशेर मलिक ने एसएसपी को दिया ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी की लोकसभा सांसद डिंपल यादव पर टीवी चौनल की एक डिबेट के दौरान की गई आपत्ति. जनक टिप्पणी को लेकर मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए समा. जवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शमशेर मलिक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



टीवी चैनल की बहस में शामिल मौलाना साजिद रशीदी ने सांसद डिंपल यादव को लेकर अभद्र और शर्मनाक भाषा का प्रयोग किया। इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है। शिकायती पत्र में सपा नेता शमशेर मलिक ने लिखा है कि साजिद रशीदी का बयान सिर्फ एक महिला सांसद का नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र और महिलाओं की गरिमा का अपमान है। समाज में ऐसे लोगों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने एसएसपी से मांग की है कि साजिद रशीदी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए और रशीदी पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। शमशेर मलिक ने कहा कि समाजवादी पार्टी महिलाओं के सम्मान से समझौता नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय रहते पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे। सपा नेता ने यह भी कहा कि डिंपल यादव देश की सम्मानित सांसद हैं। उन पर की गई अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। पुलिस को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए ताकि ऐसे लोगों को सबक मिल सके। शिकायत के साथ साजिद रशीदी के बयान का वीडियो लिंक भी एसएसपी को सौंपा। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस गंभीर मामले को लेकर जिलेभर में चर्चा तेज हो गई है और सभी की नजरें अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है। इस दौरान सपा यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, वसीम राणा, संदीप प्रजापति, सनव्वर खान, नूरहसन सलमानी,उमर खान, रवि कुमार, दीपक कुमार मौजूद रहे।

# शहर को स्वच्छ, सुरक्षित बनाने में जनसहयोग जरूरी: मीनाक्षी स्वरूप



## तीन कालोनियों में 57 लाख रुपये की लागत से तैयार पांच सड़कों का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के विकास को नई गति देते हुए नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने आज दो वार्ड में शहर की तीन कालोनियों अम्बा विहार, अवध विहार और अग्रसैन विहार में 57 लाख रुपये की लागत से बनी पांच सड़कों का लोकार्पण किया और उन्हें जनता को समर्पित किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद् के पूर्ण क्षेत्र में स्वच्छता, आधारभूत ढांचे और सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में शहर की हर गली और मोहल्ले में साफ-सफाई और बेहतर सड़क सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी, जिससे नागरिकों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप द्वारा सोमवार को सभासद रजिया शाहिद आलम के वार्ड संख्या 43 के अन्तर्गत आने वाले मौहल्ला अम्बा विहार के मुख्य मार्ग के नव निर्माण को जनता को समर्पित किया। यहां पहुंचने पर सभासद पति शाहिद आलम ने पालिकाध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने यहां पर मुख्य मार्ग का उद्घाटन किया। करीब 350 मीटर लंबा यह मुख्य मार्ग नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत राज्य वित्त आयोग की धनराशि से दो हिस्सों में नाज प्रोविजन स्टोर से सतीश गोयल टिहरी वालों के आवास तक और मुस्तफा मस्जिद वाली गली से भोला जनरल स्टोर तक सीसी सड़क के रूप में निर्मित कराया गया है। इस पर पालिका द्वारा करीब 28 लाख रुपये का बजट खर्च किया गया है। उद्घाटन से पूर्व पालिकाध्यक्ष ने भ्रमण करते हुए सड़क निर्माण की गुणवत्ता को परखा और स्थानीय नागरिकों से भी मिलकर संवाद स्थापित किया।

इसके अलावा वार्ड 18 में सभासद ममता बालियान के साथ पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत करी 29 लाख रुपये की लागत से तैयार तीन सीसी सड़कों का उद्घाटन किया।

यहां सभासद के साथ स्थानीय नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष का अभिनंदन कर सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। उद्घाटन अवसर पर भाजपा नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, नगर पालिका वार्ड के सभासद पति शाहिद आलम, सभासद ममता बालियान, मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, सलीम, शौकत अंसारी, पूर्व सभासद विकल्प जैन, आशुतोष गुप्ता, जोंटी त्यागी, जूनियर इंजीनियर कपिल कुमार एवं लिपिक गोपाल त्यागी सहित समाजसेवी असद फारूकी, कासिम जिला पंचायत सदस्य, परवेज अहमद एडवोकेट, दानिश, रियाज एडवोकेट, आरिफ राणा, डॉक्टर जुल्फिकार राव सहित सम्मानित नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

### ड्रोन की अफवाह से थानेश्वर रोड पर बवाल

# बुर्काधारी दो संदिग्धों की भीड़ ने की पिटाई

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रविवार रात खतौली के थानेश्वर मंदिर रोड पर उस समय हंगामा मच गया जब इलाके में ड्रोन उड़ने की अफवाह फैल गई। अफवाह के बीच दो संदिग्ध युवक बुर्का पहनकर क्षेत्र में घूमते देखे गए, जिन्हें भीड़ ने पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल भीड़ को तितर-बितर कर युवकों को हिरासत में ले लिया।

**बुर्का पहने संदिग्धों ने बढ़ाया शक**

स्थानीय लोगों के मुताबिक, शाम होते ही सोशल मीडिया और मोहल्लों में ड्रोन उड़ने की चर्चा गर्म हो गई। इसी बीच दो युवक थानेश्वर मंदिर रोड पर बुर्का पहने हुए संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते देखे गए। शक होने पर लोगों ने उन्हें घेर लिया और पूछताछ शुरू की। जवाब टालमटोल होते देख मामला बिगड़ गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। देखते ही देखते लोगों ने दोनों युवकों की धुनाई शुरू कर दी।

**तलाशी में नहीं मिला कुछ भी आपत्तिजनक**

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो भीड़ उग्र हो चुकी थी। हालात संभालते हुए पुलिस ने किसी तरह युवकों को भीड़ के कब्जे से छुड़ाया और कोतवाली ले आई। पूछताछ और तलाशी में न तो कोई ड्रोन मिला और न ही कोई संदिग्ध वस्तु। युवकों ने बताया कि वे किसी गलत इरादे से नहीं आए थे, लेकिन बुर्का पहनने के कारण लोग भड़क गए।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस**

इस पूरी घटना का वीडियो मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वीडियो में युवकों की पिटाई और भीड़ का उग्र रूप साफ नजर आ रहा है। पुलिस अब वीडियो बनाने और वायरल करने वालों की पहचान में जुट गई है।

**नशे की लत या किसी साजिश का हिस्सा?**

पकड़े गए युवकों को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं। कुछ स्थानीय लोग उन्हें नशे का आदी बता रहे हैं तो कुछ इसे किसी साजिश का हिस्सा मान रहे हैं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने से पहले किसी भी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

**सीओ की अपील: अफवाहों से बचें, कानून का पालन करें**

सीओ रामआशीष ने कहा कि लोग किसी भी अफवाह में न आएं और सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के कोई भी वीडियो या सूचना साझा न करें। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**इलाके में फैला सन्नाटा, लोग डरे-सहमे**

घटना के बाद से थानेश्वर मंदिर रोड और आस-पास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। लोग सहमे हुए हैं कि कहीं यह किसी बड़ी साजिश की शुरुआत तो नहीं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि हालात पूरी तरह काबू में हैं और हर एंगल से जांच की जा रही है।

# सपा नगर कार्यकारिणी के गठन को लेकर हुई चर्चा



**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी बुढाना के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष ताज जिया नंबरदार के बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला लुहसाना रोड पर स्थित आवास पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी के आदेश पर सपा कार्यकर्ताओं ने बुढाना समाजवादी पार्टी की नगर कार्यकारिणी के गठन को लेकर जोरदार चर्चा की और कहा की जल्दी ही समाजवादी पार्टी में शामिल मेहनती कार्यकर्ताओं की लिस्ट तैयार करके सभी को नगर के पदों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी क्योंकि सपा ही एक ऐसी पार्टी है जो मेहनती कार्यकर्ताओं को उनका इनाम समय आने पर देती है और अब वो समय आ गया है।

जिसमें मेहनती कार्यकताओं को नगर की नई सपा कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। नव नियुक्त नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार का यहां पर सपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत भी किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं में सपा के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष ताज जिया नंबरदार के अलावा आमिर जिया नम्बरदार, एडवोकेट शाहज़ेब सिद्दीकी, एडवोकेट काशिफ सिद्दीकी, याकूब राणा और मो. हसिन सलमानी सहित अन्य दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।

### सब्जी विक्रेता पर हमला

**मीरापुर।** रसूलपुर गढ़ी निवासी अमीर पुत्र इकराम के साथ सोमवार दोपहर को सनसनीखेज घटना सामने आई है। अमीर रोज़ की तरह फेरी लगाकर सब्जी बेचने के बाद करीब दोपहर 2 बजे सिकंदरपुर से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह बबरे वाली मंदिर के पास पहुंचा, तभी ईख के खेत से निकले दो नकाबपोश बदमाशों ने उसे घेर लिया। बदमाशों ने पहले अमीर से मारपीट की और फिर लूटपाट करने लगे। जब अमीर ने जोर-जोर से शोर मचाया तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। अमीर की चीखें सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर बदमाश खेतों की ओर भाग गए। ग्रामीणों ने घायल अमीर को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। अमीर ने थाने पहुंचकर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। बीआईटी चौकी प्रभारी ललित कुमार ने कहा कि मामले की कोई सूचना अभी तक नहीं मिली है, यदि तहरीर आती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर तहसील में किया प्रदर्शन



**बुढ़ाना।** चार दिन पूर्व हुई विवाहिता बिटो की हत्या का मुख्य हत्यारा अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। इस मामले में बुढाना पुलिस हत्यारे के मां बाप को बीते रविवार को जेल भेज चुकी है।

मुख्य हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने आज सोमवार को बुढ़ाना तहसील में सीओ आफिस के बाहर प्रदर्शन किया और फरार अन्य हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। सीओ के नहीं मिलने पर सभी ग्रामीण बुढ़ाना कोतवाली भी पहुंचे और पुलिस से हत्यारों को गिरफ्तार करने को कहा जिस पर पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को शीघ्र ही हत्यारों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर में बीती गुरुवार की देर रात एक विवाहिता बिटो सहरावत की हत्या उसके ससुरालियों के द्वारा पहले करंट लगाकर और फिर उसको आत्महत्या का रुप देने के उद्देश्य से फांसी लगाकर कर दी गयी थी।

पीहर वालों ने हंगामा करते हुए पुलिस से हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की थी क्योंकि हत्यारे घटना को अंजाम देकर फरार हो गये थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतका के वृद्ध सांस ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज मृतका विवाहिता के फरार पति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतका के पीहर के लोगों ने पहले तहसील परिसर फिर बुढ़ाना कोतवाली में प्रदर्शन कर मुख्य हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि मुख्य हत्यारा आजकल में ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए पुलिस भागदौड़ कर रही है।

# हरियाली तीज पर श्री झारखंड महादेव देवालय में उमड़ा श्रद्धा और उल्लास का सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास की पावन बेला में सावन की हरियाली और महिलाओं के उल्लास से सराबोर, हरियाली तीज का पर्व इस बार श्री झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में अत्यंत धार्मिक और पारंपरिक रूप से मनाया गया। मंदिर परिसर में पहली बार आयोजित हुए झूला उत्सव ने न केवल क्षेत्र की महिलाओं बल्कि बच्चों और श्रद्धालुओं के मन को भी भाव-विभोर कर दिया।

इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से पेड़ों पर पारंपरिक झूले लगाए गए, जिन पर महिलाओं ने सावन के लोकगीतों के साथ झूला झूलते हुए हरियाली तीज की खुशियों का आनंद लिया। बच्चों ने भी झूलों पर खूब मस्ती की, जिससे माहौल उत्सवपूर्ण और जीवंत बन गया। महिलाएं पारंपरिक हरे परिधानों में सजकर आई थीं, और हरियाली तीज के इस उत्सव में लोकगीत, हंसी-ठिठोली और आपसी मेलजोल ने एक सुखद वातावरण निर्मित किया। यह पहला अवसर था जब श्री झारखंड महादेव मंदिर में इस प्रकार का झूला कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंदिर समिति के सहयोग और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से यह कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक रहीं उपासना अग्रवाल, जिनके साथ प्राची अग्रवाल, शशि भारद्वाज, शशि उपाध्याय, ऐश्वती गोस्वामी, बीना शर्मा, आरती देवी, मिथिलेश महेश्वरी, अंशिका महेश्वरी, कृष्ण वर्मा, ममता बजाज, उमा मिश्रा आदि महिलाओं का भी विशेष योगदान रहा। इन सभी के प्रयासों से कार्यक्रम की खूबसूरती और भी बढ़ गई। कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं ने संध्याकालीन महाआरती में यजमान के रूप में भाग लिया और भोलेनाथ की आरती कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती के समय पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो गया और 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को जलपान कराया गया, जिससे सभी ने संतुष्टि और आभार के भाव के साथ इस आयोजन को यादगार बताया।

कार्यक्रम में मंदिर समिति का पूर्ण सहयोग रहा, जिन्होंने आयोजन की व्यवस्था और संचालन में तत्परता से कार्य किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कहा कि वर्षों बाद इस प्रकार की पारंपरिक तीज की छवि पुन: जीवित होती प्रतीत हुई, जैसी पहले गांवों में पेड़ों



पर झूले डालकर और लोकगीत गाकर मनाई जाती थी। एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा ख्र हआज फिर वही बचपन की तीज लौट आई है। इस तरह से श्री झारखंड महादेव देवालय पर मनाई गई हरियाली तीज की झलकियों ने पूरे क्षेत्र को अध्यात्म, संस्कृति और उल्लास से भर दिया।

# साप्ताहिक बंदी में बेखौफ होकर खोली गई दुकानें

**बुढ़ाना।** कस्बे में साप्ताहिक बंदी का दुकानदारों द्वारा जमकर मखौल उड़ाया जा रहा है। बंदी को लेकर श्रम विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। नगर में साप्ताहिक बंदी का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।

बेखौफ व्यापारी इस साप्ताहिक बंदी पर भी लगातार दुकान खोल रहे हैं। बुढाना में सोमवार को साप्ताहिक बंदी का दिन प्रशासन द्वारा तय है लेकिन यहां के सैकड़ों दुकानदार दूसरे दुकानदार की देखा देखी मैं अपनी अपनी दुकानों को खोलकर साप्ताहिक बंदी का मजाक बना रहे हैं। कुछ दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी मैं जब कोई दुकानदार चोरी-छिपे अपनी दुकान खोलता है तो फिर दूसरे दुकानदार को भी अपनी दुकान खोलने का लालच आ जाता है। दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का पूर्ण रुप से पालन होना चाहिए ताकि कोई भी दुकानदार दुकान ना खोल सके। दुकानदारों का यह भी कहना है कि 1 सप्ताह में एक बार बाजार पूर्ण रूप से अवश्य बंद हो ताकि दुकानदार इस दिन अपनी रिश्तेदारी या बाहर से जाकर अपना सामान ला सके सोमवार को भी नगर के बाजार गुलजार रहे और दुकानदार बिना किसी डर के अपना कारोबार करते नजर आए। अब साप्ताहिक बंदी के दिन नगर के बाजार गुलजार रहते हैं जब उच्च अधिकारियों का ज्यादा दबाव पड़ता है तो अधिकारी नींद से जागते हैं और बाजारों में घूमकर एकाध दुकानदार का चालान कर अपने काम की इतिश्री कर लेते हैं।

# खतौली में जल निगम की लापरवाही से तबाही, दुकानों में घुसा पानी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली नगर में जल निगम की लापरवाही ने एक बार फिर व्यापारियों की मेहनत पर पानी फेर दिया। सोमवार सुबह तहसील रोड पर वर्षों पुरानी पानी की पाइपलाइन फटने से हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह गया और दुकानों में जा घुसा। जिससे लाखों रुपये का सामान पानी में भीगकर खराब हो गया। व्यापारी अब उग्र हो गए हैं और विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**हर महीने दोहराई जाती है ये त्रासदी**

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यह कोई नई घटना नहीं है। जल निगम की यह पाइपलाइन लंबे समय से जर्जर हालत में है और महीने में दो से तीन बार फटती है। दुकानदार हर बार शिकायत करते हैं, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिलता।

व्यापारी हरिमोहन टंडन ने कहा की शिकायतें करते-करते थक चुके हैं, मगर कोई अधिकारी न सुनवाई करता है, न निरीक्षण करने आता है। केवल लीपापोती कर दी जाती है।

**जल संरक्षण की योजनाएं कागजों तक सीमित**

एक ओर सरकार शहर बूंद बचाएंश जैसे जल संरक्षण अभियानों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं जल निगम की लापरवाही से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी यूं ही सड़कों पर बह जाता है। सोमवार को भी दोपहर तक पानी



बहता रहा, मगर मौके पर कोई जिम्मेदार कर्मचारी या अधिकारी नहीं पहुंचा। देर शाम ठेकेदार के साथ कुछ कर्मियों ने आकर लीकेज को ठीक किया।

**पाइपलाइन की गुणवत्ता पर उठे सवाल**

व्यापारियों का आरोप है कि नई बताई जा रही पाइपलाइन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं। पाइपलाइन बिछाने के बाद बार-बार लीकेज इस बात का संकेत है कि या तो सामग्री घटिया है या फिर कार्य मानकों के अनुसार नहीं हुआ।

**प्रोजेक्ट मैनेजर मांगेराम का दावा है**

नई पाइपलाइन डाली गई थी, लेकिन अचानक तेज दबाव से लीकेज हुआ जिसे ठीक कर करा दिया गया है। नई पाइपलाइन डाली गई थी जिसकी चौकिंग की जा रही थी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, नमूने जांच को भेजे

**खतौली।** कांवड़ यात्रा समाप्त होते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की सक्रियता एक बार फिर देखने को मिली। सोमवार को क्षेत्र में विभाग की छापामार कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। गुणवत्ता जांच के लिए कई खाद्य पदार्थों के नमूने जुटाए गए, जिनमें अमूल बटर, मिठाई, सौंफ और हल्दी शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा टीम ने सबसे पहले आईसीडीएस गोदाम, खतौली में दस्तक दी, जहां से फोर्टीफाइड गेहूं का दलिया, फोर्टीफाइड रिफाइंड सोयाबीन तेल और चना दाल के तीन सर्विलांस नमूने एकत्र किए गए। इसके बाद टीम सीधे दयालपुरम स्थित मैसर्स प्रिंस एजेंसी पहुंची, जहां से अमूल ब्रांड का व्हाइट लैक्टिक बटर विधिक जांच हेतु नमूने के तौर पर लिया गया। जैसे ही अमूल बटर का नाम सामने आया, इलाके में चर्चा का दौर शुरू हो गया। लोग खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर असमंजस में नजर आए। इसके बाद टीम ने बघरा क्षेत्र में इंडियन स्वीट कॉर्नर पर पहुंचकर मिठाई के रूप में उपयोग की जा रही बफह्ल का विधिक नमूना जांच के लिए एकत्र किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SAFVAN से बदलकर MOHD SAFVAN रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHD SAFVAN s/o SAFEEK के नाम से जाना व पहचाना जाए।

H.No-443, V Po- Khudda PIN-251307, Dist - Muzaffarngar U.P.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SHALOO से बदलकर SHALOO TOUQEER रख लिया है। भविष्य में मुझे SHALOO TOUQEER w/o MOHAMMAD TOUQEER के नाम से जाना व पहचाना जाए।

H.No-86, Village-Labkari (Pin-247554), Deoband, Saharanpur, U.P.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र अमित उर्फ कल्लू मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नहीं रहा है। आवारा लोगों की अंगत में रहकर आवारा हो गया है। आये दिन मुझे व मेरी पत्नि सुमित्रा को शराब पीकर मारपीट व गाली गलौच कर मुझसे नाजायज रूपयों की मांग करता है। मैने उसकी नाजायज हरकतों को देखते हुए उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। यदि उससे कोई लेन-देन या या झगडा फसाद करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। **सोमपाल पुत्र चौहल सिंह निवासी-ग्राम खामपुर, थाना छपार, जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरा पुत्र आमिर मेरे व परिवार के कहने सुनने मे नही है जिस कारण वह करीब 2 वर्ष पूर्व घर छोडकर चला गया था। गलत संगत में पड़ने के कारण मैने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर करीब 2 वर्ष पूर्व अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। आमिर के किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। आमिर अपने कृत्य व लेन देन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**गुलनसीब आरा पत्नि रऊफ खान निवासी म.न.- 317 छपार, थाना छपार, जिला मुजफ्फरनगर।**

### हादसे में ग्रामीण घायल

**बुढ़ाना।** सडक पार कर रहा एक वृद्ध एक तेज रफ्तार मोटर साईकिल की चपेट में आकर घायल हो गया। घायल वृद्ध को ग्रामीणों ने एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया है जबकि उक्त मोटर साइकिल का चालक फरार होने में कामयाब हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बड़ौदा निवासी लगभग 60 वर्षीय चतर सिंह पुत्र फतेह आज सोमवार के दिन अपने गांव बडौदा से जनपद बागपत मे किसी काम से जाने के लिए बड़ौत वाया बुढ़ाना रोड पर स्थित मिंडकाली बस स्टैंड पर वाहनों की इंतजार मे खड़े होने के लिए सड़क पार कर रहा था कि अचानक से बुढाना की और से तेज रफ्तार से आ रही एक मोटर साईकिल ने वृद्ध चतर सिंह को जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर टक्कर लगने से घायल हुए वृद्ध को आते जाते लोगों ने बुढ़ाना के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया। घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और वृद्ध की पहचान होने पर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक वृद्ध के परिजनों की और से पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली पाई थी।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप के तीसरे दिन खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर में चल रही सीबीएसई नॉर्थ ज़ोन-1 ताइक्वांडो चौंपियनशिप ;बालक वर्गद्ध 2025-26 के तीसरे दिन खिलाड़ियों का जोश और हुनर देखने लायक रहा। विभिन्न भार वर्गों में हुए मुकाबलों में प्रतिभागियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

मुख्य अतिथि जानसठ के एसडीएम जयेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना को जन्म देते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर भाजपा नेता अरुण शर्मा, समाजसेवी आफताब मेवाती, हिमांशु वर्मा, जोगेन्द्र सिंह चौधरी, कोमल प्रजापति, आस मोहम्मद सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अंडर-14 के 23,25 किग्रा वर्ग में हुआ कड़ा मुकाबला. इस वर्ग में खिलाड़ियों ने तकनीकी कौशल और फुर्ती का शानदार प्रदर्शन किया। जय वरदान सिंह (सीमैक्स इंटरनेशनल स्कूल) ने देव करन राम को हराया, जबकि पार्थ जगूरी ने गर्वित मौर्य को मात दी। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में जय वरदान, नीव निश्चल, मिथुल और आदि कपिल ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 के 59,63 किग्रा वर्ग में दिखा जोश इस वर्ग में भी खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। शुभम कुमार, पीयूष




सिंह धामी, माधव गुप्ता, कृष्णा साहा, आयुष्मान शर्मा और अन्य खिलाड़ियों ने शुरुआती राउंड पार कर क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। क्वार्टर फाइनल में पीयूष सिंह धामी, माधव गुप्ता, रोहन महोर और आयुष्मान शर्मा विजयी रहे और अब ये खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। प्रतियोगिता के तीसरे दिन का समापन खेल भावना और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन समिति के अनुसार चौंपियनशिप का समापन 30 जुलाई को भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया जाएगा।

# ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या लोगों को कर रही परेशान

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में अनगिनत ई रिक्शाओं और उनको चलाने वाले अप्रशिक्षित और नाबालिग चालकों का आतंक चारों और छाया हुआ है।घ् ये चालक अपनी अपनी ई-रिक्शाओं में लीमिट से भी ज्यादा सवारियां भूसे की तरह भरकर तेज रफ्तार में चलते हैं और अपनी शान समझते हैं। इनको अपनी और सवारियों की जिंदगी से कोई मतलब नहीं बस एक चक्कर के सीधे एक सौ रूपये या उससे ज्यादा हो जाएं तो फिर मौज्जा ही मौज्जा है।

मगर ये इस बात को नहीं देखते कि अगर कोई बड़ी दुर्घटना हो जाए तो फिर सारी मौज ही निकल जाए। इन ई रिक्शा चालकों को इससे कोई मतलब नहीं कि उनकी ई-रिक्शा में बैठा व्यक्ति किसका लाल है किसका नहीं बस इनको तो अपने काम से मतलब रहता है। इस तरह से ये चालक यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने मे लगे हैं। इनघ् ई रिक्शाओं का बैलेंस चलते हुए कब बिगड़ जाए ये भी नहीं कहा जा सकता। बस एक दूसरे से आगे निकलने की होड में ये भागम-भाग करने से नहीं चूकते और फिर कोई भी बड़ी दुर्घटना हो ही जाती है। गढे में पहिया आने पर भी इन रिक्शाओं के पलटने का पूरा पूरा डर रहता है।

सोमवार के दिन इसी तरह की भागम भाग के कारण एक ई-रिक्शा पलट गयी। जिसकी टक्कर एक बाइक से हो गयी। जिसमें बैठी सभी दर्जनों सवारियां थोड़ी सी चोटिल हो गयी। नाबालिग किशोर भी ई-रिक्शा चलाकर यातायात के नियमों का पालन बिल्कुल भी नहीं कर रहे हैं। इसलिए बुढ़ाना पुलिस को चाहिए कि इन चालकों के लाइसेंस चेक करे और ओवरस्पीड चलाने वालों पर शिकंजा कसे ताकि दुर्घटनाओं में इजाफा ना हो सके।

# संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई करे सरकार: दीपक गम्भीर

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ सहारनपुर मण्डल प्रभारी दीपक गम्भीर के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल मण्डल स्वतन्त्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को सफाई कर्मचारियों की मांगों के लेकर ज्ञापन सौंपा।



सहारनपुर मण्डल प्रभारी दीपक गम्भीर ने सफाई कर्मचारी की समस्यो पर प्रकाश डालते हुए मंत्री जी अवगत कराया कि 2006 से आज तक लगभग 19 वर्षो से संविदा सफाई ईमानदारी लगन और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वाह करता आ रहा है लेकिन विडंबना की बात है कि आज तक सरकार मे बैठे हमारे समाज का प्रतिनिधित्व करने वालो ने कभी अस्थाई सफाई कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग सरकार से नही उठाई । उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ को आप जी बड़ी उम्मीदें है कि आप माननीय मुख्यमंत्री जी राज्य की निकायों मे कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई करने व छटे वेतन की भाती संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन का लाभ दिये जाने की घोषणा से लाभान्वित करने व शासनादेशों के अनुसार संविदा,आऊटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को मौसमनुसार वर्दी, भविष्य निधि, साप्ताहिक अवकाश देय है। लेकिन जनपद मुजफ्फरनगर की नगर पंचायत बुढ़ाना, सिसौली, शाहपुर, मीरापुर, भोक्कारेडी, पुरकाजी, जानसठ, ने सुविधाओं से वंचित रखा गया है। यह सुविधा केवल मुजफ्फरनगर नगर पालिका व खतौली नगर पालिका ही दे रही है। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष सुधीर घामा वाल्मीकि, गोपाल सुधाकर जिला महामंत्री, महानगर अध्यक्ष गौतम राम, सुनील सूद महामंत्री चरथावल, सोहनलाल नगर अध्यक्ष बुढ़ाना, मोहित सफाई नायक , मुकेश बुढ़ाना, अरुण कुमार नगर अध्यक्ष भोक्काहेडी, अशोक कांगड़ा, आलीशान आदि उपस्थित रहे।

# वेदांता पब्लिक स्कूल के तीन सर्वोत्तम छात्रों को लायंस ओलंपियाड दिल्ली ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** लायंस ओलंपियाड दिल्ली द्वारा वेदांता पब्लिक स्कूल के हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वेदांता पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी जी ने विघ्यालय के मेधावी विद्यार्थियों तेजस्वी प्रथम स्थान, आरोही द्वितीय स्थान और ध्रुव चौधरी व आयत बतुल को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर लायंस ओलंपियाड द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ष्यह हमारे विघ्यालय के लिए गर्व का क्षण है। ये विघ्यार्थी अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर आज सम्मानित हुए हैं। इनकी इस उपलब्धि में न केवल उनकी स्वयं की मेहनत बल्कि उनके माता-पिता का अटूट समर्थन और शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन भी शामिल है। परिवार और शिक्षक, दोनों ही एक



मजबूत स्तंभ की तरह छात्रों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि लायंस ओलंपियाड द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोहों का आयोजन एक अत्यंत सराहनीय पहल है। यह न केवल छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने का कार्य करता है, बल्कि उनमें शिक्षा के प्रति रुचि और प्रतिस्पधर्धात्मक भावना को भी विकसित करता है। ऐसे मंच से विद्यार्थियों को न केवल अपनी शैक्षिक योग्यता का आकलन करने का अवसर मिलता है, बल्कि वे वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए भी तैयार होते हैं।विद्यालय में आयोजित इस विशेष सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय को दिया और कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहाँ सभी उपस्थित लोगों ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदान्ता परिवार का सहयोग रहा।


# विद्युत विभाग की लापरवाही से बाल-बाल बची मासूम बच्ची

## घरों की दीवारों से सटे खतरनाक विद्युत पोल नहीं हटाने पर नाराज़गी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे की लोधा कॉलोनी में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही से लोगों की जान पर बन आई है। यहां विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए बिजली के पोल कुछ घरों की दीवारों से इस कदर सटे हुए हैं कि वे जानलेवा खतरा बन चुके हैं। बरसात के मौसम में इन पोलों में करंट उतरने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे कॉलोनीवासी लगातार दहशत में जीने को मजबूर हैं।

सोमवार को इसी लापरवाही का एक उदाहरण तब सामने आया, जब कॉलोनी में एक मासूम बच्ची बिजली के तारों की चपेट में आने से बाल-बाल बची। जानकारी के अनुसार बच्ची अपने घर के आंगन में खेल रही थी और खेलते-खेलते अचानक पास में लगे विद्युत पोल की ओर बढ़ गई। संयोगवश बच्ची की गतिविधि पर घर के परिजनों की नजर पड़ गई और उन्होंने समय रहते चिल्लाकर उसे वहां से दूर कर दिया। यदि कुछ क्षण की भी देरी होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय निवासी चंद्रपाल ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए सोमवार को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कॉलोनी में घरों की दीवार से सटे खतरनाक पोलों को हटवाने की मांग की है। उनका कहना है कि कई बार मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाए हैं।



**कॉलोनीवासियों में बढ़ रहा रोष**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश के समय उनके घरों में करंट आ जाता है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की जान हर समय खतरे में रहती है। लोग डर के साए में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कई लोगों ने अपने घरों के बाहर लोहे की जालियां या रैलिंग भी हटवा दी हैं, ताकि करंट का संचार न हो, लेकिन यह कोई स्थायी समाधान नहीं है।

**प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग**

लोधा कॉलोनी के निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द घरों से सटे इन खतरनाक विद्युत पोलों को हटाकर सुरक्षित दूरी पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो। लोगों का कहना है कि जब तक विभाग जागेगा, तब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए।

# कांवड़ यात्रा के दौरान उत्पात करने वाले पकड़े

**बुढ़ाना।** सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी घटना करने का प्रयास करने वाले आखिरकार धरे गये। रतनपुरी पुलिस ने ये कार्यवाही बुढ़ाना सीओ के नेतृत्व में की और दो आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों ने अपने नाम तरूण पुत्र सुनील निवासी ग्राम हरसरु, सैक्टर 88, थाना सैक्टर 10 व पुष्पेन्द्र पुत्र मामचन्द निवासी मकान नंबर 650/23 सैक्टर 11 लक्ष्मी गार्डन थाना शिवाजीनगर गुरूग्राम हरियाणा बताए। तरुण ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उस दिन हमारी कार में अवैध शस्त्र थे। जिसके कारण हमने गाड़ी नही रोकी थी। अवैध शस्त्रों की बरामदगी हेतु जब पुलिस टीम उनके बताये गये स्थान पर पहुंची तो उनके द्वारा भागने के उद्देश्य से छिपाकर रखे गये पहले से लोड अवैध शस्त्रों से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी। जिसमें पुलिस टीम बाल-बाल बची। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर उन दोनों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से पुलिस ने 01 स्कार्पियो गाड़ी तथा अवैध शस्त्र बरामद किये। गौरतलब है कि कांवड यात्रा के दौरान बीते 17 जुलाई की रात्रि को सठेडी नहर पुल के पास पुलिस कांवड मार्ग पर शिवभक्तों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु तैनात थी तथा मार्ग पर बैरियर लगाकर श्रद्धालुओं को सकुशल मार्ग पार कराया जा रहा था। तभी हरिद्वार की तरफ से 01 तेज रफ्तार स्कार्पियो गाड़ी आती हुई दिखाई दी। पुलिस द्वारा गाड़ी रोकने का इशारा किया गया मगर कार में सवार व्यक्तियों द्वारा ड्यूटी पर नियुक्त कर्मचारी व श्रद्धालुओं पर गाडी चढाने का प्रयास किया गया। जिसमें पुलिस तथा श्रद्धालु बाल-बाल बच गये थे। कार सवार कार को न रोकते हुए सडक पर सुरक्षा हेतु लगाये गये बैरियरों को तोडकर भाग गये थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जौला के 5 युवक बने अग्निवीर

**बुढ़ाना।** इंडियन आर्मी की ओर से आर्मी अग्निवीर सीईई रिजल्ट 2025 की आज रविवार के दिन घोषणा कर दी गई है। भारतीय सेना की ओर से रिजल्ट रौजन के अनुसार पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किया गया है। इनमें से जौला के 5 स्टूडेंट्स का अग्निवीर जीडी में सलेक्शन हुआ है। जिनमें सुहैल राणा, आमिर अहमद, हसन अली, हुसैन अहमद और सागर हैं। इन पांचों के अग्निवीर बन जाने से जौला में खुशी का माहौल बताया गया है। सभी ग्रामीणों ने इन अग्निवीरों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और सभी के स्वागत की तैयारी भी कर ली है।

### हिंसक वीडियो मामले में दो आरोपियों को भेजा जेल

**भोपा।** सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट को वायरल करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों आरोपियों ने साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने के उद्देश्य से पाकिस्तान के नृशंस हत्याकांड की वीडियो व भडकाऊ ऑडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित किया था।

भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि बीते दिनों सोशल मीडिया ग्रुप्स पर एक लोमहर्षक, खतरनाक एवं सनसनीखेज वीडियो व ऑडियो वायरल की गई थी, जिसमें एक घर में महिला व छोटे छोटे बच्चों की लाख खून में लथपथ पडी हुई थी। साथ ही एक ऑडियो डाली जा रही थी, जिसमें यह कहा जा रहा था कि यह वीडियो जनपद मुरादाबाद के ग्राम मंसूरपुर थारक नंगला के पास की है, जहां बजरंग दल के कुछ लोग मुस्लिम घरों में घुसकर लोगों के साथ हिंसा कर रहे हैं। भोपा पुलिस ने इंडियन ग्रुप, जिला पंचायत वार्ड 22 जौला ग्रुप व मुस्लिम राजपूत संगठन जौला ग्रुप में शेयर करने वाले आरोपी फुरकान निवासी जौला थाना बुढाना व राणा व्हाटसअप ग्रुप व दो अन्य को शेयर करने वाले आरोपी सलीम निवासी जौला को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

### अधिवक्ता की पत्नी के निधन पर छाया शोक

**बुढ़ाना।** एक अधिवक्ता की पत्नि के निधन की खबर पर अधिवक्ताओं में शोक व्याप्त हो गया।घ सभी अधिवक्ताओं ने एक आपात बैठक करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन बुढाना से जुडे वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर यशपाल सिंह की पत्नि बिमला देवी का बीती रविवार की देर रात के समय आकस्मिक निधन हो गया था। इस निधन की सूचना के बाद आज सोमवार के दिन बार एसोसिएशन बुढाना की आपात बैठक में उनकी आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सभी अधिवक्ताओं की सहमति से लिए गए निर्णय के अनुसर अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहे। इस शोक सभा में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन बुढाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर, पूर्व बार संघ अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष सुरेशपाल सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लाल गर्ग, विश्वास त्यागी, मौहम्मद मियां रिजवानी, योगेश कुमार सैनी, कृष्ण त्यागी, अलीम सिद्दीकी, आबाद कुरैशी, रविंद्र कुमार, इलियास सैफी, ईश्वर दयाल संगल, ओमप्रकाश व प्रशांत शर्मा सहित सब पदा. धिकारी, अधिवक्ता मौजूद रहे।

### गन्ना कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**मीरापुर।** ग्राम जलालपुरनीला व ग्राम स्याली (गन्ना विकास परिषद, टिकौला) में गन्ना किसान संस्थान मुजफ्फरनगर द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय गन्ना किसानों को गन्ने की उन्नतशील खेती, मृदा पोषण, सहफसली खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वैज्ञानिक तरीकों से प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सौवीर सिंह, गन्ना किसान संस्थान मुजफ्फरनगर के प्रभारी रामबरन सिंह, गन्ना शोध परिषद मुजफ्फरनगर के कीट रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. सिंह, गन्ना प्रबंधक हेड डॉ. दिनेश अग्रहरि, गन्ना प्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता तथा सर्किल प्रभारी महेंद्र कुमार और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।वक्ताओं ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि गन्ने की अधिक पैदावार के लिए समय पर फसल प्रबंधन, उचित उर्वरक उपयोग, कीट-रोग नियंत्रण और फसल विविधीकरण आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और प्रशिक्षण के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब भी विशेषज्ञों द्वारा दिए गए।

### चोरी का खुलासा नहीं होने पर पीड़ितों ने विधायक से लगाई गुहार

**जानसठ।** क्षेत्र के गांव हाजीपुर में हुई 50 लाख की चोरी का खुलासा नहीं होने से नाराज़ पीड़ितों ने क्षेत्रीय विधायक मदन भैया से मुलाकात कर आप बीती सुनाई, और घटना का शीघ्र ही खुलासा कर चोरी का माल बरामद कराने की मांग की है। विधायक मदन भैया ने जल्द ही खुलासा कराए जाने आश्वासन दिया है।

करीब बीस दिन पूर्व क्षेत्र के गांव हाजीपुर में विशेष के बंद पड़े मकान में से करीब 50 लाख रुपए के कीमती गहने और कपड़े तक चोरी कर ले गए। पीड़ित विशेष एवं उसकी बहन पूनम ने विधायक मदन भैया को बताया कि वह दिल्ली में रहकर नौकरी करता है उसके माता-पिता और उसकी बहन दूसरे मकान में रहते हैं। पीड़ित ने अपने परिजनों के साथ क्षेत्रीय विधायक मदन भैया से मिलकर चोरी की घटना का खुलासा कराते हुए गहने बरामद कराने की मांग की है। इस दौरान विधायक मदन भैया ने पीड़ित परिवार को उच्च अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र ही घटना का खुलासा कराने का आश्वासन दिया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि स्थानीय पुलिस उनकी कोई बात भी सुनने को तैयार नहीं है।

### जानलेवा हमले के आरोपियों को भेजा जेल

**मोरना।** ब्लॉक मुख्यालय के गांव मोरना में तीन दिन पूर्व एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित के मामा कि तहरीर के आधार पुलिस ने एक आरोपी को नामजद करते हुए तीन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने सोमवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी मोहम्मद इकरार ने तहरीर देकर बताया था कि बीते शुक्रवार को उसका 23 वर्षीय भांजा मौहम्मद जुबैर बाजार से अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह घर के पास पहुंचा तभी तीन लडके हथियारों से लैस होकर उसका पीछा करते हुए आए और उस जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे जुबैर को गम्भीर चोटें आई। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने जुबैर की जान बचाई। हमलावर लोगों को देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### लायंस क्लब ने रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया तीज पर्व

**खतौली।** रविवार को लायंस क्लब खतौली द्वारा हरियाली तीज का उत्सव बड़ी ही धूमधाम और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। यह भव्य आयोजन सन ऑफ स्वाद अरिहंत स्वीट्स परिसर में सम्पन्न हुआ, जहां कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था क्लब अध्यक्ष लायन अर्जुन गुप्ता व प्रथम लायन लेडी सपना गुप्ता के मार्गदर्शन में की गई थी। कार्यक्रम में महिलाओं व सदस्यों के मनोरंजन के लिए तंबोला, डांस और विभिन्न रोचक खेल आयोजित किए गए, जिनमें विजेताओं को आकर्षक उपहारों से सम्मानित किया गया। उत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर झूले झूलते हुए तीज के गीतों पर नृत्य किया, जिससे माहौल उल्लासपूर्ण हो गया। इस अवसर पर तीज क्वीन का ताज मोना वर्मा पत्नी लायन ब्रजपाल वर्मा को पहनाया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन लायनेस वीनू जैन एवं पारुल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में अर्जुन गुप्ता (अध्यक्ष), पीयूष जैन (सचिव), नितिन गोयल (कोषाध्यक्ष), संयोजक लायन ब्रजपाल वर्मा, लायन सुनील जैन, लायन विनीत जैन, लायन मनीष जैन, उमेश कुमार, भूपेंद्र गुप्ता,विक्रांत जैन, राहुल जैन, अशोक जैन, लायन पारुल जैन, लायन विभोर जैन, गौरव जैन, लायन प्रणव वर्मा, अरविंद जैन, अनुज शर्मा, अभय जैन, अमित गोयल, सहित क्लब की लायनेस सदस्यों सपना गुप्ता, वीनू जैन, रेशू गोयल, मोना वर्मा, रुचि जैन, तनिका जैन, सुरभि जैन, मीना रानी, शुभा गुप्ता आदि की विशेष उपस्थिति रही

# डेढ़ वर्ष में बदले गए 5 उपजिलाधिकारी

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** इन कुल डेढ़ वर्षो में 02 डीएम और शासन ने बुढ़ाना क्षेत्र में 05 एसडीएम बदल दिए। अब बुढ़ाना के नये एसडीएम कोन होंगे अभी तक भी नाम सामने नहीं आ पाया है।

बीते वर्ष 2024 में 01 फरवरी को यहां तैनात एसडीएम अरुण कुमार श्रीवास्तव का तबादला शासन ने बदायूं जिले के लिए सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर कर दिया था। उनके स्थान पर तत्कालीन डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने यहां का एसडीएम खतौली क्षेत्र की न्यायिक एसडीएम श्रीमति मोनालिसा जौहरी को बनाया था। उस समय वे यहां पर कुल सवा 04 माह के आसपास ही रह पाई थी क्योंकि बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने उन पर मय सबूत के गंभीर आरोप लगाए थे। तब उनको जांच पूरी होने के बाद जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया गया था। उनके स्थान पर यहां बीते वर्ष 10 जून को तीसरे एसडीएम के रुप मे संजय सिंह को तैनात किया गया था। वे यहां पर लगभग 02 माह ही रह पाए। कुछ शिकायत मिलने पर उनको भी डीएम उमेश मिश्र ने जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया था और उनके स्थान पर बीते वर्ष 13 अगस्त को राजकुमार भारती को बुढ़ाना का चौथा नया एसडीएम बनाया था। राजकुमार भारती यहां पर अपनी अच्छी और बेबाक कार्यशैली के बल पर साढ़े दस माह तक एसडीएम रहे लेकिन बीती 30 जून को राजकुमार भारती को यहां से हटाकर खतौली का एसडीएम बनाया गया और पांचवें नये एसडीएम के रूप से एक बार फिर मोनालिसा जौहरी को पब्लिक की मांग पर रिपीट किया गया। जिसमें वे एक महीने से कम समय की बुढ़ाना एसडीएम रही। अब शासन ने बीती रविवार की देर रात मोनालिसा जौहरी का तबादला जनपद बहराइच के लिए कर दिया। अब इन डेढ़ वर्षों में छठा एसडीएम कौन होगा यह देर रात समाचार लिखे जाने तक पता नहीं लग पाया था। एसडीएम मोना. लिसा जौहरी का दो बार का कार्यकाल अवैध कब्जा, मिटी खनन, राशन डीलरों के लिए बड़ा ही खतरनाक साबित हुआ। ऐसी चर्चा बुढ़ाना क्षेत्र में जोरों शोरों से है। कुल मिलाकर इन डेढ़ वर्षों में पांच एसडीएम बदले गयेघ्। जिनमें अकेली महिला एसडीएम मोना. लिसा जौहरी अपनी दमदार कार्यशैली के कारण चर्चाओं में ही रही।

# चौधरी जफरयाब अली की मां का इंतक़ाल, रात में किया गया सुपुर्द ए खाक़

**मुज़फ्फरनगर।** नगर के सुजडू में किसान व कांग्रेस नेता चौधरी जफरयाब अली की माँ के इंतक़ाल के बाद उनके आवास पर हजारों लोग पहुंचे जिन्होंने मा के जनाज़े को कन्धा दिया, जनाज़े की नमाज़ के बाद उन्हे सुपुर्द ए खाक़ कर दिया गया।

आपको बता दे कि चौधरी जफरयाब अली की माँ कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। जिनका कल इंतक़ाल हुआ था।

चौधरी जफरयाब अली के दोनो तरफ के गेट खुले थे। नगर के ही नहीं बल्कि पूरे जनपद से हजारो समाजस. ेवी, नेता और गणमान्य लोग ग़म में शामिल हुए। चरथावल विधायक पंकज मलिक व सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी, राष्ट्रीय जन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक़ील राणा, एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी, सपा नेता सरताज राणा, अब्दुल्ला राणा, भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय चौधरी अध्यक्ष शाह आलम, लेखक फरमान अब्बासी, एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व पश्चिमी प्रदेश महासचिव अख़लाक़ अहमद कुक्कन, प्रदेश सचिव हाजी दीन मौहम्मद अब्बासी, खालिद मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष शाहरुल त्यागी, आमिर कुरैशी एडवोकेट, मो. हसीन सैफी, वार्ड 29 के सभसाद असलम, वार्ड 46 के सभसाद सलीम, वार्ड 3 के सभसाद, सादिक, किसान नेता सलमान अंसारी मौ आकिब समेत कांग्रेस, सपा, बसपा, और एआईएमआईएम पार्टी तथा किसान संगठन के सैकड़ो नेता कार्यकर्ता पहुंचे।

# चोरों ने ताले तोड़कर टयूब्वैल का सामान किया चोरी

**छपार।** रात्रि में अज्ञात चोरों ने तीन बिजली की टयूबेलों के कमरों के ताले तोड़कर व दीवार फाड़कर केबल, स्टार्टर,कटआउट व अन्य उपकरण चोरी कर लिये। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। बसेड़ा निवासी किसान अनिल, राजकुमार व अनिल कुमार की निरगाजनी वाले मार्ग पर खेतों में बिजली की टड्ूवेल है। रविवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने कमरों की दीवार तोड़कर व ताले तोड़कर केबिल, स्टार्टर,कटआउट व अन्य उपकरण चोरी कर लिये। सुबह होने पर जब किसान अपने खेतों पर गये तो ताले टूटे व दीवार टूटी देखकर दंग रह गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# शुक्रताल तीर्थनगरी आश्रम के स्वामी विक्रम दास महाराज ने एसडीएम से की मुलाकात

## स्वामी हरिदास जी के 127वें जन्मोत्सव समारोह का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स सांददाता**

**जानसठ ।** सिद्ध पीठ शुक्रताल तीर्थ नगरी में 30 जुलाई को सतगुरु स्वामी हरिदास जी महाराज का 127 वा जन्मोत्सव मनाया जाएगा उसको लेकर स्वामी विक्रम दास जी एसडीएम जानसठ से मिले तथा उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें निमंत्रण दिया।

सोमवार को सिद्ध पीठ शक्रताल आश्रम के स्वामी विक्रम दास जी महाराज एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे और एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह कों कार्यक्रम में आने का नियन्त्रण दिया । तथा उन्होंने जानकारी देते हुए बताया, कि अखिल भारतीय श्री श्री 1008 परम संत शिरोमणी सतगुरू स्वामी हरिदास जी महाराज समाधि स्थल शक्ति सिद्ध पीठ तीर्थधाम शुकतीर्थ आश्रमं रविदास मिशन गद्दी शुक्रताल, के तत्वाधान में सतगुरू स्वामी हरिदास जी महाराज का 127 वां जन्मोत्सव समारोह इस वर्ष भी बड़े हर्षोउल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

जिसमें दूर दराज के अनेको महात्मागण एंव हजारो श्रृद्धालु पहुंच रहे हैं।इस दौरान स्वामी विक्रम दास जी महाराज के साथ विनोद कुमार, योगेश कुमार संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, नगर हुआ राममय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के एस. डी. कॉलेज मार्केट में सोमवार के पावन दिन, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जीवनगाथा पर आधारित श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ हुआ।

आयोजन की शुरुआत प्रातः एक भव्य कलश यात्रा से हुई, जो एस.डी. कॉलेज मार्केट से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों एवं शिव चौक से होती हुई पुनः एस.डी. कॉलेज मार्केट में सम्पन्न हुई। इस दिव्य यात्रा में नगर की सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं, युवतियों एवं भक्तों ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। भक्ति संगीत, मंगल ध्वनियाँ, जय श्रीराम के जयकारे और पुष्पवर्षा ने सम्पूर्ण नगर को राममय बना दिया और वातावरण में अध्यात्म की सुगंध घुल गई।

कलश यात्रा के समापन उपरांत दोपहर 3:00 बजे से कथा स्थल पर पूज्य कथावाचक श्री अरविंद जी महाराज के पावन मुखारविंद से श्रीराम कथा का प्रथम सत्र आरंभ हुआ। प्रथम सत्र में महाराज श्री ने विधिवत कलश यात्रा की पूर्ति, व्यास पूजन एवं षराम नामष की महिमा का गंभीर व भावपूर्ण व्याख्यान किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि राम नाम केवल एक उच्चारण नहीं, अपितु आत्मा का परिष्कार करने वाली एक चेतन शक्ति है, जो मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान, मोह से मोक्ष तथा सांसारिक उलझनों से आत्मिक शांति की ओर ले जाती है। उन्होंने श्रीराम के जीवन में निहित आदर्शों, त्याग, मर्यादा, शील एवं भक्ति को सरल व सजीव शैली में प्रस्तुत कर समस्त भक्तों को आत्मविभोर कर दिया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने कथा का अक्षुपूर्ण रसवासन किया ।

इस अवसर पर कथा मंच पर नगर एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथि एवं सम्मानित व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें विशेष रूप से उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, प्रसिद्ध उद्योगपति भीमसेन कंसल, अंकुर दुआ, अरविंद बंसल सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में नगर पालिका परिषद की अध्यक्षी मीनाक्षी स्वरूप सहित गौरव स्वरूप, नीरज कुमार, आकाश कुमार, अनुभव कुमार और ध्रुव कुमार ने सपरिवार भागीदारी की। इनके अतिरिक्त भी राकेश कंसल, योगेश सिंघल, विजय तागरा, अनुराग गर्ग, श्याम जसूजा, रक्षित नामदेव, अचिन कंसल सहित नगर के अनेक प्रमुख समाजसेवियों, धर्मप्रेमियों, व्यवसायियों एवं श्रद्धालुजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कथा का संचालन श्री अनिल नामदेव द्वारा किया गया, श्रीराम कथा प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसमें नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन हो रहा है। श्रीराम कथा आयोजन समिति की ओर से समस्त नगरवासियों से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पधारकर भगवान श्रीराम की दिव्य कथा का श्रवण करें, पुण्य लाभ प्राप्त करें और अपने जीवन को धर्म, सेवा व भक्ति की ओर प्रेरित करें।

# महिला डायरेक्टर के साथ मारपीट से रोष

**भोपा।** भोपा स्थित किसान सेवा समिति पर महिला निदेशक के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश मे आया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी निवासी सिद्धार्थ ने थाने आकर बताया की उसकी माता ममता देवी किसान सहकारी सेवा समिति भोपा मे डायरेक्टर हैं।सोमवार को समिति के एमडी अथवा प्रबंधक निद. ेशक शेखर कुमार ने ममता देवी को रिकॉर्ड चौक करने के लिए बुलाया था। सिद्धार्थ ने बताया की वह अपनी माता ममता को लेकर समिति पर पहुंचा। जहां निकटवर्ती गांव धीराहेड़ी निवासी तीन व्यक्तियों ने अकारण ही गाली गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपियों ने ममता देवी के साथ मारपीट की।

# क्षेत्र में ड्रोन निगरानी को लेकर पुलिस हुई सतर्क

## थाने पर शांन्ति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** क्षेत्र में लगातार ड्रोन कैमरे की अपवाह को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर नजर आ रही और थाने पर बैठक आयोजित कर ग्राम प्रधानो से अपने-अपने क्षेत्रों व लोगों को जागरूक करने और संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखने के दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को क्षेत्र में ड्रोन से जुड़ी गतिविधियों को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी के तहत थाना प्रभारी निरिक्षक राजीव शर्मा ने ग्राम प्रधानों व गणमान्य नागरिको के साथ बैठक की , जिसमें ड्रोन कों लेकर फैल रही अफवाहों व दुरुपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया, कि बिना अनुमति के उड़ाए गए ड्रोन पर सख़्त कार्रवाई कार्येवाही कि जायगी।

उन्होंने कहा कि ड्रोन के जरिए आपराधिक गतिविधियों, जासूसी या किसी भी तरह की अफवाह फैलाने की कोशिश को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी ग्राम प्रधानों से अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । इसके साथ ही आम जनता से भी अपील की गई है कि वे ड्रोन का इस्तेमाल करने से पहले स्थानीय प्रशासन से अनुमति जरूर लें। कोई भी संदिग्ध ड्रोन या व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी थाना को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और सुरक्षा को मजबूत करना है। इस दौरान मुख्य रूप से सभी ग्राम प्रधानों के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पंचायत एडवान्समेंट 2.0 कार्यशाला में अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में पंचायत एडवान्समेंट 2.0 की कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक (पं.) एवं अन्य 64 जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पंचायत एडवान्समेंट 2.0 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने सम्बन्धित विभागों का डेटा त्रुटि रहित पीएआई पोर्टल पर फीड कराते हुए उसका सत्यापन कराया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, यदि कहीं पर कुछ शंका हो तो,उसकी जानकारी प्रशिक्षक से प्राप्त कर लें। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कोई भी डाटा फीडिंग में किसी प्रकार की लाप. रवाही ना की जाए। उन्होंने कहा कि खंड विकास स्तर के ग्रामो का खंड विकास अधिकारी स्वयं डाटा को अपलोड कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए खंड विकास अधिकारी द्वारा कराए गए डाटा अपलोड का,स्वयं डाटा की भी समीक्षा करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील तेवतिया,जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामायण के राम होंगे जज्बा दौड़-11 के आकर्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जज्बा दौड़-11 की आयोजक टीम सत्यप्रकाश रेशू के नेतृत्व में रामायण के राम अरुण गोविल से मिली। जज्बा दौड़-11 को सफल बनाने के लिए मेरठ के सांसद रामायण के राम अरुण गोविल पूरे मुज़फ्फरनगर के जज्बा दौड़-11 में आकर्षण का केन्द्र होंगे। जज्बा टीम संयोजक अमित पटपटिया , गुलशन अरोरा, डॉ अनुज पटपटिया, शिवम नारंग खालसा, शिवम शर्मा, नवनीत मिश्रा, निखिल बालियान सत्यप्रकाश के साथ रामायण के राम को राम नाम का पटका पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही मुज़फ्फरनगर के गुड से बना हुआ घेवर भेंट किया। रामायण के राम ने जज्बा दौड़ के बारे में जज्बा टीम से पूरी जानकारी ली। साथ ही स्वयं को जज्बा दौड़ का धावक बताते हुए आवेदन फॉर्म लेकर जज्बा टीम के



साथ खुशी खुशी फ़ोटो खिंचवाने को प्रेरित हो गए। रामायण के शूटिंग काल की दौड़ से संबंधित कई बातें सुनाकर जज्बा टीम में नया जज्बा भर दिया।

जज्बा टीम ने रामायण के राम अरुण गोविल की पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान से जज्बा दौड़ के संबंध में वार्ता कराई। जज्बा दौड़ को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद चंदन चौहान, विधायक मिथलेश पाल, पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप आदि ने युवा में स्वतंत्रता की यादगार ताजा करने के लिए अपना भरपूर समर्थन देना शुरू कर दिया है। जिससे इस बार की जज्बा दौड़-11 को विश्वस्तरीय बनाया जा सके।

# वाणिज्य विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनुपर द्वारा श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य विभाग के स्नातक पाठड्क्रम बीकॉम का रिजल्ट घोषित किया गया। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल में बीकॉम की छात्रा मेघा अरोरा ने 8.27 ब्लच। के साथ महाविद्यालय मे प्रथम स्थान, महविश ने 8.11 ब्लच। के साथ द्वितीय जबकि 7.86 ब्लच।के साथ खुशी चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनुपर द्वारा घोषित किये गये परीक्षा परिणाम में श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य विभाग के स्नातक पाठ्यक्रम बीकॉम के सभी विद्यार्थी उच्च श्रेणी प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मेघा अरोरा ने अपनी सफलता का श्रेय विभाग के प्रवक्ताओं, माता पिता, कॉलेज एवं विभाग द्वारा प्रदान किये गये शैक्षिक वातावरण एवं मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा दी जाने वाली मूल्यवान शिक्षा द्वारा विभिन्न विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारियां मिलती है। जिससे उनके ज्ञान में निरन्तर वृद्धि हो रही है। श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य पाठड्क्रम में मेहविश ने दूसरा स्थान प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि विभाग एवं महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च कोटि की शैक्षिक सुविधायें तथा समय-समय पर विभाग द्वारा स्किल डेवलपमेंट के लिये कराये जाने वाली कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यवहारिक एवं व्यावसायिक कौशल विकसित होता है। उन्होंने बताया कि इन तमाम शैक्षिक गतिविधियों से विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास होता है। वही तीसरे स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशी चौहान ने अपनी सफलता पर बोलते हुये कहा कि विभाग के प्रवक्ताओं के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को परीक्षाओ में सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में व्यवहारिक एवं व्यावसायिक ज्ञान विकसित होता है।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत व लगन का परिणाम है जिससे विद्यार्थियो ने उच्च स्थान प्राप्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी महाविद्यालय से प्राप्त ज्ञान को भविष्य में देश व समाज निर्माण में प्रयोग कर महाविद्यालय व परिवार का नाम रोशन करेगें।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियो को इस क्षेत्र में सशक्त बनने के लिए गम्भीरता से ज्ञान अर्जित करना चाहिए साथ ही यह भी कहा कि यह परिणाम केवल विद्यार्थियो का ही नही बल्कि विभाग के प्रवक्ताओ की मेहनत भी दर्शाता है। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अशफाक अली ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त बनने के लिए गंभीरता से कठिन परिश्रम कर ज्ञान अर्जित करना चाहिए।

वाणिज्य एक विस्तृत क्षेत्र है जहां हम विभिन्न विषयों जैसे प्रबंधन, लेखांकन, विपणन, मानव संसाधन, कर, संचार आदि के बारे में ज्ञान अर्जित कर सकते है।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, उप प्राचार्य डॉ. सौरभ मित्तल, समन्वयक नीतू सिंह, डॉ. विनीत शर्मा, मानव संसाधन पंकज कुमार, डा एम एस खान, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अनिरुद्ध कुमार, प्रवक्ता अभिषेक कुमार, अनिका, माधवी कौशिक, अनुज वर्मा, रितु, आकांक्षा धीमान आदि अन्य शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें शुभकामनाएं दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सड़क हादसे में दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के जिजौला पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर हुए दिल दहला देने वाले सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक दथेडा गांव के एक ही मोहल्ले के निवासी थे और रोज की तरह बिडौली में राजमिस्त्री का काम करने जा रहे थे। सामने से आ रही बर्तनों से भरी तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे की सूचना फैलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और पिकअप व चालक को कब्जे में ले लिया है।





**एक ही मोहल्ले के दो साथियों की एक साथ मौत, गांव में गूंज उठीं सिसकियां**

मृतकों की पहचान दथेडा गांव निवासी मुकेश पुत्र नाथी (25) और प्रवीन पुत्र सुरेश (36) के रूप में हुई है। दोनों का घर एक ही गली में था और गहरी दोस्ती थी। रोज की तरह सोमवार को दोपहर करीब दो बजे दोनों बाइक से बिडौली के लिए निकले थे, लेकिन जिजौला पेट्रोल पंप के पास बर्तनों से भरी पिकअप ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी।

हादसा इतना भयानक था कि मुकेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि प्रवीन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची चौसाना पुलिस ने दोनों को ऊन सीएससी पहुंचाया, लेकिन प्रवीन ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। एक ही मोहल्ले के दो युवकों की एक साथ मौत से गांव में मातम पसर गया है। गली में हर आंख नम है और घरों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

**थानाध्यक्ष व फॉरेंसिक टीम ने किया मौका मुआयना**

हादसे की सूचना मिलते ही चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। सूचना पर थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे, वहीं शामली से फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने पिकअप वाहन और उसके चालक को कब्जे में लेकर चौकी पर बैठा लिया है।

**दो परिवारों से छिन गई रोटी कमाने वाली उम्मीद**

हादसे में जान गंवाने वाले प्रवीन की उम्र 36 वर्ष थी। उसकी शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। उसकी मौत के बाद घर में पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं मुकेश (25) की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। उसके भी एक बेटा और एक बेटी हैं। वह भी परिवार की एकमात्र आय का सहारा था। अब उसके बच्चे अनाथ से हो गए हैं। उसकी पत्नी बेसुध पड़ी है और हर कोई उसे संभालने में लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि मुकेश बेहद मेहनती और मिलनसार था।

गांव के बुजुर्गों ने बताया कि यह पहली बार है जब एक ही गली से एक साथ दो अर्थियां उठेंगी। दोनों युवकों की मौत ने पूरे गांव को हिला दिया है। हर घर में मातम पसरा हुआ है।

# मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बच्चों की सुरक्षा की उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/लखनऊ।** मदरलैंड पब्लिक स्कूल, शामली के प्रबंधक चेतन मुंजाल जी ने आज उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मुलाकात की और विद्यालय से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की। मुंजाल जी ने अवगत कराया कि स्कूल तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क पर कुछ भू-माफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है तथा गैर कानूनी रूप से प्लाटिंग की जा रही है, जिससे विद्यालय आने-जाने वाले छात्रों की सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस विषय में उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस महत्वपूर्ण भेंट के दौरान उनके साथ वरिष्ठ समाजसेवी, प्रवीण गोयल जी एवं सचिन गर्ग जी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जी ने विषय की गंभीरता को समझते हुए तुरंत आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है। मदरलैंड पब्लिक स्कूल प्रबंधन एवं अभिभावक वर्ग ने इस कदम की सराहना की है और आशा जताई है कि बच्चों की सुरक्षा हेतु शीघ्र समाधान मिलेगा।



मदरलैंड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सीएम से बात करते हुए।

# भैंसवाल में शुरू हुआ कौशल रथ

## 63 बच्चों ने सीखा कंप्यूटर संचालन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** सोमवार को ग्राम भैंसवाल में रविवार को 'कौशल विकास मंत्रालय' द्वारा संचालित कंप्यूटर युक्त कौशल रथ का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना भवन विधायक अशरफ अली खान व रालोद जिला अध्यक्ष वाजिद अली प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार आदि ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया गया। थाना भवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा यह रथ केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की प्रेरणा से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। आधुनिक युग में शिक्षा कंप्यूटर सभी युवाओं के लिए जरूरी है। ताकि बच्चे डिजिटल युग की चुनौतियों का सामना कर सके।

डिजिटल शिक्षा आज की जरूरत है। सरकार का प्रयास है कि गांव के बच्चे भी तकनीकी रूप से सक्षम बनें ताकि आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को कंप्यूटर के साथ-साथ डिजिटल उपकरणों के उपयोग, साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम के दौरान गांव के 63 बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

बच्चों और अभिभावकों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे भविष्य निर्माण के लिए उपयोगी बताया। इस मौके पर रालोद जिला अध्यक्ष चौधरी वाजिद अली, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश सैनी, जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार, ऋषिराज, मुबारक अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कौशल रथ को गांव तक लाने पर खुशी जाहिर की और कहा कि इस पहल से गांव के बच्चों को तकनीकी दुनिया से जुड़ने का अवसर मिलेगा।



# डायरिया से बचाव पोस्टर प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में सोमवार को डीआईओएस के आदेशानुसार डायरिया रोको अभियान के अन्तर्गत छात्र छात्राओं के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने बडी संख्या में भाग लिया।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि डायरिया अथवा दस्त एक सामान्य बीमारी है किन्तु बरसात के मौसम में यह कभी - कभी बच्चों और बूढ़ों के लिए जानलेवा भी हो जाती है। इसलिए इससे बचाव करना अति आवश्यक है। इसके उपाय बहुत साधारण किन्तु सावधानी पूर्वक ध्यान रखने योग्य है। जैसे - स्वच्छ जल का उपयोग करना, जल को उबाल कर पीना, जल का उचित संरक्षण, शौच के पश्चात् हाथ व पैरों को अच्छी प्रकार से धो कर स्वच्छ करना, पीडित व्यक्ति को ओआरएस का घोल पिलाना आदि। इन्ही विषयों पर आज छात्र छात्राओं के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता कराई जा रही है जिससे वे इस बीमारी तथा इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक हो सकें। आज की इस प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम, शिखा द्वितीय जबकि छवि और आस्था दोनो तृतीय स्थान पर रही। प्रतिज्ञा पवांर और वैष्णवी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में छवि शर्मा, उमा रानी, पूनम देवी तथा कीर्ति गर्ग का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर सतीश आत्रेय, धनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, फूलकुमार, साकेत निर्वाल, पंकज पाल, अनुज पाल, लोकेन्द्र, महेशनारायण गौड, लक्ष्मी गर्ग, ज्योति तायल, नीतू अग्रवाल, सुमन शर्मा, श्रेणी वर्मा मौजूद रहे।

## एक नजर

### नौ महीने बाद प्रभुजी का अपने परिवार में भावुक मिलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 3.12.2024 को हरीद्वार से अपना घर आश्रम शुक्रताल की रेस्क्यू टीम द्वारा एक लावारिस एवं असहाय महिला प्रभुजी को अपना घर आश्रम शामली में भर्ती किया गया। प्रभुजी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी प्रभुजी अपना नाम पता भी नहीं बता पा रही थी आश्रम द्वारा प्रभुजी को मोनिका नाम दिया गया। प्रभुजी का इलाज डॉ अरुण रॉय जी के परामर्श से कराया गया उपचार तथा आश्रम के अच्छे वातावण एवं व्यवहार से प्रभुजी की मानसिक स्थिति में तेजी से सुधार हुआ आज दिनांक 27.7.2025 को प्रभुजी ने अपने भाई का नम्बर बताया दिए गए नम्बर पर कॉल करने पर उनके भाई खुर्शीद जी से बात हुई प्रभुजी की बात उनके भाई से कराई गई प्रभुजी के भाई एवं प्रभुजी एक दूसरे से बात कर के बहुत खुश हुए प्रभुजी के भाई ने बताया कि वे आज ही अपनी बहन शबाना (मोनिका) को लेने अपना घर आश्रम शामली आ रहे है खुर्शीद जी ने बताया कि प्रभुजी नवम्बर में घर से बिना बताए निकल गई थी एवं बहुत खोजने पर भी नहीं मिली प्रभुजी के भाई खुर्शीद एवं भतीजे जाकिर आलम जी ने कार्यालय कार्यवाही पूर्ण की एवं अपनी बहन शबाना (मोनिका) को अपने साथ अपने गांव मोहनपुर, जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड ले गए।

### मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं को आवेदन कराएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की निम्नलिखित योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in दिनांक 24.7.2025 से 14.8.2025 तक खोला जा रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, शामली ने आज यहां यह जानकारी दी। योजनाओं में यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशो. धित प्रविधान लागू होंगे। योजना में पूर्व के वर्षों में निरस्तध्प्रतीक्षारत आवेदन वाले आवेदक पुनः आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु जनपद शामली के जनपदीय कार्यालय-विकास भवन मुजफ्फरनगर, कार्यालय उप निदेशक मत्स्य, सहारनपुर से किसी भी कार्यदिवस मे सम्पर्क कर सकते हैं।

### कुपोषित बच्चों की समीक्षा

**झालू।** नगर पंचायत कार्यालय में कुपोषण की समस्या को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल द्वारा की गई। जिसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं नगर पंचायत का स्टाफ उपस्थित रहा। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर क्षेत्र में कुपोषण की स्थिति की समीक्षा करना तथा कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु प्रभावी रणनीति तैयार करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत और बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम बनाकर पुनः क्षेत्र में सर्वे किया जाएगा। सभी कुपोषित बच्चों का पुनः वजन और लंबाई मापने की जिम्मेदारी तय की गई है, ताकि पोषण स्तर का सही आंकलन कर आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके। अधिशासी अधिकारी ने निर्देशित किया कि यह सर्वे कार्य समयबद्ध और गंभीरता से संपन्न कराया जाए। बैठक में सामुदायिक सहभागिता और जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, ताकि कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से बच्चों को सुरक्षित किया जा सके।

### धामपुर में मां-बेटा गिरफ्तार

**बिजनौर।** धामपुर थाने में 27 जुलाई को ग्राम मुख्तारपुर उर्फ हकीमपुर दिसौंदी, थाना नजीबाबाद में तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री की शादी छह फरवरी, 2024 को ग्राम गजरौला निवासी मुकुल पुत्र अशोक के साथ हुई थी। शादी के बाद उसका पति मुकुल एवं सास सुशीला पत्नी अशोक दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 26 जुलाई को दहेज की खातिर पति मुकुल व सास सुशीला ने उसकी हत्या कर दी और चोरी छिपे अंतिम संस्कार भी कर दिया। धामपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 286/25 धारा 85,80 (2), 3 (5), 238 व 352 बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने मुकुल व सुशीला को गिरफ्तार कर लिया है।

### इफ्तेखार ने की मौलाना की निंदा

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि डिम्पल यादव एवं इकरा हसन दोनों ही सांसद के समाज और राजनीति में एक गंभीर मुद्दा है। दोनों ही मामलों में आपत्तिजनक टिप्पणियां निंदनीय हैं। कोई धर्म या कोई समाज नारी का अपमान बर्दाश्त नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हम भी इसकी निंदा करते है। ऐसी मानसिकता रखने वाला मौलाना हो या चाहे कोई करणी सेना का सदस्य हो, सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। समाज और राजनीति में आपत्तिजनक टिप्पणियों का प्रभाव बहुत गहरा हो सकता है और यह दर्शाता है कि अभी भी हमारे समाज में कई चुनौतियां मौजूद हैं। सांसद डिम्पल यादव व इकरा हसन जैसे नेताओं के संदर्भ में इस तरह की टिप्पणियां न केवल उनकी व्यक्तिगत गरिमा को प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज में नकारात्मकता और विभाजन को भी बढ़ावा देती हैं। इस तरह के मुद्दों पर चर्चा करते समय हमें सभ्यता और सम्मान का ध्यान रखना चाहिए, ताकि हम एक स्वस्थ और रचनात्मक संवाद को बढ़ावा दे सकें।

### दबंगों ने किया अत्याचार

**मंडावर।** गांवों में फेरी लगाकर रेडीमेड कपड़े बेचने वाले गरीब मजदूरों पर ग्राम मुजफ्फरपुर केशो थाना कोतवाली शहर बिजनौर के लोगों ने अत्याचार किया। पीड़ित ने थाना कोतवाली शहर में तहरीर दी। थाने से रसीद न मिलने पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई। मुस्तकीम निवासी मौहल्ला अफगानान ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह अपने पुत्र अजीम के साथ फेरी लगाकर रेडीमेड कपड़े बेचकर अपनी गुजर बसर करता है।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार करते हैं उसके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी तस्कर को जेल भेज दिया। नगर एवं क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी खुलेआम की जा रही है पुलिस समय-समय पर तस्करों पर कार्रवाई कर रही है। सोमवार को उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की थाना क्षेत्र के गंगेरू रोड स्थित यूनिक इंटर कॉलेज के समीप मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंची पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया जिसके कब्जे से पुलिस के अनुसार तलाशी लेने पर 200 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ करने पर पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम कय्यूम निवासी कांधला मोहल्ला खेल बताया। पुलिस ने तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। पुलिस तस्कर के अन्य अपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी हुई है।



## युवती को ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**झिंझाना।** कस्बा निवासी खुर्शीद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को हामीद निवासी ग्राम अम्बेटा पीर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर व शारिक पुत्र आसिफ निवासी मोहल्ला नीला रोजा झिंझाना शादी का झासा देकर व बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। पीड़ित ने अपनी पुत्री को काफी तालाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला।

# अवैध हथियारों के साथ वीडियो बनाना पड़ा महंगा, आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** युवक को अवैध हथियारों के साथ में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करके दो अवैध असलहे व जिंदा कारतूस बरामद किए है।

एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक घटनाओं में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे की किलागेट चौकी प्रभारी एसआई विनोद राघव ने सोमवार को चेकिंग के दौरान अलीपुर मार्ग पर स्थित टड्यूबवेल से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर व दो तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद हुए है।



पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता साहिल निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। विदित रहे कि पकड़े गए युवक की कुछ दिनों पूर्व अवैध हथियारों के साथ में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई थी, जिसके सम्बन्ध में आरोपी युवक के विरुद्ध कोतवाली पर अभियोग दर्ज हुआ था।

# जंगल से घास ला रही युवती से बदसलूकी, गला दबाने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गांव ताना में घास लेकर लौट रही युवती को रास्ते में एक युवक ने गन्ने के खेत में खींचने की कोशिश की और उसके साथ बदसलूकी करते हुए गला दबाया। शोर शराबा व युवक को धक्का देकर युवती ने खुद को छुड़ाया और मौके से भाग निकली।

मिली जानकारी में सोमवार को घटना उस समय हुई जब युवती खेत से घास लेकर अपने गांव लौट रही थी। रास्ते में जब वह गांव के निकट राजू शर्मा के खेत के पास पहुंची, तभी एक अज्ञात युवक ने उसे दबोच लिया और जबरन पास के गन्ने के खेत में खींच ले गया। आरोप है कि युवक ने युवती से बदतमीजी की और गला दबाने की कोशिश की।

युवती ने साहस दिखाते हुए शोर मचाया व युवक को धक्का देकर खुद को छुड़ाकर खेत से भाग निकली। घर पहुंचकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। सूचना मिलते ही परिजन अन्य मोहल्ले वालों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक की तलाश की, लेकिन वह मौके से फरार हो चुका था।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने गढ़ीपुख्ता पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। हालांकि, खबर लिखे जाने तक परिजनों ने पुलिस से किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही है।

## दो लोगों पर लगाया रुपये नहीं देने का आरोप

**कांधला।** सोमवार को गांव इस्लामपुर घसौली निवासी किसान साहिल पुत्र अजमल ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि एक वर्ष पूर्व कस्बा निवासी दो लोग पीड़ित के खेत पर खड़े पेड़ पंद्रह हजार रूपए में काटकर ले गए थे और रूपए कुछ दिन बाद देने का वादा किया था। पीड़ित का आरोप है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आरोपी उसके रूपए नहीं दे रहे हैं पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बंदरों के हमले से बालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सोमवार सुबह मोहल्ला कानूनगोयान निवासी बालक नवनीत कश्यप अपनी छत पर टहल रहा था तभी बंदरों के झुंड ने उसपर हमला बोल दिया। बालक की चीख पुकार सुनकर परिजन छत पर गए तथा बंदरों के झुंड से बालक को बचाया, लेकिन फिर भी बंदरो के हमले में गंभीर घायल हो गया।

संयोग अच्छा रहा कि घबराहट के बावजूद बच्चा छत से नीचे नहीं कूदा वरना बड़ा हादसा हो जाता। घायल बालक को चिकत्सक के यहां भर्ती कराया। घायल बालक के पिता रामकुमार का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कस्बे में बंदरों के हमलों में कई लोग गंभीर घायल हो चुके हैं। नागरिकों ने वन विभाग तथा नगर पंचायत से बंद. रों को पकड़वाने की मांग की है।

# महर्षि कश्यप एकता संगठन ने किया कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महर्षि कश्यप एकता संगठन के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा गया। जिसमें उन्होने कश्यप समाज सहित 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसू. चत जाति में परिभाषित करने व कश्यप समाज पर हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न रोकने की मांग की।

सोमवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि कश्यप समाज पर हो रहे आए दिन अत्याचार व उत्पीड़न को रोकने के लिए धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। कश्यप समाज सहित 17 अतिपिछड़ी जाति को अनुसूचित जाति में परिभाषित किया जाए। महर्षि कश्यप एकता संगठन इन 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में परिभाषित करने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है जो कि इनका संवैधानिक अधिकार है अवगत कराने की 2012 की विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी इन 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने की बात कही थी। परंतु आज तक भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार अपना वादा पूरा करने का काम करें। जिससे समाज के ऊपर दबंग जातियों के द्वारा किए जा रहे अत्याचार में उत्पीड़न को रोक सके और इन जाति की शैक्षिक स्थिति व आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके अवगत कराना चाहते है कि अभी 2024 के लोकसभा आम चुनाव में संगठन ने पूरे सहारनपुर मंडल में आरक्षण वोट नहीं भाजपा सरकार के बैनर गांव दर गांव लगवा कर भाजपा उम्मीदवार को हरवाकर अपनी ताकत का एहसास कराया है। उन्होने कहा कि अगर जल्द से जल्द कश्यप समाज सहित 17 जातियों को अनुसूचित जाति में परिभाषित नहीं किया गया तो मजबूर होकर महर्षि कश्यप एकता संगठन होने वाले विधानसभा चुनाव 2027 के आम चुनाव में भाजपा का बहिष्कार करके भाजपा को हराने का काम करेगा। इस अवसर पर प्रदीप कश्यप, मास्टर सुशील कश्यप, लो. केंद्र सिंह कश्यप, प्रमोद कश्यप, जितेंद्र कश्यप, मुकेश कश्यप, शुभम कश्यप, सचिन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# विव्रत सागर मुनिराज ने दिए जीवन पर आधारित प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि हजारों लोग गुरु की वाणी सुनते हैं, पर जीवन में परिवर्तन कुछ गिने-चुने लोगों में ही होता है। इसका कारण श्रद्धा की कमी है। जिनकी श्रद्धा प्रगाढ़ होती है, उनके जीवन में गुरु के दो शब्द भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। कार्य में व्यस्तता होने के कारण गुरुदेव ने आचार्य भगवन विराग सागर से केवल एक वाक्य हअगर बढ़ना है तो खाली होना पड़ेगाह सुनकर जीवन की दिशा बदल दी और आगे चलकर वे आचार्य विमर्शसागर बन गए। उन्होने कहा कि सच्ची समाधि जीवनभर साधना का फल होती है, न कि केवल मृत्यु समय की कोई प्रक्रिया। जीवनभर मोह-माया में लिप्त व्यक्ति अंतिम समय में भी उनसे मुक्त नहीं हो पाता। एक सेठ की कथा इसका प्रमाण है, जो मृत्यु श"या पर भी तिजोरी की चाबी नहीं छोड़ पाया और दान से इनकार कर बैठा। आचार्यों ने दो प्रकार की संलेखना बताई है। काय संलेखना द्धशारीरिक त्यागऋ और कषाय संलेखना द्धराग-द्वेष का त्यागऋ। कषाय संलेखना जीवनभर होती है, जबकि काय संलेखना मृत्यु के निकट होती है, पर उसका उद्देश्य केवल बाहरी क्रियाएं नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण मानसिक तैयारी होती है। चित्र अनावरण राजेश जैन, सीमा जैन परिवार द्वारा, पाद प्रक्षालन मनीष जैन, सविता जैन परिवार द्वारा एवं शास्त्र भेंट सुधीर जैन एवं साथियों द्वारा करके पुण्य लाभ लिया गया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली ( जनपद शामली )**

पत्रांक: 520/SFI दिनांक: 28/7/025

**जैम निविदा सूचना**

पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद शामली राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड मद के अन्तर्गत 28 सफाई श्रमिक की आपूर्ति का कार्य वेबसाइट https://gem.gov.in/ पर निविदाएं रजिस्टर्ड श्रेणी के ठेकेदार / फर्मों से शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जाती है, नियम व शर्तें निविदा के साथ अपलोड की जाएगी। जो वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद शामली**

# आधा दर्जन युवकों ने किशोर के साथ की मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बुढ़ाना बस स्टैंड से आधा दर्जन बाइक सवार युवक एक किशोर को बाइक पर बिठाकर अज्ञात स्थान पर ले गए और किशोर के साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़ित के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी अंसार पुत्र वहीद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का पुत्र रिहान रविवार को अपने मामा के घर से आ रहा था। जैसे ही पीड़ित का पुत्र कस्बे के बुढ़ाना बस स्टैंड पर पहुंचा तो आरोप है कि साकिब, दानिश व बिलाल



उर्फ बिल्ला पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला आलखुर्द कैराना अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ बाइक पर



सवार होकर आए और पीड़ित के पुत्र को अज्ञात स्थान पर ले गए। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के पुत्र के साथ मारपीट करते हुए अकरम नाम के युवक के खिलाफ गाली गलौज दिलवाई। किसी तरह पीड़ित का पुत्र आरोपियों के चंगुल से छुटकर मैन रोड पर आया और राहगीरो की मदद से घर पहुंचा।

पीड़ित के पुत्र के द्वारा घर पहुं. चने पर अपने परिजनों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी नहीं दी गई।पीड़ित के परिजनों को घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हुई। पीड़ित के पिता ने आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बाइक पर सवार दो महिला व एक पुरुष सहित तीन लोग रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा पीएचसी कासमपुर गढ़ी ले जाया गया। जहां रविवार को चिकित्सक उपलब्ध न होने के कारण एक निजी डाक्टर के यहां भर्ती कराया गया। सुरेश पुत्र रामकुमार निवासी शाहलीपुर कोटरा, थाना बढ़ापुर विमला देवी पत्नी राजू ,कुसुम देवी पत्नी सुरेश निवासी कादमपुर तीनों बाइक पर सवार होकर एक शोक सभा में शामिल होने मालधन थाना रामनगर (उत्तराखंड) जा रहे थे कि ग्राम मानियावाला स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर विप. रीत दिशा से आ रही रेत के भरी टैक्टर ट्राली की चपेट आने से तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

# विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति बंसल और स्वाति जैन द्वारा किया गया।

दीप प्रज्वलन के पश्चात मीनाक्षी द्वारा पर्यावरण के महत्व को उजागर करता हुआ एक प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम के आरव, तनवी, वंदना, हार्दिक ने एवं कक्षा दो से रिया, आयुषी, अतुल, आदित्य, विहु, दर्श, आर्यन, देवांश, आस्था, वामिका, अवि, दिव्या, अदिति ने भाषण, कविता एवं नाटिका के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदे. श दिया।




प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया कि हमें अपने पर्यावरण को बचाने के लिए न सिर्फ जागरूक होना चाहिए, बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी छोटे-छोटे कदमों से इसे सुरक्षित बनाना चाहिए। वृक्षारा. पण, जल संरक्षण, प्लास्टिक का बहिष्कार जैसे कार्यों को अपनाकर हम एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं प्रियंका, राशि, रुचि, सोनी, रूबी, ईना, रिचा, आंचल, नीतू, चांदनी, पारुल, काजल, सारिका इत्यादि उपस्थित रहीं।



**शामली। सोमवार को हुई झमाझम बारिश के बीच जाता ई रिक्शा चालक। छाया शाह टाइम्स**

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा प्रथम से लेकर पांचवी तक के छात्रों ने वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय आज पश्चात युग में मोबाइल पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है रहा।

सोमवार को प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर 11वीं तक के छात्रों ने परम्परागत शिक्षा और ई लर्निंग शिक्षा प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विश्वास पैदा करना, बौद्धिक विकास और वाचन कौशल में प्रोत्साहन देना था।

क्योंकि स्कूलों में वाद विवाद प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र अपने विचार ही नहीं दूसरों के विचार सुनकर प्रोत्साहित होते हैं।



प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व कक्षा प्रथम से पांच तक के लिए अनुपम मित्तल, रिया मित्तल, अंजुल चौधरी को और कक्षा 6 से 11वीं तक के लिए विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रविंद्रपाल सिंह मलिक, अरविंद चौधरी, मनीष मित्तल को जज के रूप में चुना गया।

वाद विवाद प्रतियोगिता के शुरू से अंत तक सभी प्रतिभागियों में एक नया जोश और उमंग देखा गया। कक्षा तीन से पांच तक में उदय अहलावत स्प्रिट हाउस से प्रथम, नंदिनी मित्तल डिस्कवरी हाउस से द्वितीय और अंशिका और कनक एंबीशन हाउस से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 तक पलक स्प्रिट हाउस से प्रथम अहाना, एंबीशन से द्वितीय तथा दक्ष डिस्कवरी हाउस से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 11 तक के छात्राओं में सुहाना एंबीशन हाउस ने प्रथम, प्रणिका एंबीशन और तय्यबा जैदी स्प्रिट से द्वितीय और शुभम स्प्रिट हाउस से तृतीय प्राप्त किया।

# जसाला में दो घरों में चोरी, बदमाशों ने मां बेटे को मारी गोली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जबकि कई घरों में चोरी का प्रयास किया। जाग होने पर बदमाशों ने मां बेटे को गोली मार दी। गोली लगने से मां बेटा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मां बेटे की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बदमाश भागते हुए गांव के ही एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। मामले में घायल के चचेरे भाई ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव जसाला में आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों में रविवार की मध्य रात्रि को गांव के ही रिटायर्ड फौजी महेंद्र सिंह के मकान का ताला तोड़ कर गल्ले में पांच हजार रूपए की नगदी चोरी कर ली, इसके बाद बदमाशों में गांव के ही सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे डॉक्टर फग्गन सिंह के बंद मकान को खंगाल दिया। डॉक्टर फग्गन सिंह के मकान में कितना नुकसान हुआ है इसका आकलन नहीं हो सका है। जाग होने पर पड़ोस का ही सचिन अपनी मां शिक्षा देवी के साथ अपने मकान के ऊपर लगी रेलिंग के पास पहुंचा तो बदमाशों ने मां बेटे पर फायर झोंक दिया। गोली लगने से सचिन और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मां बेटे को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मां बेटे की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बदमाशों ने गांव के ही एडवोकेट जगत सिंह, रणवीर और यशपाल के घरों में भी बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश आराम से जाते होते हुए सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे हैं।

मामले में सचिन के चचेरे भाई वर्णिक चौहान ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# बुखार से पीड़ित महिलाओं पुरुषों व बच्चों की अस्पताल में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में वायरल बुखार का प्रकोप बढ़ा हुआ है सरकारी अस्पताल में बुखार से पीड़ित दर्जनों महिला पुरुष व बच्चों ने पहुंचकर अपना उपचार कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बरसात के मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी। बुखार व नगर एवं क्षेत्र के कई महिला ,पुरुष व बच्चों को अपनी चपेट में ले रखा है। बरसात के मौसम में कई तरह की बीमारियां पनप जाती हैं। जैसे वायरल बुखार, उल्टी दस्त, फोड़ा फुंसी, मलेरिया, डायरिया सहित कई बीमारियां फैल जाती है।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में महिला ,पुरुष व बच्चों को वायरल बुखार ने अपनी चपेट में ले रखा है। सोमवार को एक दिन का



अवकाश होने के बाद अस्पताल खुलते ही भारी संख्या में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। मरीजों में ज्यादातर वायरल बुखार से पीड़ित महिला पुरुष व बच्चे पहुंचे। चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर सभी रोगियों को प्राथमिक उपचार कर उन्हें सावधानी बरतने की सलाह दी। चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में कई बीमारियां फैल जाती हैं जिनसे हमें सावधानी बरतनी चाहिए और तुरंत अपना उपचार करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर संचारी रोग अभियान के तहत उपचार कर रही है और लोगों को जागरुक भी कर रही है।

## डॉ. भगवान का रूप होते हैं, सभी रोगियों को मिले बेहतर इलाज: वीरेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल में नवनियुक्त चिकित्सक प्रभारी का समस्त स्टाफ ने स्वागत समारोह का आयोजन किया और उन्हें राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर हार्दिक बधाई दी। इस दौरान दर्जनों स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे। कई दिन पूर्व सीएमओ शामली अनिल कुमार ने सरक. ारी अस्पताल के चिकित्सक प्रभारी रामबीर सिंह का तबा. दला करते हुए उन्हें जसाला स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बनाया था। और गंगेरू स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी वीरेंद्र सिंह को नगर के राजकीय अस्पताल का चिकित्सक प्रभारी की कमान सौंपी थी। सोमवार को उनके कार्यालय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले स्वस्थ कर्मियों ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। स्वागत समारोह के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर उन्हें अग्रीम कार्यकाल की बधाई दी। नवनियुक्त चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने सभी स्वस्थ कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि डाक्टर भगवान का रूप होते हैं सभी अपने क्षेत्र में रोगियों को समुचित इलाज प्रदान करें। किसी भी तरह की उनके कार्यकाल में गड़बड़ी पाई गई तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग ईमानदारी के साथ अपना कार्य करें, उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी की स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले सभी मरीजों को बेहतर इलाज कर उनका उपचार किया जाए। इस दौरान स्वागत समारोह में दर्जनों स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे।



## एक नजर

### सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन माह के तीसरे सोमवार को शहर के सिद्धपीठ शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में हर-हर महादेव के नारे गूंजाएमान रहे। शिवभक्तों ने भगवान शिव को जलाभिषेक कर परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की है।

सावन माह के तीसरे सोमवार को शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर को नहला कर विशेष पूजा अर्चना की। आदिनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में भक्तों की लंबी लाइने लगी रही। श्रद्धालु महिलाओं ने मंदिरों में कीर्तन किया। शहर के सिद्धपीठ मंदिर गुलजारी वाला में सवेरे भगवान शिव को जलाभिषेक किया गया। इसके अलावा माजरा रोड स्थित सिद्धपीठ भाकूवाला मंदिर वाला, सदाशिव मंदिर रेलवार, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला, हनुमान धाम स्थित शिव मंदिर, सुभाष चौक स्थित शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित कुटी वाला शिव मंदिर में सवेरे से ही पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने अपने अपने शिवालयों में भगवान आशुतोष को जलाभिषेक कर परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की। मंदिरों में जलाभिषेक के मददनेजर पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया था। वही शिव मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर उचित व्यावस्था रही।

# शामली शहर में बूंदाबांदी से नहीं मिली राहत, ग्रामीण इलाकों में झमाझम बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को बूंदाबांदी होने से उमस भरी गर्मी से राहत नही मिल सकी। आसपास देहात क्षेत्रों में जहां झमाझम बारिश हुई वही शामली शहर के लोगों को बूंदाबांदी से ही काम चलाना पडा। बूंदाबांदी होने से शहर में उमस और अधिक बढ गई थी और कीचड फैलने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पडा।

शहरवासियों को सोमवार को हुई हल्की बूंदाबांदी से राहत की बजाय और अधिक उमस झेलनी पड़ी। जहां एक ओर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों कांधला, चौसाना, जलालाबाद में झमाझम बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया, वहीं शहर में बरसात की कुछ बूंदें भी गर्मी और उमस को कम नहीं कर सकीं। बूंदाबांदी के कारण शहर की गलियों



में कीचड़ फैल गया, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बारिश की हल्की फुहारों से मिट्टी सड़कों पर फैल गई और फिसलन की स्थिति बन गई। उमस भरी गर्मी के चलते लोग खासे परेशान नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में पिछले कई दिनों से गर्मी और उमस से हाल बेहाल है। सोमवार को बारिश की उम्मीद थी, लेकिन बादलों ने सिर्फ बूंदाबांदी कर माहौल को और भारी बना दिया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश से तापमान में गिरावट आई और मौसम ठंडा हो गया।

किसानों ने इस बारिश को फसलों के लिए लाभकारी बताया है। शहरवासियों को अब भी जोरदार बारिश का इंतजार है, ताकि गर्मी से कुछ राहत मिल सके।

# ड्रोन की अफवाह फैलाने के आरोप में दो गिरफ्तार, चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने ड्रोन की अफवाह फैलाने के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के चलते चालान करके जेल भेज दिया है।



सोमवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार चोरी, लूट आदि की झूठी अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने वाले आरो. पियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार किया है। आरोपी कस्बे के मोहल्ला अफगानान में स्थित पालिका बारात घर के पास ड्रोन उड़ने की अफवाह फैला रहे थे। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता आसिफ व मोहम्मद साहिब निवासीगण मोहल्ला अफगानान कस्बा कैराना बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को शांति भंग की आशंका के चलते भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा-170 के तहत चालान करके जेल भेज दिया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जमीनी सर्वेक्षण कार्य हेतु सरकार द्वारा रात्रि के समय ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में सम्बंधित विभाग द्वारा नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है। ऐसे में कुछ लोग अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे है। रविवार रात्रि मोहल्ला अफगानान में पालिका बारातघर के पास अफवाह फैला रहे दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। किसी को भी अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने की इजाजत नही दी जाएगी।

# बनत एवं बलवा बाईपास पर फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य में तेजी के डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कैंप कार्यालय पर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक में जिला. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों से सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए उचित दिशा निर्देश देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर,व संकेतक लगाने के निर्देश के साथ ही जहां पर भी अधिक रोड एक्सीडेंट होते हैं उन स्थानों को पर विशेष रूप से सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश



दिए साथ ही अतिक्रमण पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा जो भी कार्य कराए गए है उसके बारे में अवगत कराया गया।

बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बनत बाईपास एवं बलवा बाईपास पर प्रस्तावित फ्लाई ओवर के निर्माण के स्वीकृत कार्य में तेजी लाने के निर्देश एनएचएआई को दिए।साथ ही उन्होंने बलवा बाईपास पर हाई मास्क लाइट के सुधार हेतु भी एनएचएआईको निर्देशित किया गया। बैठक में बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए मानक के अनुसार यातायात के नियमों का पालन न करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश के साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लो. नि.वि., साहयक अभियंता दीपेंद्र जायसवाल, एआरटीओ शामली रोहित राजपूत, यातायात सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

इसके उपरांत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) शामली रोहित राजपूत द्वारा जनपद स्तर पर जिला विद्यालईय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न कराई गई। बैठक में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा निर्देशित किया गया सभी विद्यालयों में उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएं। विद्यालय यान पीला रंग में होगी।

बन्द बॉडी टाइप को होगो केनवास हुड वाला कोई भी यान विद्यालय यान के रूप में अनुज्ञाप्त नही होगा।,विद्यालय के टिफिन एवं बैग ले जाने के लिए एक वाहक अवश्य लगा होना चाहिए।,फस्ट एण्ड बॉक्स तथा एक 5 किग्राद्द के बी.आई.एस मार्क के एक अग्नि शामक यन्त्र से सुसज्जित होगी। समस्त सीट बेल्ट सुसज्जित होगी। प्रेशन हॉर्न अथवा मल्टी टोन्ड हॉर्न नही लगाया जाएगा। गति सीमा यन्त्र लगाया जाएगा ताकि जिसकी गति 40 किमी. प्रति घण्टा से अधिक नही होगी।,यान लोकेशन ट्रैकिंग यन्त्र (जी.पी.एस.) अवश्य लगा होना चाहिए।, विद्यालय वैनों में सी. सी.टी.वी. कैमरे उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।

इसे वाहन स्वामी विद्यालय प्राधिकारी सुनिश्चित करेगा।विद्यालय परिसर के भीतर सुरक्षित चढनें एंव उतराने के लिए एक सुरक्षित स्थान होना चाहिए। नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों को लेने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति नही आता है तो माता पिता को बुलाकर विद्यालय में सौंप दिए जाए। विद्यालीय यान के चालक एवं परिचालक को वाहन संचालन के समय निर्धारित वर्दीध्यूनिफार्म में उपस्थित रहना अनिवार्य है।

# छापामारी कर मिलावटी दूध व पनीर किया बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खाद्य विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापामारी के दौरान फैक्ट्री से 450 लीटर रिफाइंड युक्त दूध एवं सात कुंतल मिलावटी पनीर बरामद कर फैक्ट्री को सीज कर दिया गया। टीम ने दूध व पनीर के सैंपल लेकर उन्हें नष्ट कराया। खाद्य विभाग की छापामारी से दूध व पनीर उत्पादकों में हड़कंप मचा रहा।

उपजिलाधिकारी युवराज सिंह एवं सहायक खाद्य आयुक्त मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने देवबंद के गांव इमलिया में चल रही फैक्ट्री पर छापामारी की। टीम ने नकली दूध व मावा के साथ ही सोयाबीन और रिफाइंड के टीन तथा अन्य उपकरण बरामद किए। इस दौरान फैक्ट्री संचालक मौके पर नहीं मिले जबकि मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि फैक्ट्री का लाइसेंस पूर्व प्रधान ऋषिपाल के नाम है। जबकि ऋषिपाल और पूर्व प्रधान तनवीर उर्फ पप्पू इसका संचालन पार्टनरशिप में कर रहे है। फैक्ट्री किराये की जमीन पर संचालित है। सहायक खाद्य आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि फैक्ट्री को दूध से पनीर बनाने का लाइसेंस दिया गया था। मौके से टीम ने आठ नमूने संग्रहित किए, इनमें चार नमूने पनीर, एक सोया मिल्क और तीन दूध के नमूने शामिल हैं। बरामद नकली पनीर व दूध के सैंपल लेकर नष्ट करा दिया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसडीएम युवराज सिंह ने कहा कि क्षेत्र में नकली खाद्य पदार्थ बनाने के धंधे को पनपने नहीं दिया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार और अमित कुमार सिंह भी शामिल रहे।

देवबंद क्षेत्र में मिलावटी दूध व पनीर बिकने की लगातार शिकायते मिलती रहती हैं। जिससे आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नकली सामान बेचकर स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाना चाहिए।



# किसानों का बकाया गन्ना भुगतान सहित अन्य मागों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बकाया गन्ना भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर अविलम्ब गन्ना भुगतान न होने पर विस चुनाव 2027 में भाजपा का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष अमर त्यागी के नेतृत्व में किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। अमर त्यागी ने कहा कि बजाज शुगर में गन्ना किसानों का समय पर भुगतान नहीं कर रही है जिससे किसान आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहे हैं। कर्ज के बोझ तले दबे किसान नागल क्षेत्र से अब पलायन करने लगे हैं। अमर त्यागी ने कहा कि गांव-गांव में फर्जी लाइसेंस धारी नकली कीटनाशक किसानों को बेच रहे हैं जिस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। किसानों ने नागल विकास खंड के बसेड़ा और चंदेना कोली गांव के तालाबों की सफाई के साथ-साथ नागल बस स्टैंड से अतिक्रमण हटवाने और सार्वजनिक शौचालय बनवाने की मांग भी की।

इसके उपरांत किसानो ने नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन भी भेजा और कार्रवाई की गुहार लगई। ज्ञापन देने वालो में शंकर त्यागी, सौरभ प्रजापति, डा. हंसराज गौतम, जावेद अली, अशोक कुमार, नीरज कुमार, अर्जुन सिंह, अनुज कुमार आदि किसान शामिल रहे।



# स्कूल प्रबंधतंत्र ने विजयी विद्यार्थियों को पदक देकर किया प्रोत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजयी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधतंत्र ने पदक देकर प्रोत्साहित किया।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए छात्र रूद्र प्रताप सिंह, वरुण सिंह, वासुपाल व अनन्या त्यागी ने स्वर्ण पदक, वनराज कुमार व अनंत प्रताप सिंह ने रजत पदक तथा धनराज, भव्या सैनी व कार्तिक पुंडीर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रुपेश सैनी ने शानदार प्रदर्शन की सराहना की। कहा कि खेल छात्रों की एकाग्रता, शारीरिक समंवयता आदि को विकसित करने में सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा प्राप्त करने एवं खेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अनिता सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना ध्रुव व संदीप धीमान आदि मौजूद रहे।



# महिलाओं ने तीज महोत्सव में झूला झूलते हुए गाए तीज के गीत

**देवबन्द।** हरियाली तीज महोत्सव विभिन्न संगठनों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए झूला झूलते हुए तीज के गीत गाए।

त्रिवेणी शुगर मिल स्कूल प्रांगण में आयोजित त्रिवेणी लेडीज क्लब द्वारा तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मिसेज तीज प्रतियोगिता में गरिमा प्रथम और राखी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्लब अध्यक्ष गुंजन मिश्रा ने हरियाली तीज महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। मुकेश त्यागी, ऊमा रेड्डी, झुमकी गोप, ममता, आरती शुकला, मोना वर्मा, निर्मला कुंवर, मीरा शर्मा, अल्का कोहली आदि मौजूद रहीं। उधर, भारत विकास परिषद मेंन शाखा द्वारा हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। तीज क्वीन आयुषी गोयल व तीज महारानी निहारिका जैन चुनी गई। मेहंदी, हेयर स्टाइल और सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में महिलाओं ने प्रतिभाग कर पुरस्कार जीते। साथ ही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में गाजियाबाद से आई कवयित्री डा. श्वेता त्यागी ने सुंदर काव्य प्रस्तुत किए। महिलाएं ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। दीपिका वर्मा, पिंकी गर्ग, चंदनबाला जैन, अदिति वर्मा, धीरज सोनी, रश्मि चौधरी, पूजा वर्मा, मोनिका सिंघल, नेहा तायल, आरती सिंघल, साहिबा कपूर, दिव्या तायल, टीना कंसल, मेघा अग्रवाल आदि महिलायें शामिल रहीं।






# पुलिस ने नशा तस्कर को भेजा जेल

**देवबन्द।** नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 122 ग्राम चरस बरामद की पुलिस ने आरोपी को अदालत के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि पुरानी आबकारी रोड स्थित मोहल्ला कटहेड़ा निवासी शोएब उर्फ साकिब उर्फ पासा को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 122 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 820 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्ग कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# कॉलोनीवासियों ने प्रदर्शन कर सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मूलभूत सुविधाओं से वंचित चांद कालोनी के लोगों ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर कालोनी में विकास कार्य नहीं कराने पर नाराजगी जताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव के बहिष्कार करने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

पालिका सभासद गुलफाम अंसारी के नेतृत्व में चांद कालोनी वासियों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंच धरना प्रदर्शन करते हुए परिसर में धरने पर बैठ गए। लोगों का आरोप था कि पिछले 20 सालों से कालोनी विकास कार्यों से अछूती है। कालोनी में न तो बिजली, न पानी और न ही सडक है। कालोनी में चारों ओर लंबी लंबी घास उग जाने तथा गंदगी व कीचड़ जमा रहने से सडकों पर जहरीले जीव जंतु घूमते रहते है। शिकायत के बावजूद भी उनकी फरियाद कोई नहीं सुन रहा है। गुलफाम अंसारी ने कहा की कालोनी में न तो नगरपालिका परिषद कार्य कराता है और न ही ब्लाक स्तर पर काम होता है। ऐसे में कालोनी के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। वह अधिकारियों और नेताओं के चक्कर काटकर थक चुके है। अब उन्होंने निर्णय लिया है कि वह आगामी 2027 के चुनाव का बहिष्कार रखेंगे। इस मौके पर मोहम्मद रियासत, अफजल, मोहम्मद अकरम, वसीम, जावेद, नसीम, फैजान, सरफराज, मुबारक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। एसडीएम युवराज सिंह का कहना है कि पूरे मामले की जानकारी कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।



# आईआईए का देवबन्द चैप्टर चेयरमैन बनने पर जताया हर्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल द्वारा वरिष्ठ उद्यमी बृजेश कंसल को देवबंद चैप्टर चेयरमैन तीसरी बार मनोनीत किया जाने पर उद्यमियों व व्यापारियों ने हर्ष जताया मनोनीत चेयरमैन बृजेश कंसल के आईआईए संगठन में चेयरमैन बन्ने की उनके मनोनयन संबंधी सूचना संगठन द्वारा जिलाधिकारी को दी गई है। वहीं, बृजेश कंसल ने शिवम सिंघल को उपाध्यक्ष, कुणाल गिरधर को महासचिव और सचिन छाबड़ा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है।

# मिट्टी का अवैध खनन करने की एसडीएम से की शिकायत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** एक व्यक्ति ने एसडीएम कार्यालय में दिए ज्ञापन में बताया हैं कि दूसरें गांव निवासी अपने खेत से मिट्टी का अवैध खनन करा रहा है। जिससे आसपास के किसानों के खेत खराब होने से उन्हें भारी नुकसान का खतरा बना हुआ है।



कोतवाली क्षेत्र के गांव महमूदपुर निवासी विनोद कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणो ने एसडीएम कार्यालय में दिए ज्ञापन में बताया कि उसके खेत के पास गांव फलोदा रहमतपुर निवासी किसान की जमीन है। जो कि अपने खेत से गांव चौंदाहेड़ी निवासी से मिट्टी का अवैध खनन करा रहा है। जिससे उसका खेत का आकार खराब होकर बिखर गया है। जिससे उसकी फसल खराब हो रही है। पीडित किसान ने एसडीएम से आरोपियों से उसका खेत ठीक कराए जाने की मांग करते हुए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## मां गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दौर।** गांव मुकरंदपुर निवासी एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा रविवार रात करीब 12 बजे बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर हुआ, जब बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से जा टकराया।

जानकारी के अनुसार गांव मुकरंदपुर निवासी भूपेंद्र उर्फ बॉबी (32) पुत्र पवन कुमार अपनी मां चंद्रावती को लेकर बाइक से गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव के निकट पहुंचे, तभी सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत बिजनौर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने भूपेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि चंद्रावती का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ थाना हल्दौर में तहरीर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला का कहना है कि जांच चल रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# थार व ट्रैक्टर की टक्कर, एक छात्र की मौत, तीन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** सोमवार शाम स्टेट हाईवे पर चौधरी पेट्रोल पंप के सामने बने कट पर सडक पार कर रहे एक ट्रैक्टर में मेरठ की ओर से आ रही एक थार की जोरदार टक्कर से थार सवार तीन छात्र व एक शिक्षक गम्भीर घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि थार ट्रैक्टर से टकराकर सड़क किनारे एक गहरे खड्डे में जा गिरी। राहगीरों ने थार में फंसे घायलों को बामुश्किल बाहर निकाल अस्पताल भिजवाया जहां उपचार के दौरान एक छात्र की मौत हो गई।

उमाही स्थित आईआईएमटी कॉलेज के बीकॉम के छात्र गौरव, बीपीईएस के आकाश व दीक्षांत राठी कॉलेज के शिक्षक भूपेंद्र सिंह के साथ सुबह के समय अपनी मार्कशीट संबंधी कार्य हेतू चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ गए थे। शाम को वापस आते समय जैसे ही वें चौधरी पेट्रोल पंप के सामने स्थित कट पर पहुंचे तभी अचानक थार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और कट से सड़क पार कर रहे एक ट्रैक्टर से जा भिडा। थार टैक्टर से टकराते हुए सडक किनारे एक गहरे खड्डे में जा गिरी। राहगीर तुरंत थार की ओर लपके तथा चारों घायलों को बामुश्किल बाहर निकाल सीएचसी भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गम्भीर हालत में जिला चिकित्सालय रैफर किया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान छात्र आकाश पुत्र मोहन निवासी गांव डोंकोवाली थाना देवबंद की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने बताया कि छात्र आकाश के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई जा रही है।



# बीएससी द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस, बिजनौर के बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

साइंस विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विष्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित परिणाम में बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर में असमा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मानसी राजपूत ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा हिमांशी कटारिया ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। कॉलेज संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, सहायक प्रवक्ता डॉ. शोमा सिंह, डॉ. पायल राठी, रश्मि वत्सल, श्वेता टॉक, शुभांशी वर्मा, संचित कुमार, अदीबा शारिक आदि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से जनता परेशान

## भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने उठाई आवाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर में बढ़ती बिजली कटौती, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा मंडल धामपुर का एक प्रतिनिधिमंडल पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचा और एसई व अधिशासी अभियंता से मिलकर बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समाधान जल्द कराने की मांग की।

भाजपा नेताओं ने अधिकारियों को बताया कि धामपुर नगर में आए दिन बिजली गुल हो जाती है, वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखा भी ठीक से नहीं चलता।

इससे बच्चों की पढ़ाई, व्यापार और घरेलू जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही लाइन सुधार कार्य, ट्रांसफॉर्मर की स्थिति और फीडर के लोड वितरण की समीक्षा कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र धनोरिया, जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, मंडल महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलोत, अनिल शर्मा, आशीष अग्रवाल, नितिन अग्रवाल एड., रविशंकर सैनी, सुमित महेश्वरी, भूपेन्द्र सैनी, नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता आदि शामिल रहे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे जनहित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे।



# नशे की हालत में छत से गिरा युवक

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम झाड़पुरा निवासी नीरज कुमार (28 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र सिंह शनिवार देर रात एक गंभीर हादसे का शिकार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार युवक रात के भोजन के बाद शौच के लिए बाहर गया था। इस दौरान उसने अत्यधिक मात्रा में नशा कर रखा था। नशे की हालत में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। जिससे उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आ गईं। नीरज के गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर गए। वहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के बाद बताया कि युवक की हालत बेहद नाजुक है। सिर में गंभीर अंदरूनी चोट होने की आशंका जताई जा रही है। डॉक्टर ने नीरज को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत हाई सेंटर रैफर कर दिया। जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों का कहना है कि नीरज को काफी समय से नशे की लत है और वे कई बार उसे समझा भी चुके हैं, लेकिन वह लगातार नशा करता आ रहा है। परिजनों का कहना है कि शनिवार को भी नीरज ने भारी मात्रा में नशा कर रखा था, जिसकी वजह से यह हादसा हो गया। ग्राम में युवक की हालत को लेकर चर्चा बनी हुई है।

वहीं परिजन उसकी सलामती को लेकर बेहद चिंतित हैं। डॉक्टर के मुताबिक युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।



**सूचना**

मैंने अपना नाम पंकज सिंह से बदलकर संजय सिंह रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

संजय सिंह पुत्र बालेश्वर सिंह
निवासी ग्राम भायला खुर्द देवबंद

# विमेंस चेस विश्व विजेता बनीं दिव्या



- **विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं 19 साल की दिव्या देशमुख**
- **भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल में हराया, भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का फिडे महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है।

उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रा खेले। जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

फिडे विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग 91 लाख मिलते हैं। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ अगले साल के विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। वे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी ही भारतीय बनीं। कोनेरू हम्पी ने भी फाइनल में जगह बनाने के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया। दिव्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद दिव्या देशमुख ने मां को गले लगाया। मां से मिलते ही वे इमा. ेशनल हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक आए। सेमीफाइनल में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन तान झोंगयी को हराने के बाद दिव्या अपने इमोशंस पर कंट्रोल नहीं कर पाई थीं। महाराष्ट्र की दिव्या ने सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की तान झोंगयी को 1.5-0.5 से हराया से। दिव्या ने पहले गेम में सफेद मोहरों से खेलते हुए 101 चालों में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने बीच गेम में लगातार दबाव बनाकर झोंगयी को गलतियां करने पर मजबूर किया। क्वीन की अदला-बदली के बाद भी दिव्या की स्थिति मजबूत थी, हालांकि झोंगयी ने एक समय वापसी की कोशिश की और बढ़त ले ली, लेकिन समय की कमी में झोंगयी ने गलत चाल चली, जिसका फायदा उठाकर दिव्या दो प्यादों की बढ़त के साथ जीत हासिल करने में सफल रहीं। पहले गेम में काली मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने संतुलित रणनीति अपनाई और गेम ड्रा कराया था। झोंगयी ने 'क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड' ओपनिंग से शुरुआत की, जिसमें दिव्या ने मोहरों की अदला-बदली के साथ संतुलन बनाए रखा। अंत में दोनों के पास एक-एक हाथी, एक-एक छोटा मोहरा (ऊंट/घोड़ा), और तीन-तीन प्यादे एक ही हिस्से में थे, जिसके कारण गेम ड्रा रहा।

# चोटिल ऋषभ पंत टेस्ट सीरीज से हुए बाहर, एन जगदीशन को टीम में जगह



**मैनचेस्टर, वार्ता।** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये है। पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने चोटिल पंत के पांचवें टेस्ट में खेलने की अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऋषभ पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

उन्होंने पंत के बेजोड़ धैर्य और जज्बे की भी तारीफ करते हुए उनके अविस्मरणीय पल को याद किया जब पंत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी की थी। उन्होंने कहा कि पंत ने टीम और देश के लिए जो किया है, उसके बारे में पीढ़ियां बात करेंगी। टूटे पैर के साथ बल्लेबाजी करना बहुत कम लोगों ने किया है। उनकी जितनी भी तारीफ की जाए, वह उनके साहस के साथ न्याय नहीं कर पाएगी। पांचवें टेस्ट मैच से पहले जगदीशन मंगलवार को लंदन पहुंच जाएंगे और भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। जगदीशन काफी समय से भारत ए के सेटअप का हिस्सा रहे हैं। रणजी ट्रॉफी के लगातार दो सीज़न में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। 2023-24 में जहां उन्होंने 13 पारियों में 74-18 की औसत से 816 रन बनाए थे। जबकि अगले सीज़न यानी 2024-25 में जगदीशन ने 56-16 की औसत से 674 रन बनाए थे जिसमें दो शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल है। जगदीशन का 2016 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने के बाद से एक शानदार घरेलू रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने प्रथम श्रेणीय क्रिकेट में 79 पारियों में 47-50 की औसत से 10 शतक और 14 अर्द्धशतकों के साथ 3373 रन बनाए हैं, जिसमें जनवरी 2024 में चंडीगढ़ के खिलाफ 321 रन की पारी शामिल है जोकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एफआईएसयू विवि खेलों में 12 पदकों के साथ भारत का अभियान समाप्त

**जर्मनी, वार्ता।** महिलाओं की रेस वॉक टीम ने कांस्य पदक और ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ भारत ने 12 पदकों के साथ एफआईएसयू विश्व विश्व विद्यालय खेल 2025 में अपना अभियान का समापन किया। जर्मनी में रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट के आखिरी दिन का पहला पदक महिलाओं की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में मिला। इस स्पर्धा में भारतीय टीम सेजल अनिल सिंह, मुनिता प्रजापति और मानसी नेगी ने कुल समय 4:56:06 के साथ कांस्य पदक जीता। सेजल अनिल सिंह सबसे तेज भारतीय रेस वॉकर रहीं, जिन्होंने 1:35:21 समय के साथ 15वां स्थान हासिल किया। मुनिता प्रजापति 1:39:33 समय के साथ 18वें और मानसी नेगी 1:41:12 समय के साथ 20वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की इस 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में चीन ने 4:28:51 के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 4:31:20 समय में दौड़ पूरी कर रजत पदक हासिल किया।

### यूपीओए पेश करेगा नेशनल यूथ गेम्स के लिए दावेदारी

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन (यूपीओए) ने उत्तर प्रदेश में नेशनल यूथ गेम्स के पहले संस्करण की मेज़बानी के लिए कमर कस ली है। एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने आयोजित वार्षिक साधारण सभा के बाद यह जानकारी देते हुए कहा कि आयोजन की कार्ययोजना तैयार कर भारतीय ओलंपिक संघ को इस बारे में प्रस्ताव भेजा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन बृजेश पाठक ने की। उन्होंने पदाधिका. रियों को निर्देश दिया कि सूचीबद्ध खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची बनाकर उनकी ज़रूरतों को समझा जाए और आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

### कौशल हांगकांग की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**हांगकांग, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कौशल सिल्वा को हांगकांग पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि बोर्ड की योजनाओं के अनुरूप यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने और विकसित करने के प्रति कौशल का समर्पण हांगकांग में क्रिकेट के भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमारा मानना है कि उनके मार्गदर्शन में हम न केवल अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को ऊँचा उठा सकते है।

# टेस्ट मैचों में होना चाहिए इंजरी रिप्लेसमेंट का नियम: गौतम गंभीर



- **अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि यह गंभीर चोट है तो यह नियम बेहद आवश्यक है**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के बदले सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को एकादश में शामिल करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि टेस्ट इंजरी रिप्लेसमेंट का नियम होना चाहिए।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस विचार को 'हास्यास्पद' बताया है। गंभीर ने कहा कि बिलकुल, मैं इसके पूरी तरह पक्ष में हूं। अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि यह गंभीर चोट है, तो मुझे लगता है कि यह बेहद आवश्यक है। ऐसे नियम होने चाहिए कि आप किसी और को विकल्प के तौर पर एकादश में ला सकें, बशर्ते यह स्पष्ट रूप से दिख रहा हो। इसमें कुछ भी गलत नहीं है, विशेषकर ऐसी सीरीज में जो पहले तीन टेस्ट में बेहद करीबी रही है। सोचिए अगर हमें 10 खिलाड़ियों के साथ 11 के खिलाफ खेलना पड़ता, तो यह हमारे लिए कितना दुर्भाग्यपूर्ण होता। स्टोक्स ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बिल्कुल हास्यास्पद है कि चोट के विकल्प को लेकर कोई बातचीत चल रही है। इसमें बहुत सी कमियां होंगी, जिनसे टीमें इसका फायदा उठा सकती हैं। आप जो एकादश चुनते हैं, वही खेलनी चाहिए। चोट खेल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी तरह से कनकशन विकल्प को समझता हूं क्योंकि यह खिलाड़ी की सुरक्षा से जुड़ा है। लेकिन मुझे लगता है कि चोट के विकल्प पर बातचीत को यहीं रोक देना चाहिए। अगर आप मुझे एमआरआई में भेज दें, तो मैं किसी और को तुरंत एमआरआई मशीन में भेज सकता हूं। जिसमें दिख जाएगा कि घुटने में हल्की सूजन है और फिर टीम कहेगी हमें नया गेंदबाज मिल सकता है। इसलिए यह बातचीत अब बंद होनी चाहिए।

# मुर्मू-मोदी ने दिव्या देशमुख को बधाई दी





**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने तथा कोनेरू हम्पी को उपविजेता बनने के लिए बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि दिव्या ने सोमवार को हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी को हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। दिव्या फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में कहा कि दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह भी मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं, और शतरंज विश्व चैंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट भारत से थीं। यह हमारे देश में विशेषकर महिलाओं में, प्रतिभा को दर्शाता है। मैं कोनेरू हम्पी की सराहना करती हूं जिन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान उत्कृष्टता बनाए रखी है। मुझे विश्वास है कि ये दोनों महिला चैंपियन और भी गौरव हासिल करेंगी और हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी। श्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि दो उत्कृष्ट भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का एक ऐतिहासिक फ़ाइनल। युवा दिव्या देशमुख के फिडे महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनने पर गर्व है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई, जो कई युवाओं को प्रेरित करेगी। कोनेरू हम्पी ने भी पूरी चैंपियनशिप में अपार कौशल का प्रदर्शन किया है। दोनों खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

## साय ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या व कोनेरू को दी बधाई

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख व कोनेरू हम्पी को बधाई देते हुए कहा कि महिला शतरंज विश्व कप-2025 का फाइनल भारत के लिए गर्व का क्षण था। साय ने एक्स पर ट्वीट कर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज की बिसात पर भारत की बेटियों ने रचा इतिहास। महिला शतरंज विश्व कप-2025 के फाइनल में भारत के लिए यह गर्व का क्षण था, जब भारत की बेटियाँ आमने-सामने रहीं। प्रतियोगिता में दिव्या देशमुख ने खिताब अपने नाम किया, वहीं कोनेरू हम्पी प्रतियोगिता की रनरअप बनी। यह केवल एक मैच नहीं था बल्कि यह एक नए भारत की तस्वीर थी, जहाँ बेटियाँ न सिर्फ सपने देखती हैं बल्कि उन्हें पूरी दुनिया के सामने साकार भी करती हैं।

# रवींद्र जडेजा और सुंदर शतक पूरा करने के हकदार थे: गिल

- **एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है: भारतीय कप्तान शुभमन गिल**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर अपना-अपना शतक पूरा करने के हकदार थे। चौथा टेस्ट मैच ड्रा समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में गिल ने कहा कि पांचवें दिन भारत की पारी के 138 ओवर पूरे होने के बाद जब जडेजा (89) और वॉशिंगटन सुंदर (80) शतक के करीब थे तब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत से ड्रॉ के बारे में पूछा था लेकिन तब ड्रेसिंग रूम से यह संदेश भेजा गया कि दोनों बल्लेबाज खेलना जारी रखें। गिल ने कहा कि शुरुआती दो विकेट खोने के बाद इस तरह का प्रदर्शन अविश्वसनीय है। जडेजा और वॉशिंगटन दोनों ही शतक के करीब थे इसलिए हमने सोचा कि वह दोनों ही शतक डिजर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट मैच आपको कुछ ना कुछ सिखाता है, एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है। उम्मीद है कि हम अगला मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कराने में सफल होंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि आपने अतीत में कितने रन बनाए हैं।

# अंतिम टेस्ट में जैमी इंग्लैंड टीम में शामिल



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पाँचवें मैच के लिए इंग्लैंड ने सोमवार को ऑलराउंडर तेज गें. दबाज जैमी ओवर्टन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आज बताया कि जोफ्रा आर्चर, क्रिस वोक्स, जॉश टंग, गस एटलकसन और ब्रायडन कार्स के साथ जैमी ओवर्टन में छठे मुख्य तेज गेंदबाज होंगे। ओवरटन को टीम में शामिल करने का निर्णय कप्तान बेन स्टोक्स के इस बयान के बाद आया है कि इंग्लैंड को अंतिम मैच से पहले नए खिलाड़ियों की आवश्यकता है। ओवरटन ने तीन साल पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने करियर में अब तक केवल एक ही टेस्ट खेला है। पांचवां टेस्ट मैच 31 जुलाई से ओवल में शुरू होगा। ओल्ड ट्रैफर्ड में रविवार को ड्रॉ रहे चौथे टेस्ट के बाद इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:- बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जैमी ओवर्टन, ओली, रूट, जेमी स्मिथ जॉश टंग व क्रिस वोक्स।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने जीता यूरो कप का खिताब

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो कप) 2025 का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में स्पेन की मारियोना काल्डेंटे ने 25वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इंग्लैंड की अलेसिया रूसो ने 57वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर बराबर रहने पर मैच में निर्णय के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने दो शानदार बचाव किए। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया।

## धीमी ओवर गति के लिए वेस्टइंडीज पर लगा मैच फीस का 10 % जुर्माना

**बासटेयर, वार्ता।** वेस्टइंडीज की टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। वेस्टइंडीज को 26 जुलाई को खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाप धीमी ओवर गति के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

वेस्टइंडीज ने आईसीसी आचार संहिता 2-22 का उल्लंघन किया। उसने तय समय में दो ओवर कम फेंके। कप्तान शाई होप ने आईसीसी मैच अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार कर लिया। इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

# मैनचेस्टर टेस्ट: गिल के नाम दर्ज हुए पांच रिकॉर्ड



- **चार शतक लगाकर ब्रैडमैन व गावस्कर की बराबरी की, सीरीज में 722 रन बनाने वाले पहले भारतीय**
- **ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रा करा लिया, टीम ने दूसरी पारी 143 ओवर बैटिंग की**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** मैनचेस्टर टेस्ट में रिकाड्र्स का दिन शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा के नाम रहा। गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। वे डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी बने। बतौर कप्तान किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में गिल ने सुनील गावस्कर और सर डान ब्रैडमैन की बराबरी की। वहीं रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में नंबर-6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रा करा लिया। टीम ने दूसरी पारी में 143 ओवर बैटिंग की। भारत से शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शतक लगाया। पहली पारी में भारत ने 358 और इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाए। शुभमन गिल बतौर कप्तान टेस्ट सीरीज में 700+ रन बनाने वाले नौवें बल्लेबाज बने। उनसे पहले सर डान ब्रैडमैन (दो बार), सर गारफील्ड सोबर्स, ग्रेग चौपल, सुनील गावस्कर, डेविड गावर, ग्राहम गूच और ग्रीम स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर कप्तान 722 रनों के साथ सर गारफील्ड सोबर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। रवींद्र जडेजा ने इस सीरीज में अब तक 5 बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। यह इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने यह उपलब्धि सर गैरी सोबर्स के 1966 में बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए हासिल की है। रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के बीच हुई यह शतकीय साझेदारी मौजूदा चार टेस्ट मैचों में भारत की 10वीं शतकीय साझेदारी रही। यह किसी भी टेस्ट सीरीज में भारत की दूसरी सबसे ज्यादा 100+ रन की साझेदारियां हैं। इससे पहले भारत ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 11 शतकीय साझेदारियां की थीं। रवींद्र जडेजा के इस टेस्ट सीरीज में 5 अर्द्धशतक (50+ स्कोर) हो चुके हैं। नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा टेस्ट सीरीज (घरेलू या विदेशी) में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने वीवीएस लक्ष्मण की बराबरी की है, जिन्होंने 2002 के वेस्टइंडीज दौरे में इतने ही 50+ स्कोर बनाए थे। वाशिंगटन सुंदर ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया। यह भारत की ओर से इस टेस्ट सीरीज में 11वीं सेंचुरी है। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ, 1978/79 की घरेलू सीरीज में भारत ने 11 सेंचुरी लगाई थीं। किसी टेस्ट सीरीज में पहली बार ऐसा हुआ जब भारत के चार बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए। शुभमन गिल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा ने ऐसा किया। ओल्ड ट्रैफ्ड में टॉस जीतकर पहले गेंदबा. जी करने वाली टीम कभी टेस्ट नहीं जीत पाई है। टीम को इसमें 3 बार हार मिली और 9 बार मैच ड्रा हुआ। भारत ने अब तक दो बार ऐसे मौकों पर टेस्ट मैच बचाया है जब उसे पहली पारी में 300 या उससे ज्यादा रन की बढ़त का सामना करना पड़ा हो।

# जडेजा 30 से अधिक विकेट व एक हजार से अधिक रन बनाने वाले तीसरे विदेश खिलाड़ी बने



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने किसी एक देश में आज एक हजार से अधिक रन और 30 से अधिक विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। एक हजार से अधिक रन और 30 विकेट लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम भी शामिल हो गया। यहां चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में कप्तान शुभमन गिल के आउट होने के बाद बल्लेबाज करने आये जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए यह उपब्लधि हासिल की। वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स, इंग्लैंड में 1820 रन और 62 विकेट लेकर इस मामले में शीर्ष पर है। इस मामले में इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स ऑस्ट्रेलिया में 1032 रन और 42 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर है।

# विधायक आशु मलिक ने उठाए पर्यावरण के मुद्दे

## कहा बैटरी, तार व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को जलाने से होने वाले नुकसान के आंकलन की हो जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में वन विभाग एवं पर्यावरण विभाग से सम्बन्धित लम्बित याचिकाओं के निस्तारण पर विस्तृत चर्चा करने के साथ ही पर्यावरण से जुडी प्रमुख समस्याओं को रखकर उनके समाधान की मांग की।



बैठक में आशु मलिक ने कहा कि सहारनपुर देहात विधानसभा के साथ पूरे जनपद में बैटरी, तार व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को जलाने का कार्य असंगठित रूप से किया जा रहा है। बैटरी, तार व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को जलाने से वातावरण में अनेक दूषित रसायन मिलते है जिससे लोगों श्वास जनित गंभीर रोगों के साथ स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड रहा है। स्थानीय प्रशासन के संज्ञान में यह प्रकरण है, लेकिन न तो कोई कार्यवाही और न ही स्थिति में सुधार है। उन्होने प्रदूषण बोर्ड की एक प्रवर्तन टीम बनाकर पूरे जनपद में जांच कराकर कार्यवाही की मांगी की। उन्होने ब्लाक पुंवारका स्थित ग्राम खेडा, घानाखंडी, तेल्लीपुरा, पीकी, गोकलपुर, हरोडा, सलेमपुर भूकडी, सय्यद माजरा, गागलहेडी आदि गांवों के साथ जनपद में कैंसर रोगियों में हुई बढोतरी का मामला उठाया और इसके अलावा ढमोला व काली नदी को जिम्मेदार बताया। उन्होने कहा कि इस मामले को पहले भी सदन में उठाया गया था जिस पर 28 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य विभाग व प्रदूषण बोर्ड की संयुक्त टीम बनाकर सर्वेक्षण कर कारण और निदान की रिपोर्ट देने को कहा था जिस पर जनपद स्तर से अधिकारी पानी का सैम्पल लेने तो आये थे, लेकिन उसकी जांच अभी तक नही हो पाई। विधायक आशु मलिक ने सभापति के माध्यम से पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव को समस्याओं का पत्र भेजा। विधायक ने कहा कि जनहित से जुडे मुद्दों को सदन में उठाते रहना ही हमारा दायित्व है।

# बिजली घर परिसर में हवन यज्ञ का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** हाई टेंशन विद्युत लाइन मे बार बार हो रहे टेक्निकल फाल्ट के चलते उपभोक्ताओं व पावर कारपोरेशन के संविदा कर्मियों द्वारा बिजली घर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

पिछले काफी दिनों से 33केवीए की विद्युत लाइन में बार-बार फाल्ट आ रहा था। फाल्ट के कारण कई कई घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहती थी। शांति पाठ के साथ यज्ञ में आहुति दी गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। हवन यज्ञ को पंडित दीपांकर शर्मा ने संपन्न कराया।

इस दौरान अवर अभियंता शिवकुमार, नागेंद्र सिंह, नितेश कुमार, रवि कुमार, लोकेंद्र सिंह, लहरी वर्मा, अजय कुमार, दीपक कुमार, शुभम, सुनील सैनी, भूपेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, विपिन वशिष्ठ, नरेंद्र सिंह, अरुण कुमार, योगेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# इमरान के सवाल पर बोले मंत्री- युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने को प्रतिबद्ध सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद द्वारा लोकसभा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण से संबंधित पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने बताया कि सरकार शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल को एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों को केवल शैक्षणिक डिग्री तक सीमित न रखते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावहारिक और औद्योगिक कौशल से जोड़ना है।

संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन ने बताया कि सांसद मसूद ने पूछा था कि क्या सरकार कौशल प्रशिक्षण को शिक्षा के साथ जोड़ने के साथ-साथ उसे अनिवार्य बनाने की दिशा में कोई कार्य योजना बना रही है, किन क्षेत्रों को प्रारंभिक चरण में अनिवार्य किया गया है, क्या छात्रों को उन्हीं क्षेत्रों में रोजगार देने की कोई योजना है, और क्या दलित, अल्पसंख्यक तथा झुग्गी क्षेत्रों में विशेष कौशल प्रशिक्षण कक्षाएं संचा. लित करने का प्रस्ताव है।

मंत्री ने अपने उत्तर में बताया कि 'समग्र शिक्षा' योजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए स्किल कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। सरकार ने उभरते क्षेत्रों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, वेब 3.0, वर्चुअल रियलिटी, जलवायु परिवर्तन, ग्रीन इकोनॉमी, और ऊर्जा संक्रमण पर आधारित स्किल कोर्स भी शामिल किए हैं।

तकनीकी शिक्षा में इंडस्ट्री से जुड़ाव को बढ़ाने के लिए मॉडल पाठ्यक्रम तैयार किए हैं और इंटर्नशिप को अनिवार्य बनाया गया है। विभिन्न उद्योगों से समझौता कर छात्रों और शिक्षकों को प्रशिक्षण, अपस्किलिंग और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के तहत पिछले 5 वर्षों में 12.94 लाख युवाओं को ऑन-जॉब ट्रेनिंग दी गई है। इसी तरह कौशल भारत मिशन के तहत ग्रामीण, पिछड़े और शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# अमृतधारी अभ्यर्थी को रोकने पर सिख समाज में रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अमृतधारी अभ्यर्थी को ककारों सहित प्रवेश परीक्षा मे रोकने पर सिख समाज मे आक्रोश बना है।



जयपुर राजस्थान की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी मे जज एंट्रेंस एग्जाम के लिए पहुंची पंजाब के जिला तरनतारन के खडूर साहिब की अमृतधारी अभ्यर्थी गुरप्रीत कौर को सिख धार्मिक ककारों सहित एग्जाम सेंटर के अंदर जाने से रोक दिया गया जिससे उसे बिना एग्जाम के वापिस लौटना पड़ा। बता दें कि सिख धर्म मे जो अमृतधारी महिला या पुरुष होता है वो पांच ककार धारण करके रहता है जिसमे हाथ का कडा और कृपाण भी होती है इस कई सौ किलोमीटर की यात्रा करके जयपुर पहुंची इस छात्रा को इस कडे और कृपाण के साथ अंदर जाने से रोका गया जबकि अन्य किसी एग्जाम मे कभी नहीँ रोका जाता उस अभ्यर्थी ने यह भी पूछा यदि इन दोनों ककार छोटे साइज के पहन लूँ तो जाने दोगे लेकिन किसी ने एक ना सुनी जैसे ही लड़की की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई उसके कुछ समय बाद ही सिख धर्म की सर्वोच्च संस्था तख्त श्री अकाल तख्त अमृतसर के जथेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने सोशल मीडिया के माध्यम से सिख जथेबंदियों, संस्थाओ, पार्टियों को कहा कि प्रतिनिधिमंडल बनाकर भारत सरकार और राजस्थान हाईकोर्ट से शीघ्र इस बारे मे वार्ता करे। आज गुरुद्वारा रोड स्थित सिख युवा संघठन के कार्यालय पर पदाधिकारियों ने एकत्र होकर इस बाबत निंदा की इस मौके पर संघठन के संरक्षक सुरेंद्र मोहन सिंह चावला और अध्यक्ष एम पी सिंह चावला ने कहा कि अगर जल्दी ही इस विषय पर भारत सरकार और राजस्थान हाई कोर्ट संज्ञान मे लेकर कोई भविष्य के लिये ठोस कदम नहीँ उठाती तो पहले सरकार को पत्र लिख कर फिर आवश्यकता पडने पर संस्था के प्रतिनिधि भी सरकार से इस बाबत वार्ता करेंगे। इस मौके पर सिख युवा संघठन के संरक्षक अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन सिंह चावला और अध्यक्ष एम पी सिंह चावला के अलावा महामंत्री गोविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष इन्दरपाल सिंह बजाज, दविंदर सिंह चढ़ा, साहिब सिंह, रुपिन्दर सिंह, हरजीत सिंह, सुरेंदर पाल सिंह चावला,जितेंदर सिंह,महीप सिंह, जसविंदर सिंह, परमजीत सिंह, जसबीर सिंह बत्रा, इकबाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# डिम्पल पर अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक टीवी चैनल पर डिबेट के दौरान सपा सांसद श्रीमती डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी द्वारा अशोभीय टिप्पणी करने के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए आज पुलिस अधीक्षक देहात को समा. जवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी ने एक शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।



आज प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस लाइन स्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और उनकी गैर मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि आर रिपब्लिक चौनल के डिबेट कार्यक्रम में स्वयं को मुस्लिम स्कॉलर बताने वाले मौलाना साजिद रशीदी नामक व्यक्ति ने समाजवादी पार्टी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव को लेकर अत्यंत आपत्तिजनक और अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। रशीदी द्वारा की गई टिप्पणी ख्र उनकी पीठ का फोटो देख लीजिए, बिल्कुल नंगी बैठी हैं न सिर्फ महिला गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि यह मातृशक्ति का अपमान है।

फैसल सलमानी ने इस बयान को संपूर्ण देश की महिलाओं की अस्मिता पर हमला करार देते हुए कहा कि यह टिप्पणी सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा देखी जा रही है, जिससे आमजन की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने मांग की है कि ऐसे व्यक्ति पर कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कानून के अनुसार दंडित किया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की घृणित भाषा बोलने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक दल या नेता की बात नहीं है, बल्कि संपूर्ण नारी सम्मान की रक्षा का विषय है। समाज का हर वह नागरिक जो महिलाओं का सम्मान करता है, वह इस टिप्पणी से आहत है। फैसल सलमानी ने एसएसपी से इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

इस मौके पर पार्षद फहद सलीम राष्ट्रीय सचिव मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड चौधरी मेहरबान अंजू रानी एडवोकेट उस्मान तोमरआदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डीआईजी अभिषेक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डीआईजी अभिषेक सिंह ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनता की शिकायतों को सुन उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिये।

शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में आज पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान डीआईजी द्वारा जनता की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनकर उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# राष्ट्र विकास में दें अमूल्य योगदान: एच एस सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय मिर्जापुर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ विजन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक जागरूकता, सेवा भावना और युवाओं की सृजनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से संपन्न हुआ।

इस विशेष अवसर के मुख्य अतिथि ग्लोकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एडिशनल प्रो-चांसलर निजामुद्दीन, कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी और यूनानी संकाय के प्राचार्य डॉ. रिहान ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संयोजन विश्वविद्यालय की छात्र अधिष्ठाता




डॉ. शोभा त्रिपाठी तथा यूथ विजन वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सम्मान समारोह रहा, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से आए एनएसएस से जुड़े दस प्रतिनिधियों को उनके सेवा कार्यों और समाज में सकारात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. हृदय शंकर सिंह ने अपने संबोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा देश का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्हें अपनी ऊर्जा देश के विकास में लगानी चाहिए।

इस अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य और गायन प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। विभिन्न डिग्री कॉलेजों और ग्लोकल विश्वविद्यालय के लगभग 150 छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विश्व. विद्यालय के छात्रों ने विशेष रूप से शानदार प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय एवं तृतीय स्थान और गायन प्रतियोगिता में भी द्वितीय व तृतीय स्थान विश्वविद्यालय के नाम रहे।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

**नानौता।** शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रोनिक सामान कि दूकान मैँ आग लग गई आग लगने से दूकान मैँ रखा लाखों रूपये का सामान जलकर स्वाहा हो गया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने फायर ब्रिगेड को बुलाया फायर ब्रिगेड ने बमुश्किल आग पर काबू पाया दुकानदार के मुताबिक 10 से अधिक रूपये का सामान जलकर स्वाहा हो गया।

रविवार देर रात नगर के थाना रोड स्थित इलेक्ट्रोनिक सामान कि दूकान मैँ अचानक आग लग गई। देर रात को अचानक दूकान मैँ आग लगने से दूकान मैँ रखा लाखों रूपये का सामान कलकर राख हो गया। जब मोहल्ले मैँ जाग हुई तो मोहल्ले वाले आग को बुझाने का प्रयास करने लगे एवं दूकान मालिक को आग लगने कि सूचना दी। बताया जाता है कि आग कि लपटे इतने तेज थी कि पड़ोसियों की दूकान के आस पास पहुंचना भी दुभर हो रहा था देखते ही देखते आग नें विकराल रूप धारण कर लिया। दूकान मैँ आग लगने कि सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह घटना स्थल पर पहुंचे ओर तत्काल प्रभाव से अग्नि श्मन टीम को मौके पर बुलाया। जब तक फायर बिर्गेड कि टीम मौके पर पहुँची तब तक दूकान मैँ रखा सामान जलकर सवाह हो चुका था। ओर दूकान कि दूसरी एवं तीसरी बिल्डिंग पूरी तरह आग कि चपेट मैँ आ गई थी। मोके पर मौजूद फायर बिर्गेड एवं थाना पुलिस टीम नें कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन आग बुझते बुझते भी दुकान कि तीनो बिल्डिंग के खिड़की दरवाजे तक जलकर खाक हो चुके थे. पीड़ित दुकानदार गुलशन कुमार नें बताया कि रविवार कि रात को दुकान बंद करते समय सब कुछ ठीक ठाक था अचानक देर रात दूकान मैँ शार्ट सर्किट हुआ ओर दूकान मैँ आग लग गई।

# नलकूपों पर सेंधमारी कर उपकरण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव रणमलपुर के जंगल में रविवार रात चोरों ने पांच किसानों के नलकूपों पर सेंधमारी कर हजारों रुपए कीमत के विद्युत उपकरण चोरी कर लिए है। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव रणमलपुर निवासी पीड़ित किसान कंवरपाल, राम अवतार, केहर सिंह, विनय कुमार तथा अंकित ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के जंगल में उनके खेत पर बिजली के नलकूप है। रविवार रात चोरों ने उनके नलकूप की दीवार उखाड़ कर स्टार्टर, कट आउट तथा केबिल आदि विद्युत उपकरण चोरी कर लिये है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# तुरंत भरवाएं बल्लियों से हुए गड्ढे: शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने कुम्हार हेड़ा से बड़ी नहर तक कांवड़ यात्रा मार्ग से हटायी गयी बल्लियों के स्थान पर बने गड्ढों को सीमेंट से तत्काल भरवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत लगी एलईडी स्क्रीन पर स्पीकर की सुविधा जोड़ने तथा स्क्रीन से राजस्व अर्जित करने के भी निर्देश दिए।



स्मार्ट सिटी सहारनपुर द्वारा संचा. लित आईसीसीसी (एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र) द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर की गयी विभिन्न विभागीय व्यवस्थाओं की निगरानी की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक में उक्त निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कांवड़ मार्ग पर विभिन्न विभागों द्वारा जो भी व्यवस्थाएं की गई, उनकी गहन समीक्षा करते हुए संभावित कमियों की पहचान की जाए तथा उन्हें समय रहते दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि आगामी वर्षों में इन कमियों को दूर कर संपूर्ण व्यवस्थाएं समुचित व प्रभावी रूप से लागू की जा सकें।

आईसीसीसी से प्राप्त मॉनिटरिंग रिपोर्ट में जिन व्यवस्थाओं में कमियां पाई गई, उनके सुधार हेतु संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही करने को कहा गया। आरसीसी द्वारा कांवड़ रुट पर भरे गए गड्ढों के दौरान फुटपाथ की टूटी टाइल्स की मरम्मत नहीं न करने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए आरसीसी पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। बिजली विभाग एवं नगर निगम को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

पुलिस विभाग से कहा गया कि वे सभी थानों से जानकारी संकलित करें कि भविष्य में उन्हें किस प्रकार के अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता हो सकती है, ताकि उसके लिए अग्रिम योजना बनाई जा सके।

बैठक में स्मार्ट सिटी,नगर निगम, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों को आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान आपसी समन्वय, तत्परता एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# नूर बस्ती में नाले का भव्य उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 54 नूरबस्ती में आज वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई जब क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने वाले एक बड़े नाले का भव्य उद्घाटन हुआ।



इस नाले का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद गुलशन कलीम ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पार्षद अहमद मालिक, पार्षद भूरा मालिक, पार्षद अहताशम मालिक, पार्षद खालिक, पार्षद परवेज, पार्षद मोहतशीम, पार्षद अमित मित्तल ने विशेष रूप से शिरकत की। इसके अतिरिक्त एस.सी. बंसल, के.पी. सिंह, योगेंद्र शर्मा, शकील सुनार, शौकत अली, छोटा मेहरबान, अनवर, शमशेर, बबलू, इब्दुर्रहमान और सईद समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व समाजसेवी उपस्थित रहे। पार्षद गुलशन कलीम ने इस अवसर पर नगर निगम के सभी प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से महापौर समेत निगम अधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस नाले के बनने से अब क्षेत्र में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। पार्षद ने वार्ड के सभी जिम्मेदार नागरिकों का भी सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि ष्आपके विश्वास और समर्थन से ही यह कार्य संभव हो सका है।

# स्कूलों के मर्जीकरण का जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डा.अंबेडकर स्टूडेंटस यूनियन ने सरकार द्वारा किये जा रहे सरकारी प्राइमरी स्कूलों के मर्जीकरण का विरोध जताते हुए कलैक्ट्रेट तक जुलूस निकाला और अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा।




यूनियन से जुडे लोग हकीकत नगर धरना स्थल पर एकत्र हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए जुलूस के साथ कलैक्ट्रेट पहुंचे। जहां संस्थापक रविंद्र कुलवंशी ने कहा कि यदि सरकार ने यह तानाशाही फैसला वापस न लिया तो यह गरीब, मजदूर परिवारों के मासूम बच्चों के भविष्य को पूरी तरह बर्बाद कर देगा। बच्चो की पढाई छूट जायेगी क्योंकि वह निजी स्कूलों की मंहगी फीस वहन नही कर सकते। संरक्षक दीपक जाटव ने कहा सरकार को चाहिये कि वह बंद किये गये सरकारी प्राइमरी स्कूलों को तत्काल पुन: बहाल करे अन्यथा अभिभावकों के साथ मिलकर बडा आंदोलन चलाया जायेगा। सचिव अमन कुमार ने छात्र-छात्राओं से आहवान किया कि वह एकजुट होकर शिक्षा बचाने की लडाई में शामिल हो।

इस दौरान बृजेश गौतम, प्रणव कुमार, करम सिंह जाटव, लोकेश भार्गव, पिंकू प्रधान, जोरी कुमार, अविश गौतम, सत्यवीर, अर्जुन सिंह, पीयूष गौतम, संजय माल्या एडवोकेट, अंजनी, सुमन, सरोज, रीना, वीरवली व मुनेश आदि भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# पार्षद गक्खड को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के अंर्तगत आम जनमानस पर अत्याधिक गृह कर एवं जल तथा सीवरेज कर लगाने का विरोध जताते हुए व्यापारियों ने पार्षद मुकेश गक्खड को ज्ञापन सौंपा।



सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल एवं केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि नगर निगम द्वारा व्यापारियों एवं आम जनमानस पर जीआईए सर्वे के आधार पर सैकडों गुणा अधिक कर लगाया जा रहा है। जबकि कुछ समय पूर्व ही नगर निगम द्वारा 125 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है। सहारनपुर का व्यापार पहले ही समाप्ति की ओर है ऐसे में यह वृद्धि व्यापारियों व आम जनमानस की कमर तोडने का काम कर रही है। इसकी आड में निगम के कर्मचारियों द्वारा टैक्स कम करने के लिये व्यापारियों से मोटी रकम वसूली जा रही है। जिससे निगम की छवि आम जनता की नजर में खराब हो रही है। व्यापारियों ने कहा कि व्यापार संगठन जीआईएस सर्वे व इसकी आड में किये जा रहे भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध कर रहा है। उन्होंने पार्षद से इस लडाई में सहयोग दिये जाने का आहवान किया। इस दौरान विवेक मनोचा, स.सुरेंद्र मोहन सिंह चावला, पुनीत चौहान, सुधीर मिगलानी, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# करेट रखने को लेकर विवाद

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर के पीठ मैदान में लगने वाली फ्रूट मंडी में आम बेचने लिए आये दो युवकों के बीच आम की करेट रखने को लेकर विवाद हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक सुबह के समय मंडी में आम बेचने आये शमशाद पुत्र इरफान निवासी ग्राम धतौली रांघड थाना कोतवाली देहात व शोएब पुत्र नसीम निवासी ग्राम डंडौली खेडा थाना चिलकाना के बीच आम की करेट रखने को लेकर कहासुनी हो गयी देखते ही देखते दोनों युवकों के बीच लात घूसे चलने लगे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो को समझाने का प्रयास किया लेकिन दोनों अपनी अपनी बात पर अडे हुए थे।थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों युवकों को थाना लाया गया था जिनके विरुद्ध शान्ति भंग करने की धारा के कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा

सप्ताहभर गतिरोध के बाद आखिरकार सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा हुई। चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जहां सरकार की तरफ से मोर्चा संभाला, तो वहीं विपक्ष की तरफ से कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने विशेष रूप से मोर्चा संभाला। चर्चा में भाग लेते हुए रक्षा मंत्री ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर किसी के दबाव में नहीं रोका गया। जबकि विपक्ष इस तरह का आरोप लगाता रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोका गया है। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि हमने सभी ऑपरेशन के लक्ष्य तय समय में हासिल किए और यह सारी प्रक्रिया आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति का हिस्सा है और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

मतलब साफ है कि अगर भविष्य में इस तरह के हालात पैदा होते हैं, तो भारत इस तरह की कार्रवाई करने में हिचकिचाएगा नहीं। रक्षा मंत्री ने यह भी साफ किया है कि भारत का इरादा कोई युद्ध लड़ने का नहीं था, बल्कि आतंकियों के ढांचे को नेस्तनाबूद करना था, जिसको हमारी सेना ने 22 मिनट में हासिल कर लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युद्ध रो. कने को लेकर कहा कि पाक की तरफ से सैन्य अभियान महा. निदेशक के स्तर पर संपर्क का आग्रह किया गया था। जिसमें कार्रवाई रोकने की बात कही गई थी। भारत ने यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार कर ली थी कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ तो अभियान फिर प्रारंभ होगा।

उन्होंने विपक्ष की इस बात को लेकर भी आलोचना की कि वह गैर जिम्मेदाराना सवाल उठाता रहा है, जिसमें भारत के कितने विमान गिरे यह सवाल भी है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों, तो छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी ऑपरेशन सिंदूर चर्चा पर हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत और पाक के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की। जाहिर है, ऐसा कहकर वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को ही आयना दिखा रहे थे, जो बार-बार युद्ध रोकने का श्रेय लेने की कोशिश करते रहे हैं। जयशंकर ने यह भी बताया कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद किस तरह के कदम पाक के विरुद्ध उठाए गए। विपक्ष की तरफ से गौरव गोगोई ने चर्चा में भाग लेते हुए सरकार पर कई सवाल दागे। पहला सवाल तो उनका यही था कि आखिर आतंकवादी भारत की धरती पर कैसे आए और वह एक घंटा तक घटना स्थल पर कैसे रहे। फिर वह कहां गायब हो गए। सौ दिन गुजर जाने के बाद भी आज तक उनके बारे में सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है। न ही उनकी जानकारी सरकार के पास है जिन्होंने आतंकवादियों की मदद की। सवाल माकूल भी है, जब तक आतंकवादी पकड़े नहीं जाते, तब तक भ्रम की स्थिति बनी ही रहेगी। साथ ही गोगोई का यह भी कहना था कि सरकार को बताना चाहिए कि जब पाकिस्तान घुटनों पर आ गया तो उसके साथ क्या डील हुई, उन्होंने तो यह भी पूछा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी जिससे युद्ध को रोका गया।

## परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा, सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया, हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया, हमने किसी के दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया, विपक्ष पूछ रहा है कि युद्ध में हमारे कितने फाइटर जेट गिरे, उन्होंने यह नहीं पूछा कि हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के कितने जेट गिराए, परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है, कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुमे, यह पूछना बेईमानी है, ऑपरेशन सिंदूर के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिए गए थे।

**-राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**

# संवादहीन संसद में सहमा लोकतंत्र और सत्ता का एकालाप





**वीरेश तरार**

**बहस करने की बजाय, संसद को कुशलता से चलाने की बजाय, सांसदों को निष्कासित कर देना संसदीय गरिमा का अपमान है। यह परंपरा नहीं, अराजकता है और तो और, एक ऐतिहासिक विस्मृति के रूप में यह घटना भी दर्ज हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी होते हैं, उनके खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा की। यह इस बात का संकेत है कि संसद के उच्च सदन में भी अब असहमति के लिए कोई सम्मान नहीं बचा।**

भारत का लोकतंत्र बहुमत से नहीं, संवाद से चलता है। संसद केवल बहुमत की गिनती का मंच नहीं, बल्कि विचारों की परख, नीतियों की बहस और जनमत की अभिव्यक्ति का पवित्र स्थल है, किन्तु दुर्भाग्यवश, बीते कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि बहुमत के अहंकार ने संवाद की संस्कृति को हाशिए पर डाल दिया है। न सत्तापक्ष सुनना चाहता है, न विपक्ष को बोलने दिया जाता है। संसद की कार्यवाही सुचारू नहीं, बल्कि रणनीतिक बन गई है, जहां विपक्ष की हर आलोचना देशद्रोह का पर्याय बना दी जाती है, और बहुमत का हर निर्णय अंतिम सत्य मान लिया जाता है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने संसद को एक ऐसा मंच माना जहां उन्हें आलोचना सुननी हो, तो वे पूरे धैर्य से सुनें। प्रत्यक्षम् किम् प्रमाणम् , प्रचंड बहुमत होते हुए भी विपरीत विचारधारा और मुखर वक्तव्य शैली के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उन्होंने ना केवल अपने मंत्रीमंडल में शामिल किया वरन् उनकी कही बातों का संज्ञान भी लिया। एक बार जब राममनोहर लोहिया ने बेहद तीखी भाषा में सरकार की नीतियों की आलोचना की, तो नेहरू ने उन्हें बोलने से नहीं रोका, बल्कि कहा कि आलोचना लोकतंत्र का प्राण है। अगर मैं आलोचना नहीं सुन सकता, तो मुझे यहां नहीं होना चाहिए। यह कथन न केवल उनकी राजनीतिक परिपक्वता दर्शाता है, बल्कि उस समय की लोकतांत्रिक संस्कृति से हमारा परिचय भी कराता है, लेकिन वर्तमान समय में संसद में जो दृश्य देखने को मिलते हैं, वे लोकतंत्र के लिए चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। जिस संसद को सरकार और विपक्ष मिलकर चलाते हैं, वह अब टकराव का अखाड़ा बनती जा रही है।

सत्तापक्ष संवाद की बजाए, संख्याबल पर निर्भर हो गया है और विपक्ष अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने को विवश है। इस प्रक्रिया में सबसे अधिक नुकसान उस लोकतंत्र को हो रहा है जिसे जनता ने अपने मत से चुना था। इसी संदर्भ में तीन कृषि कानूनों का प्रसंग हमारे सामने एक जीवंत उदाहरण के रूप में खड़ा है। बिना पर्याप्त बहस, बिना किसी संसदीय समिति में भेजे और बिना विपक्ष की सहमति या जन-संवाद के, तीन महत्वपूर्ण कानून संसद में पारित कर दिए गए। जिनका सीधा असर देश के लगभग पचास प्रतिशत किसानों पर पड़ना था, उनकी आवाज तक को न सुना गया। न कोई संसद में विस्तृत बहस हुई, न किसानों के संगठनों को विश्वास में लिया गया। परिणाम यह हुआ कि देश के किसान एक वर्ष से अधिक समय तक सड़कों पर रहे, सैकड़ों जानें गईं, और अंततः सरकार को कानून वापस लेने पड़े। यह केवल नीति की हार नहीं थी, यह संवादहीन शासन के पतन का प्रतीक था। इसी दौर में संसद के अंदर और बाहर कई ऐसी घटनाएं हुईं जिन्होंने लोकतंत्र की नींव को झकझोर दिया। कई बार विपक्ष के सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। केवल इसलिए कि उन्होंने अपनी बात रखने की कोशिश की।

बहस करने की बजाय, संसद को कुशलता से चलाने की बजाय, सांसदों को निष्कासित कर देना संसदीय गरिमा का अपमान है। यह परंपरा नहीं, अराजकता है और तो और, एक ऐतिहासिक विस्मृति के रूप में यह घटना भी दर्ज हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी होते हैं, उनके खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा की। यह इस बात का संकेत है कि संसद के उच्च सदन में भी अब असहमति के लिए कोई सम्मान नहीं बचा। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक संकेत है। संसद के इतिहास में ऐसा भी समय रहा है जब इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल लागू कर देश की संवैधानिक संस्थाओं को लगभग ठप कर दिया। संविधान संशोधन के माध्यम से ऐसा बदलाव लाया गया जिसने संविधान की आत्मा को ही झकझोर दिया। उस समय भी संसद को महज एक औपचारिक मुहर बना दिया गया। लेकिन जनता ने इसका जवाब दिया और आपातकाल के बाद के चुनावों में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हुई।

उसी प्रकार जब अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने विपक्ष को हमेशा सुना। बहुमत न होने के बावजूद, उन्होंने संवाद को कभी छोड़ा नहीं। विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को गंभीरता से लिया गया, नीतियों में समावेश किया गया। मनमोहन सिंह, सोमनाथ चटर्जी जैसे विपक्षी नेताओं की बातें ध्यान से सुनी जाती थीं। संसद में बहस होती थी, तीखी आलोचना होती थी, पर लो. कतंत्र चलता था। संसद, संसद की तरह चलती थी। आज उस परंपरा का पतन हो रहा है। संसद का मानसून सत्र कई बार बिना किसी कार्यवाही के समाप्त हो जाता है क्योंकि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता या विपक्ष केवल वाकआउट तक सीमित रह जाता है। विधेयक बिना चर्चा पारित हो जाते हैं। संसदीय समितियों का महत्व कम हो गया है। विधाई प्रक्रिया में जनता की भागीदारी लगभग समाप्त हो चुकी है। आज जरूरत है उस संस्कृति की पुनः स्थापना की, जहां बहस हो, असहमति हो, संवाद हो, संशोधन हो, और सबसे जरूरी सहमति हो। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है, वह सत्ता चलाने की जिम्मेदारी है कृ सबको साथ लेकर, सबकी सुनकर। संसद में बहुमत का अर्थ केवल विधेयक पारित कराना नहीं, बल्कि सहमति बनाना होना चाहिए। यदि संसद में संवाद खत्म हो गया, तो लोकतंत्र केवल एक ढांचा बनकर रह जाएगा कृ जिसमें आत्मा नहीं होगी। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, वैकल्पिक सोच प्रस्तुत करना है। और सत्ता का धर्म है, उस विरोध को सुनना। एक स्वस्थ संसद वही है, जिसमें बहस होती हो, न की जिसमें बहुमत का शोर सुनाई दे।

आज के समय में जब राजनीति संवाद से अधिक प्रचार की ओर बढ़ रही है, तब यह लेख एक स्मरण है कि भारत का लोकतंत्र बहस, संशोधन और सहमति से चलता है। संसद केवल बहुमत की गिनती का नाम नहीं, बल्कि देश की आत्मा की अभिव्यक्ति है। और यदि वह आत्मा मौन हो गई, तो लोकतंत्र केवल दिखावा बन जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समय के साथ अंतरिक्ष में भारत का बढ़ता कद

इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी, लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब मांगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए, मरम्मत पर जोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ एक मिशन की रक्षा की बल्कि एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के जरिए कक्षा में पहुंचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह कृन सिर्फ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए।

यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहां पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहां यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।

इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययनकृइन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज में सहायक हो सकता है। शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएं अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। यह निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा। अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि ये ऐसे जीव हैं, जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें।

यहां तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है -जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है। यह कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। यह समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता हैकृचाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।

इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा जोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहां भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है। पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे। शुक्ला अब लौट आए हैं और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी।

**-डा. जितेंद्र सिंह**

(लेखक केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री हैं)

# अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति की दिशा में मध्य एशिया



**तनवीर जाफरी**

इस्राईल को लंबे समय से मिल रहे अमेरिकी संरक्षण से वैसे तो पूरी दुनिया भली भांति वाकिफ है परन्तु अब इस अमेरिकी संरक्षण के चलते इस्राईल खासतौर से गजा में जिसतरह मानवता की लगातार बर्बर हत्या करता जा रहा है उसे देखकर दुनिया के अधिकांश देश न केवल इस्राईल के खिलाफ होते जा रहे हैं बल्कि उन्हें इस्राईल को दिया जाने वाला अमे. रिकी संरक्षण भी अब रास नहीं आ रहा है। वास्तव में शांतिप्रिय मध्य एशिया में तबाही,बर्बादी व अशांति की इबारत लिखने वाला अमेरिकी संरक्षित इस्राईल ही है।



7 अक्टूबर 2023 को जब से दक्षिणी इस्राइल पर हमास द्वारा हमले किए गए और 251 लोगों को बंधक बनाया गया उसके बाद इस्राईली सेना (आईडीएफ) ने हमास की आतंकी कार्रवाई के जवाब में जिस तरह गजा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की और आज तक जारी है उसने इस्राईल व अमेरिका के अमानवीय चेहरे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। गजा में बर्बरता और अत्याचार की हर सीमाओं को इस्राईल पार कर चुका है। रिहाइशी बस्तियों अस्पतालों स्कूलों शरणार्थी कैंपों धर्मस्थलों आदि को खंडहर बनाने के बाद अब भूखे निहत्थों को मार रहा है।

खबर है कि गजा में गजा ह्यूमनटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) की ओर से बांटा जा रहा खाना बहुत कम लोगों तक पहुंचने के कारण वहां भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कई बार ऐसी अमानवीय घटना भी घटी कि जब जीएचएफ के भोजन वितरण केंद्र पर मदद लेने के लिए भूख से तड़पते बच्चे व महिलाएं भोजन की खातिर आकर लाइन में लगे उसी समय उन पर इसरा. इली सुरक्षा बलों ने गोलियां चला दीं जिससे दर्जनों लोग मरे गए। कई बार इस्राईली सुरक्षा बलों द्वारा भूखे शरणार्थियों को खाना देने के लिए बुलाया गया, बाद में लाइन में खड़े होने के बाद उनपर गोलीबारी कर अनेक लोगों की हत्या कर दी गई।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार पिछले दो महीनों में भोजन हासिल करने की कोशिश कर रहे एक हजार से अधिक फिलस्तीनी, इस्राईली हमलों में मारे जा चुके हैं। इनमें से कम से कम 766 लोगों की मौत उन चार वितरण केंद्रों के आसपास हुई है, जिन्हें जीएचएफ संचालित करता है। इसके अलावा 288 लोगों की मौत संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता केंद्रों के पास हुई है। सौ से अधिक सहायता संगठनों और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि गजा में बड़े पैमाने पर मानव जनित भुखमरी फैल रही है। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन हालात के लिए इस्राईल को जिम्मेदार ठहराया है क्योंकि वही फिलस्तीनी क्षेत्रों में भेजी जाने वाली सप्लाई को नियंत्रित करता है।

आम लोग ही नहीं बल्कि गजा में युद्ध की रिपोर्टिंग करने वाले अनेक स्थानीय व विदेशी पत्रकार व उनका परिवार भी भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। कुछ पत्रकार तो इस हद तक असहाय हो चुके हैं कि वे अपने मासूम असहाय बच्चों व परिवार के लिए भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। गजा में काम करने वाले कुछ पत्रकार तो अपनी जान की बाजी लगाकर लाइनों में लगकर चौरिटी किचन से खाना ले रहे हैं। उनके बच्चे दिन में सिर्फ एक बार दाल, चावल या पास्ता खा कर गुजारा करने को मजबूर हैं। कुछ पत्रकारों ने तो यहां तक बताया कि उन्होंने भूख दबाने के लिए नमक मिला पानी पीना शुरू कर दिया है। जरा सोचिए जिन पत्रकारों की बदौलत दुनिया को इस्राईली सेना के जुल्म और गजा के लोगों की बेबसी व बर्बादी की खबर सुनाई व दिखाई देती थी अगर वही पत्रकार व उनका परिवार सुरक्षित नहीं रहेगा तो अमेरिकी संरक्षित इस्राईल के काले करतूत दुनिया तक कैसे पहुंचेंगे?

इन्हीं हालात में अनेक अंतर्राष्ट्रीय राहत संगठन और मानवाधिकार समूह बड़े पैमाने पर भुखमरी फैलने की चेतावनी दे रहे हैं। एक ओर तो इस्राईल-अमेरिका फिलिस्तीनियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले हमास को आतंकी संगठन बताकर उसकी आड़ में पूरे फिलिस्तीन पर नियंत्रण हासिल करने की फिराक में है तो दूसरी ओर यही इस्राईल-अमेरिकाअहमद हुसैन अल-शरा, जिसे अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है, को सीरिया में बशर अल असद का तख्ता पलटकर उसे अंतरिम राष्ट्रपति बना देता है। यह वही जुलानी है जिस पर कुछ समय पहले तक अमेरिका ने दस मिलियन डॉलर का ईनाम घोषित कर रखा था, क्योंकि वह अलकायदा से जुड़ा था। 2017 में उसने अन्य कई आतंकी संगठनों के साथ मिलाकर हयात तहरीर अल-शाम HTS नामक संगठन बना लिया था। अमेरिका ने HTS को आतंकी लिस्ट में भी रखा था। अब अमेरिका ने उसके संगठन HTS को आतंकी लिस्ट से भी हटा दिया है। गोया जो व्यक्ति अमेरिका के हर विभाजनकारी इरादों में साथ रहे वह उसके लिए आतंकवादी नहीं और जो उसके और इजरायल के खिलाफ हो या अपनी स्वतंत्र नीति रखता हो वह आतंकवादी घोषित हो जाता है चाहे वह ईरान जैसा संप्रभुता संपन्न राष्ट्र ही क्यों न हो?

बहरहाल, अमेरिका को सर्वशक्तिमान मानने वाले व अमेरिकी रहम ो करम पर जीने वाले कुछ अमेरिकी पिठू देशों की शासकों व तानाशाहों की बात छोड़ दें तो पूरा विश्व खासकर मध्य एशियाई देश इस बात को समझ चुके हैं कि अब समय आ गया है कि किसी भी तरह इस्राईल को सबक सिखाया जाए और मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति दिलाई जाए। ईरान का भय दिखाकर सुन्नी शिया मतभेदों को बढ़ावा देना दरअसल अमेरिका की सुन्नी देशों के प्रति हमदर्दी नहीं बल्कि एक बड़ी चाल है जिसे मुस्लिम जगत अब बखूबी समझ चुका है। मुस्लिम जगत जुलानी की आड़ में सीरिया को बर्बाद करने की साजिश को भी समझ रहा है।परन्तु खबर यह भी है कि सीरियाई जनता भी अमेरिका इस्राईल के सीरिया के प्रति नापाक इरादों को भांप कर एकजुट होने लगी है। मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिका से मुक्त कराने के शुरुआत संकेत मिलने लगे हैं। ईरान ने गत 23 जून को कतर की राजधानी दोहा स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद एयरबेस पर मिसाइलें दाग कर तथा इराक और सीरिया में भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे मध्य एशियाई क्षेत्रों में सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही इराकी प्रतिरोध समूहों, विशेष रूप से कताइब हिजबुल्लाह, ने इराकी सरकार को यह चेतावनी जारी कर दी है कि वह अमेरिकी सेना को दो महीने के भीतर बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और ऐन अल-असद बेस जैसे इराकी सैन्य ठिकानों, से पूरी तरह से हटने के लिए कहे। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी को इस संबंध में पहले से सहमति के आधार पर कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था और अब केवल दो महीने बचे हैं यानी सितंबर 2025 के अंत तक अमेरिका को इराक छोड़ने की चेतावनी दे दी गई है। इस चेतावनी में यह भी कहा गया है कि अगर यह कार्रवाई समय सीमा में पूरी नहीं हुई, तो उनकी अलग राय होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा में भुखमरी भयावह: डोनाल्ड ट्रम्प का इजरायल को कड़ा संदेश, 'तुरंत फैसला लो'

## इजरायल का बड़ा हमला, 34 की मौत, मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल, कई घायल





**गाजा/एडिनबरा/तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के चलते गाजा में दिन-प्रतिदिन संकट और गहराता जा रहा है। उधर, इजरायल के हमले कम होने के नाम नहीं ले रहे है। ताजा घटनाक्रम की बात करें तो इजरायल ने सोमवार को गाजा में जोरदार हमला किया। इस हमले में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

यह हमला उस समय हुआ जब इजरायल ने एक दिन पहले ही कुछ इलाकों में हर दिन 10 घंटे के लिए सैन्य कार्रवाई रो. कने की घोषणा की थी ताकि मानवीय मदद बेहतर ढंग से पहुंच सके। इजरायली सेना ने बताया था कि गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी इलाके में हर दिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी। इसका मकसद था भूख से जूझ रहे लोगों तक सुरक्षित रास्तों से राहत सामग्री पहुंचाना। हालांकि इजरायल ने ये भी साफ कर दिया कि वह सैन्य अभियान पूरी तरह नहीं रोकेगा। सोमवार को जो हमले हुए, वे उसी 10 घंटे की राहत अवधि से बाहर किए गए। इस पर अभी तक इजरायली सेना की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। वहीं मामले में केंद्रीय गाजा औदा अस्पताल ने कहा कि उन्हें सात लोगों के शव मिले, जो एक अमेरिकी-इजरायली मदद केंद्र के पास इजरायली गोलीबारी में मारे गए।

20 लोग घायल भी हुए हैं। मुवासी इलाके में एक घर पर हमले में गर्भवती महिला सहित 12 लोग मारे गए। डाक्टरों ने जटिल आपरेशन के बाद महिला के गर्भस्थ शिशु को बचा लिया। वहीं खान यूनिस शहर के जापानी मोहल्ले में दो-मंजिला मकान पर हुए हमले में 11 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। गाजा में भूख और कुपोषण की स्थिति दिन-ब-दिन खराब हो रही है। मामले में राहत एजेंसियों ने कहा है कि इजरायल की नई मदद नीति सही दिशा में कदम जरूर है, लेकिन अब भी यह पर्याप्त नहीं है। दुनिया भर में भूखे और कुपोषित बच्चों की तस्वीरों पर भारी नाराज़गी देखी जा रही है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला कर 1200 लोगों की हत्या की थी और 251 लोगों को बंधक बना लिया था। जवाब में इजरायल ने भारी सैन्य कार्रवाई शुरू की, जिसमें अब तक 59800 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फलस्वरूप गाजा में भुखमरी का संकट और गहराता जा रहा है। इजरायल का कहना है कि हमास अब भी 50 बंधकों को पकड़े हुए है, जिनमें से आधे से ज्यादा मारे जा चुके हैं। वहीं इजरायल ने हमास के

### गाजा में इजरायल ने पहली बार मदद पहुंचाई, आटा चीनी व रेडीमेड फूड के पैकेट गिराए

खिलाफ जंग के बाद पहली बार गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने आटा, चीनी, दवाई और डिब्बाबंद खाना गाजा में हवाई मार्ग से पहुंचाया। यह कदम अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उठाया गया। वहीं, इजरायल ने गाजा के कुछ हिस्सों में सीजफायर और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने का भी ऐलान किया ताकि वहां की जनता को मदद पहुंचाई जा सके। मार्च से मई तक इजरायल ने गाजा में बाहरी सहायता पर रोक लगा दी थी। अब इजरायल का कहना है कि वह यूएन की सहायता वितरण में रुकावट नहीं डाल रहा। गाजा में इजरायल-हमास जंग को शुरू हुए 22 महीने हो चुके हैं। अब तक इस लड़ाई की वजह से 124 लोग भूख से मारे गए हैं, जिनमें से 81 बच्चे हैं। जुलाई महीने में ही भूख से 40 लोगों की मौत हुई, जिनमें 16 बच्चे हैं। इसी बीच गाजा में जंग से फैली भुखमरी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार बयान दिया है।



शिमला। बारिश के दौरान छाता लगाकर पैदल जाते यात्री।

## अमेरिका और यूरोपीय संघ में हुआ व्यापार समझौता

**लंदन।** अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) में व्यापार को लेकर सहमति बन गई है। दोनों ने एक बैठक के बाद तय किया कि अमेरिका, ईयू के कई उत्पादों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगा सकेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को हुई बैठक के बाद यह ऐलान किया। यह घोषणा स्कॉटलैंड में हुई बातचीत के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में की गई। दोनों नेताओं ने इस समझौते को 'व्यापार संतुलन' बहाल करने और अधिक न्यायसंगत कारोबार को बढ़ावा देने वाला बताया। ट्रंप ने प्रेस वार्ता में दावा किया कि यह समझौता अमेरिकी कारों को यूरोपीय बाजार में दोबारा प्रवेश करने और ईयू में कृषि निर्यात को सरल बनाएगा। दवाईयां इस समझौते से बाहर हैं, जबकि ईयू से अमे. रिका को निर्यात होने वाले स्टील और एल्युमीनियम पर मौजूदा 50 प्रतिशत शुल्क लागू रहेंगे। विदित हो कि इससे पहले तक ईयू से अमेरिका को निर्यात होने वाली कारों पर पहले ढाई प्रतिशत टैक्स था जो अब बढ़कर 15 फीसदी हो जाएगा। यह समझौता अमे. रिका को ईयू उत्पादों पर व्यापक रूप से 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंकाक में गोलीबारी में छह लोगों की मौत

**बैंकाक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में सोमवार को गोलीबारी की एक घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया थाईराथ ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी में जिन लोगों की मौत हुई उनमें चार लोग बाजार के सुरक्षाकर्मी थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमलावर ने बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना में कुल छह लोग मारे गए, जिसमें हमलावर भी शामिल है।

### ट्रक-बस की टक्कर में 16 लोगों की मौत, 51 घायल

**कोटे डी आइवर।** आइवरी कोस्ट में एक ट्रक और बस के बीच हुई टक्कर में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 51 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी देश के परिवहन मंत्रालय ने सोमवार को दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह दुर्घटना एक सार्वजनिक परिवहन बस और एक ट्रक के बीच हुई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, 16 लोगों की मौत हो गई और 51 घायल हो गए।

### जर्मनी में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन की मौत, कई घायल

बर्लिन। दक्षिणी जर्मन राज्य बाडेन-वुर्टेमबर्ग में रविवार शाम एक ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। यह दुर्घटना रीडलिंगन शहर के पास उस समय हुई जब ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। पुलिस के एक बयान के अनुसार, स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर एक कमांड सेंटर स्थापित किया है और बचाव कर्मियों को तैनात किया है।

### इराक: बंदूकधारियों के हमले में दो लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में रविवार को कृषि मंत्रालय के कार्यालय पर सशस्त्र बंदूकधारियों के हमले में एक पुलिस जवान और एक नागरिक की मौत हो गई। इराकी गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि नवनियुक्त निदेशक की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक के दौरान बंदूकधारियों के एक समूह ने कार्यालय को निशाना बनाकर गोलीबारी की। इस बीच गोलियों की आवाज सुनकर वहां पहुंचे अन्य पुलिसकर्मियों पर की गई गोलीबारी में एक जवान की मौत हो गई।

## कंबोडिया ने की थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है।

चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर आज शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की दोनों देशों के बीच

■ अमेरिका और चीन ने मध्यस्थता की, जंग में अब तक 30 से ज्यादा मौतें

सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं। मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन एएसईएएन की अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान काम है, क्योंकि उन्होंने पहले भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद भी सुलझाया है।

## हूतियों ने इजरायली जहाजों को निशाना बनाने की दी धमकी

**सना।** यमन के हूती सशस्त्र समूह ने रविवार देर रात चेतावनी दी है कि वह किसी भी गंतव्य की ओर जा रहे इज़राइल से जुड़े सभी विदेशी जहाजों को निशाना बनाना शुरू करेगा। समूह ने यह बयान गाजा के खिलाफ इज़राइल की 'नाकाबंदी के बाद वहां व्याप्त भुखमरी' का बदला लेने के लिए दिया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में कहा इस कार्रवाई में इज़राइली बंदरगाहों से जुड़े किसी भी कंपनी के सभी जहाजों को निशाना बनाना शामिल है फिर चाहे उनकी राष्ट्रीयता कुछ भी हो। वे जहां कही भी हमारी सेना की पहुंच में आए, हम उन्हें निशाना बनाएंगे।

## भारतीय डॉक्टरों को यूनुस का सलाम

### बांग्लादेश प्लेन क्रैश-तीन देशों की टीम से मिले

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतं. रम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने भारत, चीन और सिंगापुर के डाक्टरों की टीमों से मुलाकात की। उन्होंने ढाका प्लेन क्रैश में घायल हुए लोगों की मदद के लिए डाक्टरों का धन्यवाद दिया।

यूनुस ने कहा कि ये टीमें सिर्फ अपनी स्किल्स नहीं, दिल भी साथ लेकर आई हैं। यह मुलाकात स्टेट गेस्ट हाउस जमुना में हुई। यूनुस से मिलने वाले डेलीगेशन में 21 डाक्टर और नर्स शामिल थीं। ये टीम ढाका में प्लेन क्रैश के पीड़ितों का इलाज कर रही हैं। इनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं। भारत ने हादसे के

■ कहा: आप सिर्फ स्किल नहीं दिल भी साथ लाए

■ यूनुस से मिलने वाले डेलीगेशन में 21 डाक्टर व नर्स शामिल थे, इनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं



पीड़ितों की मदद के लिए डाक्टरों और नर्सों की एक विशेष मेडिकल टीम के साथ चिकित्सा उपकरणों की खेप भेजी है। राजधानी ढाका में 21 जुलाई को वायुसेना का एक ट्रेनी विमान माइलस्टोन स्कूल पर क्रैश हो गया था। हादसे में 31 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 28 छात्र, 2 स्कूल स्टाफ और पायलट शामिल हैं। इसके अलावा 165 घायल हुए। इनमें से 78 की हालत गंभीर है। क्रैश हुआ फाइटर जेट चीन में बना एफ-7बीजीआई था। हादसा सोमवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। उस समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने कहा-दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई। पायलट ने विमान को आबादी से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन यह माइलस्टोन स्कूल कैम्पस से टकरा गया। सोमवार को स्कूल के ऊपर वायुसेना का ट्रेनर विमान एफ-7बीजीआई गिर गया, जिसके बाद स्कूल परिसर में विमान का मलबा बिखर गया। हादसे में पायलट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम की मौत हादसे में विमान के पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम मारे गए।

## चीन में महिलाओं से संबंध रखने पर महंत बर्खास्त

### शाओलिन मंदिर के प्रमुख पर कई बच्चे पैदा करने का आरोप, बौद्ध संघ ने मान्यता की रद्द

बीजिंग। चीन के मशहूर शाओलिन मंदिर के प्रमुख महंत शी योंगक्सिन को बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर मंदिर की संपत्ति और फंड के गबन, कई महिलाओं से अवैध संबंध रखने और नाजायज बच्चों के पिता होने जैसे संगीन आरोप लगे हैं।

चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं। इस बीच चीन के बौद्ध संघ ने सोमवार को उनका दीक्षा प्रमाणपत्र छीन लिया है। संघ ने अपने बयान में कहा कि शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। महंत की गतिविधियां बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन मानी जा रही हैं। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने कहा है कि जो भी जानकारी सामने आएगी, उसे समय-समय पर जनता के साथ साझा किया जाएगा। शाओलिन मंदिर सेंट्रल चाइना के हेनान प्रांत की पहाड़ियों में स्थित है। 1500 साल पुराना यह मंदिर सिर्फ धार्मिक कारणों से ही नहीं बल्कि अपनी मार्शल आर्ट परंपरा खासकर कुंग फू के लिए दुनियाभर में मशहूर है। हर साल देश-विदेश से लाखों लोग इस बौध धर्म के इस मंदिर को देखने आते हैं। शी योंगक्सिन 1999 से शाओलिन मंदिर के मठीधीश हैं। उन्होंने इस मंदिर को एक तरह से आधुनिक बिजनेस माडल में बदल दिया, जिसके चलते उन्हें 'सीईओ मोंक' कहा जाने लगा। उनके नेतृत्व में मंदिर ने विदेशों में स्कूल खोले और मोंक (भिक्षुओं) का एक ग्रुप बनाया जो दुनियाभर में शाओलिन कुंग फू शो करता है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब योंगक्सिन विवादों में आए हैं।

सबसे पहले साल 2006 में एक स्थानीय सरकार ने उन्हें लगभग 1 मिलियन युआन (करीब+125,000) मूल्य की एक वोक्सवैगन एसयूवी उपहार में दी थी। तब माना गया कि शी ने स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद की थी, जिससे खुश होकर सरकार ने उन्हें यह गिफ्ट किया है। हालांकि तब योंगक्सिन ने इसे एक गिफ्ट बताया और कहा कि उन्होंने कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं लिया गया।



■ कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं

■ शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है: बौद्ध संघ

## जयशंकर ने द. कोरियाई विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के नवनियुक्त विदेश मंत्री चो ह्यून से सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान परस्पर संबंधों को मज़बूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। चो ह्यून को पिछले सप्ताह ही कोरिया का नया विद. ेश मंत्री नियुक्त किया गया था। डा. जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज सुबह कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्री चो ह्यून से बात करके अच्छा लगा। उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने पर चर्चा की। दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री के साथ पहली बार बातचीत की।

## तुर्की ने अपने सबसे शक्तिशाली बम किए टेस्ट

**अंकारा।** तुर्की ने अपने सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम जीएजेडएपी और एनईबी-2 घोस्ट का सफल परीक्षण किया है। तुर्की ने इस्तांबुल में आयोजित 17वें इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर (आईडीईएफ) 2025 फेयर के दौरान 26-27 जुलाई को इस बम के टेस्ट का वीडियो जारी किया।

दोनों बम 970 किलोग्राम (लगभग 2,000 पाउंड) वजनी हैं। इसे तुर्की के रक्षा मंत्रालय के अनुसंधान और विकास (आर-डी) केंद्र ने डिजाइन किया है। जीएजेडएपी थर्मोबैरिक वारहेड से लैस है। ये बम एफ-16 फाइटर जेट से गिराए जा सकते हैं। फुटेज से पता चलता है कि यह बम सैकड़ों वर्ग मीटर के क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसमें 10 हजार विशेष कण हैं, जो विस्फोट के बाद 10.6 कण प्रति वर्ग मीटर की दर से फैलते हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों बम के सभी परीक्षण पूरे हो चुके हैं और अब यह उपयोग के लिए तैयार है। तुर्की ने एनईबी-2 घोस्ट बम का परीक्षण किया है। ये जमीन के नीचे 295 फीट तक जाकर हमला करता है। तुर्की ने इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर में बम के टेस्ट का वीडियो जारी किया है। इसमें बम को सटीक निशाना लगाते देखा जा सकता है। बमों को बंकरों और मजबूत संरचनाओं को तबाह करने के लिए बनाया गया है।

**GAZAP और NEB-2 घोस्ट बम 970 किलो वजनी, एफ-16 फाइटर जेट से गिराए जा सकते हैं**

## सनी देओल ने दलाई लामा से की मुलाकात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है। सनी देओल ने लद्दाख की यात्रा के दौरान तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है। सनी देओल ने कहा कि दलाई लामा की मौजूदगी, उनकी बुद्धिमानी और आशीर्वाद से मन को काफी सुकून और शांति महसूस हुई गई है। सनी ने दलाई लामा के साथ जो तस्वीर इंस्टाग्राम पर डाली है, उसमें वह उनके सामने आदर से झुकते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही दलाई लामा सनी के हाथों को बड़े प्यार से अपने माथे पर लगाते हुए दिख रहे हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा की फोटो शेयर करते हुए लिखा, यह एक सम्मान और आभार से भरा पल था। लद्दाख की शांत वादियों में यात्रा करते समय मेरी मुलाकात परम पूज्य दलाई लामा से हुई। उनकी मौजूदगी, समझदारी भरी बातें और आशीर्वाद से मन को सुकून और शांति मिली। इस पल को मै कभी नहीं भूल सकता।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट